www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

20 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 11, अंक 32


अल फलाह के मालिक ने धोखा देकर चार सौ करोड़ से ज्यादा की कमाई की, विदेश भागने का खतराः इडी








### बिहार में एक हाथ से इस्तीफा, दूसरे हाथ से दावा पेश

# आज 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे नीतीश

- गांधी मैदान में आज 11.30 बजे शपथ ग्रहण समारोह
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 11 राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
- नीतीश को एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया
- सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया
- विजय सिन्हा को विधानमंडल का उपनेता बनाया गया
- शपथ समारोह में 150 मेहमानों को भी निमंत्रण भेजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को वे 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ समारोह सुबह 11.30 बजे गांधी मैदान में होगा। समारोह के लिए 2 मंच बनाये गये हैं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी समेत 11 राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। साथ ही 150 मेहमानों को भी निमंत्रण भेजा गया। इससे पहले बिहार विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, सुबह 11 बजे पटना के भाजपा कार्यालय में



विधायक दल की बैठक हुई। इसमें सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया है। विजय सिन्हा को विधानमंडल का उपनेता चुना गया है। मतलब सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा दोनों डिप्टी सीएम होंगे। जानकारी के मुताबिक, नीतीश के साथ-साथ सम्राट और विजय सिन्हा भी डिप्टी सीएम की शपथ ले सकते हैं। इससे पहले भाजपा विधायक दल और जदयू की अलग-अलग बैठक हुई। भाजपा मे सम्राट चौधरी को और जदयू में नीतीश कुमार को नेता चुना गया।

### प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की

# ... बिहार की हवा यहां मेरे आने से पहले पहुंच गयी

- नौ करोड़ किसानों के खाते में 18000 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर
- नेचुरल फार्मिंग पर जोर दिया


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की। उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर से देशभर के करीब नौ करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 18000 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर किये। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। किसानों को 10 लाख करोड़ रुपये की मदद भी दी गयी है। उन्होंने नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि नेचुरल फार्मिंग से हमारा एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट दो गुना हुआ है। मोदी ने कहा कि जब मैं मंच पर आया तो काफी किसान गमछा घुमा रहे थे, मुझे लगा बिहार की हवा यहां मेरे आने से पहले पहुंच गयी है। किसान सम्मान निधि योजना के तहत छोटे किसानों को एक साल में 2-2 हजार रुपये की तीन किस्तें (कुल 6000 रुपये) दी जाती हैं। यह राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है।



#### नेचुरल फार्मिंग मेरे दिल के करीब

मोदी ने कहा कि कोयंबटूर का टेक्सटाइल सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदानदाता है। नेचुरल फार्मिंग मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं तमिलनाडु के सभी किसानों को शुभकामनाएं देता हूं। कोई मैकेनिकल इंजीनियरिंग और पीएचडी करके खेती कर रहा है। कोई नासा में काम करते हुए खेती कर रहा है और अन्य किसानों को ट्रेंड कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साल पहले सरकार ने नेचुरल किसान और नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत की, जिससे कई किसान जुड़ चुके हैं। तमिलनाडु में ही 35 हजार हेक्टेयर पर नेचुरल फार्मिंग हो रही है।



### राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों ने लिखा खुला पत्र

# चुनाव आयोग की छवि बिगाड़ने का आरोप

- पत्र में राहुल और कांग्रेस की आलोचना की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और नौकरशाहों ने बुधवार को एक खुला पत्र जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गयी है। पत्र में 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त नौकरशाह (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।



इन रिटायर्ड जजों और नौकरशाहों ने पत्र में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है। पत्र में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है। दरअसल, राहुल गांधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कांफ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की 'बी टीम' भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था।

# झारखंड में नौकरियों की बहार

### मुख्यमंत्री 28 नवंबर को 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा करने जा रही हैं। इस मौके पर सरकार युवाओं के लिए खुशखबरी लेकर आयी हैं। सरकार ने राज्य में रोजगार सृजन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 28 नवंबर को लगभग 10 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने का निर्णय लिया है। रांची के मोरहाबादी मैदान में इसके लिए आयोजन होगा।




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। यह आयोजन 'आपकी योजना-आपकी सरकार' अभियान के समापन अवसर पर होगा। सरकार की इस नियुक्ति प्रक्रिया में सबसे अधिक लाभ शिक्षकों को मिलने जा रहा है। करीब 8 हजार सहायक आचार्यों सहित विभिन्न विभागों के लगभग 10 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे। इसमें जेपीएससी से सिविल सेवा परीक्षा द्वारा चयनित 342 अभ्यर्थी, दंत चिकित्सक और अन्य विभागों के चयनित उम्मीदवार भी शामिल होंगे।

## तदाशा मिश्रा को डीजी रैंक में प्रोन्नति



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड की प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्रा को डीजी रैंक में प्रोन्नति दे दी गयी है। 1994 बैच की वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा लंबे समय से राज्य पुलिस सेवा में महत्वपूर्ण दायित्व निभा रही हैं। इस पदोन्नति के बाद झारखंड पुलिस में डीजी रैंक के अधिकारी अब कुल चार हो गये हैं। तदाशा मिश्रा के साथ इस रैंक में अनिल पालटा, प्रशांत सिंह और मनविंदर सिंह भाटिया भी शामिल हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वरिष्ठ अधिकारियों की यह टीम पुलिस प्रशासन में अनुभव, रणनीति और नेतृत्व को और मजबूत करेगी। तदाशा मिश्रा को यह पदोन्नति मिलने से राज्य की कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने और पुलिस कार्य प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# बच्चे की कनपटी पर पिस्टल सटाकर महिला से लाखों की लूट

- घर में बच्चे के साथ अकेली थी महिला
- बाइक पर आये थे तीन अपराधी, जेवरात और मोबाइल लूट कर भागे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** टाउन छेचानी टोला में बच्चे पर पिस्टल तान कर एक महिला से लाखों के जेवरात की लूट हुई है। महिला का पति रांची फायर ब्रिगेड में तैनात है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूनम तिवारी नामक महिला मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के छेचानी टोला में अपने बच्चे के साथ घर में अकेली थी। बाइक सवार तीन अपराधी उसके घर पहुंचे थे। अपराधी महिला के घर में दाखिल हुए और बच्चे को अपने कब्जे में लिया। बच्चे पर पिस्टल तान कर अपराधियों ने पूनम तिवारी से कहा कि बच्चे की जान प्यारी है तो सभी जेवरात दे दो। अपराधियों ने पूनम तिवारी के पास से करीब 3.50 लाख रुपये के जेवरात और मोबाइल लूट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मेदिनीनगर टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की तलाश में कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है। इस संबंध में मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने बताया कि महिला के साथ लूटपाट हुई है। घटना में शामिल अपराधियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी मिली है। महिला घर में अपने बच्चे के साथ अकेले रहती थी. इस बात की जानकारी अपराधियों को पहले से थी।

# विधानसभा के स्थापना दिवस पर सम्मानित किये जायेंगे उत्कृष्ट विधायक और कर्मी

- विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक
- राज सिन्हा को उत्कृष्ट विधायक चुना गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस 22 नवंबर को है। इस दिन उत्कृष्ट विधायक और विधानसभा के कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। उत्कृष्ट विधायक और कर्मियों के चयन के लिए विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में बुधवार को चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्य नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक स्टीफन मरांडी, रामचंद्र सिंह, नवीन जायसवाल, पत्रकार दीर्घा समिति के संयोजक आनंद मोहन और सदस्य एवं



प्रभारी सचिव-सह-सदस्य सचिव माणिक लाल हेंब्रम मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से विधायक राज सिन्हा को वर्ष 2025 के लिए उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित किया गया। उन्हें भगवान बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। समिति द्वारा उत्कृष्ट कर्मी के रूप में विधानसभा के छह कर्मियों का भी चयन किया है। इनमें संतोष कुमार सिंह (संयुक्त सचिव), नीलम कुजूर (प्रशाखा पदाधिकारी), मो शाहिद हैदर (सहायक प्रशाखा पदाधिकारी), राकेश कुमार सिंह (पर्यवेक्षक उद्यान), मन्नु राम (अनुसेवक) और रवींद्र पाल(अनुसेवक) शामिल हैं। इन्हें स्व कपिलेश्वर प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उत्कृष्ट विधायक को प्रशस्ति पत्र, शॉल, मोमेंटो और 51 हजार रुपये और उत्कृष्ट कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, शॉल, मोमेंटो और 21 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम-2021 को रद्द किया

- केंद्र को चार महीने में राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग बनाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महत्वपूर्ण फैसले में विभिन्न न्यायाधिकरणों के सदस्यों की नियुक्तियों, कार्यकाल और सेवा शर्तों से संबंधित न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इस अधिनियम को बरकरार नहीं रखा जा सकता, क्योंकि यह शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता से संबंधित सिद्धांतों का पूरी तरह से उल्लंघन करता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इसके साथ ही, केंद्र सरकार को चार माह में एक राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग बनाने का भी निर्देश दिया। पीठ ने विभिन्न न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों को लेकर शीर्ष अदालत द्वारा पारित अपने पूर्व के फैसलों में जारी निदेशों को लागू नहीं करने के लिए केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया। पीठ ने फैसले में कहा कि न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम 2021 में उन्हीं प्रावधानों का दोहराव है, जिन्हें पहले के बाध्यकारी निर्णयों में इस अदालत द्वारा रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास बार एसोसिएशन द्वारा 2021 में दाखिल याचिका पर यह फैसला दिया है। याचिका में न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम 2021 को इस आधार पर चुनौती दी गयी थी कि इसमें सुप्रीम कोर्ट के पिछले निर्णयों को दरकिनार करके प्रावधान किये हैं। केंद्र के तर्क को ठुकराया मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि अधिनियम में किसी भी दोष को दूर किये बिना बाध्यकारी निर्णयों को विधायी रूप से रद्द करने के समान है।

### पाक नेता का आतंकी हमलों पर बड़ा कबूलनामा

# 'लाल किले से कश्मीर तक हमने कराये हमले और कराते रहेंगे'

- चौधरी अनवरुल हक ने बदले की कार्रवाई बताया

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-



कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी। एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल ने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था।

**इसलिए हो रहा भारत पर हमला**

: हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया। जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है।

#### दिल्ली ब्लास्ट का जैश-ए-मोहम्मद कनेक्शन

लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉड्यूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था। ये अपने मेडिकल क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल रसायन और विस्फोटक सामग्री जुटाने में कर रहे थे। यह मॉड्यूल लंबे समय से भारत में आतंकी गतिविधियों की योजना बना रहा था। हक ने अपने बयान में इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा, जो पाकिस्तान की ओर से हमलों को लेकर खुले तौर पर स्वीकार किया गया सबसे गंभीर बयान माना जा रहा है।

#### आत्मघाती हमले की योजना का खुलासा

भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने फरीदाबाद के जिस मॉड्यूल को पकड़ा है, वह 6 दिसंबर बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर बड़े आत्मघाती कार धमाके की योजना बना रहा था। इसे ऑपरेशन डी-6 नाम दिया गया था और इसमें नौ से 10 आतंकी शामिल थे। जांच में पता चला कि डॉ. उमर और डॉ. शाहीन शाहिद इस नेटवर्क को लीड कर रहे थे। शाहीन को जैश के लिए नये नाम 'जमात-उल-मोमिनीन' के तहत महिलाओं का आतंकी विंग तैयार करने की जिम्मेदारी भी मिली थी। दिल्ली धमाके से लेकर आगे की योजनाओं तक, पूरा नेटवर्क भारत में बड़े पैमाने पर तबाही की साजिश रच रहा था।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# एनडीए की जीत का सबसे बड़ा कारण नीतीश-मोदी पर भरोसा

## ■ नीतीश के सुशासन और मोदी की गारंटी पर जनता ने दिल हारा

## ■ मोदी-नीतीश की जोड़ी में चिराग के तड़के से तितर-बितर हो गया म हा गठ बन धन

## ■ महिलाओं और युवाओं ने महागठबंधन के सपनों को पटक कर तोड़ दिया

## ■ 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेने जा रहे हैं बिहार के दुलारे नीतीश कुमार

**बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। पिछले 25 साल में यह 10वां मौका होगा, जब बिहार की राजनीति में सुशासन बाबू के नाम से चर्चित नीतीश कुमार सीएम पद की शपथ लेंगे। पिछले सप्ताह संपन्न विधानसभा चुनाव में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिल कर एनडीए को 202 सीटें दिला कर साबित कर दिया कि विकास और योजनाओं से लैस उनके मॉडल का अब भी कोई जवाब नहीं है। यह चुनावी जीत और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वास्तव में नीतीश कुमार और एनडीए ने केवल विधानसभा की सीटें नहीं, बिहार की जनता का भरोसा जीता है। इस चुनाव में भाजपा ने अकेले 89 सीटें जीती हैं और बिहार की नंबर वन पार्टी की कुर्सी पर विराजमान है। जदयू 85 सीटों के साथ दूसरे नंबर की पार्टी बनी। लोजपा को भी 19 सीटें हासिल हुईं। एनडीए की बिहार में प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है कि इस बार का एमवाइ समीकरण महागठबंधन के साथ नहीं रहा। लेकिन इस बार का एमवाइ समीकरण भी बदल चुका है। यह मुस्लिम-यादव की बजाय महिला और युवा हो चला है। यानी एनडीए को महिलाओं के साथ-साथ युवाओं का भी भरपूर साथ मिला है। इस नये एमवाइ समीकरण ने नीतीश कुमार को अपराजेय बना दिया है और विपक्ष के लिए आगे की राह बेहद मुश्किल बना दी है। बिहार में नीतीश कुमार की ताजपोशी और चुनावों में एनडीए की प्रचंड जीत के कुछ मुख्य कारणों पर नजर डाल रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह
संपादक

बिहार ही नहीं, पूरे देश में सुशासन बाबू के नाम से चर्चित नीतीश कुमार एक बार फिर बिहार के सीएम पद की शपथ लेने जा रहे हैं। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में वह पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। पिछले 25 साल में यह 10वां मौका होगा, जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बिहार चुनाव में एनडीए की जीत को डबल इंजन की सरकार के साथ-साथ सोशल इंजीनियरिंग का भी साथ मिला। एक तरफ मोदी का मैजिक, दूसरी तरफ नितीश की गुडविल, उसमें चिराग के तड़के ने एनडीए को उस मुकाम पर खड़ा कर दिया कि महागठबंधन का सूपड़ा ही साफ हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 रैलियों से एनडीए को 97 सीटें दिलाई हैं। इसमें 44 नयी सीटें हैं। पीएम का स्ट्राइक रेट 80% है। वहीं नीतीश कुमार चुनाव से पहले लगातार योजनाओं की घोषणाएं करते रहे। उसका लाभ यह हुआ कि महिलाओं, युवाओं, लोअर मिडिल क्लास, किसानों और बुजुर्गों को सीधे फायदा पहुंचा। नितीश को पीएम मोदी का साथ मिला और बिहार में एक बार फिर से दोनों की जोड़ी ने इतिहास रच दिया। वहीं महागठबंधन की वोट चोरी और संविधान बचाने की अपील मतदाताओं पर खास असर नहीं कर पायी। तेजस्वी अपनी घोषणाओं को लगातार दोहराते रहे, लेकिन मतदाताओं ने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया ना ही राहुल गांधी को, खुद को सन ऑफ मल्लाह कहने वाले मुकेश सहनी को तो कतई नहीं। एक नजर उन फैक्टर्स पर जो बिहार चुनाव में एनडीए की जीत के लिए रहे अहम।

### बिहार में नीतीश इज द सेंटर ऑफ ग्रैविटी

बिहार में अब यह बात कही जा रही है कि आप नीतीश कुमार का समर्थन या विरोध कर सकते हैं, लेकिन उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वह बिहार की सियासत के शीर्ष पुरुष ही नहीं, सेंटर ऑफ ग्रैविटी हैं। नीतीश बिहार की राजनीति की वह धुरी हैं, जिस पर यह राज्य भरोसा करता है और यह बात पिछले चार विधानसभा चुनावों में हर बार प्रमाणित हुई है।

### नीतीश कुमार की राजनीतिक पूंजी

दो दशक से ज्यादा समय से बिहार की राजनीति में नीतीश की पकड़ कायम है। आलोचनाओं और गठबंधन बदलने के बावजूद उनकी गवर्नेंस ब्रांडिंग उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक संपत्ति बनी हुई है। यह चुनाव भी उनके लिए परीक्षा का मंच था और उसमें वह सफल ही नहीं हुए, इतिहास बना दिया। नीतीश आज भी बिहार में एनडीए के भीतर सबसे ताकतवर हैं।



### महिलाओं का भरोसा

नीतीश कुमार पर बिहार के लोगों का भरोसा वैसे ही नहीं बना है। उनकी योजनाएं और विकास का मॉडल आज बिहार के हर कोने में दिखता है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, जो जीविका समूहों के जरिये लागू हुई, ने ग्रामीण महिलाओं के बीच मजबूत विश्वास का आधार तैयार किया है। पिछले चुनावों की तरह इस बार भी इस चुनाव ने वोटरों का फैसला बदलने में अहम भूमिका निभायी। एनडीए का मानना है कि महिलाओं के इस भरोसा एक बार फिर बाजी पलट दी है। 29 अगस्त, 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला रोजगार योजना का एलान किया। कहा कि 18 से 60 साल उम्र की महिलाओं को बिजनेस शुरू करने के लिए दो लाख रुपये देंगे। शुरूआत में खाते में 10 हजार रुपये भेजेंगे। 26 सितंबर को पहली बार महिलाओं के खाते में पैसा पहुंच गया। चुनाव से पहले 1.21 करोड़ महिलाओं के खाते में पैसा भेजा जा चुका था। महिलाओं में ये योजना 10 हजरिया नाम से चर्चित हो गयी। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं। इनमें 1.34 करोड़ जीविका दीदी हैं। यानी करीब 40% महिला वोटर जीविका दीदी योजना से जुड़ी हैं। महिलाएं नीतीश का कोर वोट बैंक मानी जाती हैं। 2020 में 2.08 करोड़ महिलाओं ने वोट दिये थे। इनमें 38% वोट एनडीए को मिले। 10 हजार रुपये की मदद ने इस वोट बैंक को और मजबूत कर दिया। इसके अलावा सरकार ने आशा वर्कर को मिलने वाली सैलरी एक हजार रुपये से बढ़ा कर तीन हजार रुपये कर दी। ममता कार्यकर्ताओं को हर डिलीवरी पर मिलने वाली रकम 300 रुपये से 600 रुपये कर दी गयी। बिहार में एक लाख आशा वर्कर, पांच हजार आशा फैसिलिटेटर और पांच हजार से ज्यादा ममता कार्यकर्ता हैं। आंकड़े के मुताबिक सरकार ने 1.21 करोड़ महिलाओं को 10 हजार रुपये दिये। ये कुल महिला वोटर का 35% हैं। भारत में एक परिवार में तीन वोटर माने जाते हैं। 1.21 करोड़ महिलाओं के हिसाब से देखें, तो इस योजना ने 3.63 करोड़ वोटरों पर असर किया।

### जातिगत समीकरण का नया कांबिनेशन

यह नीतीश कुमार की सोशल इंजीनियरिंग का मॉडल ही था, जिसने चिराग पासवान की एलजेपी (राम विलास) और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम की वापसी ने एनडीए की सामाजिक चौहद्दी को चौड़ा कर दिया। खासकर चिराग के प्रदर्शन को लेकर गठबंधन में बड़ी उम्मीद है, क्योंकि उनका वोट पैकेट कई सीटों पर निर्णायक साबित हुआ है।

### सोशल इंजीनियरिंग

एनडीए ने टिकट बंटवारे में जातीय समीकरण का ध्यान रखा। गठबंधन में शामिल पांच पार्टियों ने 85 सवर्ण, 39 दलित, 37 कुर्मी-कोइरी, 29 अति पिछड़ा, 27 वैश्य, 19 यादव, 5 मुस्लिम और 2 आदिवासी समुदाय के कैंडिडेट उतारे। 2020 में एनडीए से दूर रहे चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा को वापस लाया गया। जीतन राम मांझी पहले से साथ थे। दलित, अति पिछड़ा और कुशवाहा वोट साध लिये। बिहार में पासवान कम्युनिटी की आबादी 5.32% है। ये बिहार के हर जिले में हैं। करीब 50 सीटों को प्रभावित करते हैं। चिराग पासवान खुद को पीएम मोदी का हनुमान बताते हैं।

---

## नगर परिषद में लगातार हो रहा टेंडर मैनेज का खेल

# मैनेज की मोटी रकम बांट लेते हैं संवेदक

**मैनेज में नगर परिषद की मुख्य भूमिका की होती है चर्चा**

मो. यासार आराफात

**पाकुड़।** नगर परिषद में सप्ताह भर में हुई टेंडर मैनेज की चर्चा बाजार में खूब गर्म है। मीडियों में भी टेंडर मैनेज की चर्चा सुर्खियों में रहा है। हाल ही में तीन योजनाओं का टेंडर मैनेज होने की बात सामने आ रही है। मैनेज में ठेकेदार की भूमिका तो रही ही, नगर परिषद की भूमिका पर भी सवाल लोग उठा रहे हैं। इधर चार और नयी योजनाओं के टेंडर मैनेज की बात भी चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार टेंडर मैनेज के लिए ठेकेदारों की बैठकों का दौर जारी है। नगर परिषद में सक्रिय जितने भी ठेकेदार हैं, सभी दावेदारी पेश कर रहे हैं। एक दूसरे को मनाने में जुटे हैं। टेंडर मैनेज का यह खेल सफल होता है, तो सरकार को सीधे नुकसान होगा। जानकारी के अनुसार 11 नवंबर को खोले गये टेंडर तब ज्यादा चर्चा में आए, जब इसमें बेहद कम ठेकेदारों की भागीदारी सामने आई। आमतौर पर ठेकेदारी लेने के लिए मान्यता प्राप्त संवेदकों की भीड़ लग जाती है। परिमाण विपत्र की खरीदारी के लिए लाइन खड़ी हो जाती है। लेकिन तीनों योजनाओं के लिए परिमाण विपत्र की खरीदारी और टेंडर डालने में जिन ठेकेदारों ने रुचि दिखाई, उनकी संख्या महज दो ही थी। सूत्रों की मानें तो तीनों योजना में महज दो-दो संवेदक ने ही टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लिया। यह कहीं ना कहीं टेंडर मैनेज की बातों को साबित करने के लिए काफी है। इसमें नगर परिषद की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिसकी चर्चा चौक चौराहों पर हो रही है। इधर सूत्रों का दावा है कि चार और योजनाओं में टेंडर मैनेज का खेल शुरू हो चुका है।




### कैसे होता है टेंडर मैनेज का पूरा खेल

नियम अनुसार किसी योजना का जब टेंडर निकलता है, तो उस योजना का एक प्राक्कलन राशि तय रहती है। उसी प्राक्कलन राशि के हिसाब से परिमाण विपत्र की भी एक कीमत तय होती है। तय कीमत पर संवेदक को परिमाण विपत्र खरीदना पड़ता है। यह राशि सीधे सरकार के खजाने में राजस्व के रूप में जमा हो जाता है। यह राशि संवेदक को टेंडर मिलने या नहीं मिलने की किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं मिलती है। उपरोक्त चारों योजनाओं में किसी एक योजना को उदाहरण के तौर पर ले सकते हैं।

### क्या कहते हैं नगर परिषद के पदाधिकारी

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार से जानकारी लेने उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है। बाहर ठेकेदारों के बीच क्या होता है, इसमें हम लोग कोई इंवॉल्व नहीं है।

### इन योजनाओं का निकला है टेंडर

नगर परिषद से जिन योजनाओं का टेंडर निकाला गया है, उनमें 9 लाख 89 हजार 977 रुपये का शेड निर्माण, गेट रिपेयर एवं अन्य निर्माण कार्य, 6 लाख 81 हजार 407 रुपये का डीसी कैंप की दिवाल रिपेयरिंग व अन्य कार्य, 9 लाख 99 हजार 492 रुपये का डीसी कैंप वार्ड नंबर दो में शेड निर्माण व अन्य निर्माण कार्य और 5 लाख 76 हजार 960 रुपये का वार्ड नंबर दो में गोपनीय शाखा के पास शेड निर्माण व अन्य कार्य शामिल है। इन योजनाओं में टेंडर मैनेज के लिए कवायत तेज हो गयी है। इन योजनाओं के लिए 22 नवंबर को नगर परिषद में परिमाण प्रपत्र की बिक्री होगी। निविदा यानी टेंडर 24 नवंबर को दोपहर 3:00 तक डाला जायेगा और इसी तारीख को 3:30 बजे तक टेंडर खोला जायेगा। अब देखना होगा कि इन योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया में कितने ठेकेदार दिलचस्पी दिखाते हैं।

---

## भादवाजारा स्कूल में भगवान भरोसे शिक्षा व्यवस्था

# अटेंडेंस बनाकर गायब हो जाते हैं शिक्षक

**दो शिक्षकों में से दोनों मिले अनुपस्थित, ग्रामीण क्षेत्रों में गलत फायदा उठाते हैं शिक्षक**

राज किशोर शर्मा





**पेटरवार।** ग्रामीण इलाकों में शिक्षा व्यवस्था की अनदेखी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पेटरवार प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भादवाजारा में बुधवार को विद्यालय में सुबह 9:45 बजे तक एक भी शिक्षक विद्यालय में मौजूद नहीं थे। बताया गया कि शिक्षक आये थे जो बायोमीट्रिक में अटेंडेंस बनाकर चले गये हैं। विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राओं ने बताया कि सर थोड़ी देर के लिए आये थे और फिर वापस चले गये। कब वापस आयेंगे, इसकी जानकारी नहीं है। बच्चों ने शिक्षकों के अनुपस्थित रहने के दौरान स्वयं प्रार्थना की और कक्षा में बैठकर इंतजार करते रहे। इस स्थिति ने अभिभावकों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। मामले को लेकर जब दोनों शिक्षकों से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने अलग-अलग कारण बताये। शिक्षक कैलाश प्रसाद सिन्हा ने कहा कि वे एक आवश्यक कार्य से मुखिया से मिलने गये थे, इसलिए विद्यालय लौटने में देरी हो गयी। वहीं प्रभारी प्रधानाचार्य शिवप्रसाद मांझी का कहना था कि वे दवा लेने घर गये थे। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे बहाने यह दर्शाते हैं कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों को लेकर गंभीर नहीं हैं। उनका कहना है कि जब शिक्षक ही पढ़ाई के समय विद्यालय से बाहर रहेंगे, तो बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा? ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से सख्त कदम उठाने, नियमित निरीक्षण कराने और शिक्षक उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो और विद्यालयों में जवाबदेही तय हो सके। मामले पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिमा दास से पूछे जाने पर उन्होंने कहा, आपके माध्यम से इस घटना की जानकारी मिली है। संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई निश्चित रूप से की जायेगी।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.4 °c | 12.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.05 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# झारखंड के स्वास्थ्य कर्मियों को राज्य सरकार का तोहफा मानदेय और प्रोत्साहन राशि में दोगुनी बढ़ोतरी का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य कर्मियों को हेमंत सोरेन सरकार से बड़ा तोहफा मिला है। सरकार ने राज्य सरकार के सहिया, सहिया साथी, प्रखंड प्रशिक्षक दल और राज्य प्रशिक्षक दल के मानदेय और प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। यह फैसला स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में लिया गया, जिसे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले हजारों कर्मियों के सम्मान और अधिकार से जुड़ा ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

**सहियाओं का मासिक प्रोत्साहन हुआ दोगुना :** नयी व्यवस्था के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की 39,964 और शहरी क्षेत्रों की 3,000 सहियाओं को नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) से मिलने वाले 2,000 रुपये मासिक मानदेय के अलावा राज्य सरकार की ओर से 2,000 रुपये अतिरिक्त दिये जायेंगे। इस तरह सहियाओं का मासिक प्रोत्साहन सीधे दोगुना हो जायेगा, जिस पर कुल 10,311.36 लाख रुपये का व्यय अनुमानित है। सहिया साथियों के लिए अब 24 दिन की अधिकतम सीमा के साथ पूर्व में मिल रहे 375 रुपये प्रति माह की जगह 50 रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान होगा, जिससे उनकी दैनिक आय में उल्लेखनीय सुधार होगा।



## प्रखंड प्रशिक्षक दल की भी प्रोत्साहन राशि बढ़ी

इसी प्रकार प्रखंड प्रशिक्षक दल के लिए भी प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की गयी है, जिसमें ग्रामीण 388, शहरी 44, 194 और आरके एसके 73 प्रशिक्षकों को पहले जहां अधिकतम 24 दिन पर 650 रुपये मासिक मिलते थे, अब उन्हें 80 रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान होगा। राज्य प्रशिक्षक दल (एसटीटी) के 48 सदस्यों के लिए मानदेय 850 रुपये मासिक से बढ़ाकर 100 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है, जिससे प्रशिक्षण और पर्यवेक्षण तंत्र और अधिक सशक्त होने की उम्मीद है।

## सरकार पर आयेगा 10,834.65 लाख का अतिरिक्त बोझ

इस निर्णय से राज्य सरकार पर कुल 10,834.65 लाख रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ आयेगा, लेकिन सरकार ने इसे जनहित और स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान से जुड़ा निवेश मानते हुए मंजूरी दी है। मंत्री ने माना कि केंद्र सरकार की उदासीनता के कारण पहले से ही राज्यों पर अतिरिक्त बोझ है, इसके बावजूद झारखंड सरकार अपनी सहिया बहनों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मजबूती से खड़ी है। फैसले की घोषणा के बाद पूरे प्रदेश में सहिया, सहिया साथी, बीटीटी और एसटीटी के बीच खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गयी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सहिया, सहिया साथी, बीटीटी और एसटीटी ही वह मजबूत रीढ़ हैं, जिनकी बदौलत स्वास्थ्य सेवाएं गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच पाती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सम्मानजनक मानदेय और प्रोत्साहन राशि इन कर्मियों का हक है और सरकार इनकी हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने सहियाओं से अपील की कि वे मरीजों के बेहतर और समय पर इलाज में सक्रिय सहयोग करें और अनावश्यक रूप से मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में रेफर करने से बचें, क्योंकि जनता उन्हीं पर भरोसा करके सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचती है।

# सारंडा से नक्सलियों का सफाया बहुत जल्द : डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड की प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्रा बुधवार को चाईबासा पहुंचीं, जहां उनका स्वागत प्रशासन और सुरक्षा बलों ने पूरे सम्मान के साथ किया। टाटा कॉलेज मैदान स्थित हेलीपैड पर उनके पहुंचते ही कोल्हान रेंज के डीआइजी अनुरंजन किस्पोट्टा, उपायुक्त चंदन कुमार, एसपी अमित रेणु, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के कमांडेंट ने अभिनंदन किया। डीजीपी को औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया, इसके बाद वे सीधे पुलिस कार्यालय स्थित सभागार के लिए रवाना हुईं। सभागार में डीजीपी ने नक्सल उन्मूलन से जुड़ी स्थिति और सुरक्षा बलों की ओर से चलाये जा रहे अभियानों की विस्तृत समीक्षा की। सारंडा जंगल क्षेत्र में छिपे नक्सलियों की गतिविधियों, सर्च ऑपरेशन के दौरान आने वाली चुनौतियों, बलों की तैनाती, संसाधनों की उपलब्धता और विभागीय समन्वय जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गयी।

बैठक में डीजीपी ने कहा कि नक्सल-विरोधी अभियान फील्ड स्तर पर अत्यंत चुनौतीपूर्ण होते हैं, लेकिन पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा और जगुआर के संयुक्त



प्रयासों से इन अभियानों में लगातार सफलता मिल रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सारंडा में सक्रिय नक्सलियों को जल्द ही खत्म कर दिया जायेगा और इस दिशा में आवश्यक तैयारियां की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सामने आने वाली समस्याओं का विश्लेषण कर उन्हें दूर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है, ताकि भावी ऑपरेशन अधिक प्रभावी और सटीक हो सके। डीजीपी ने टीमवर्क को अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया और कहा कि उनका लक्ष्य सुरक्षित, सुनियोजित और व्यवस्थित तरीके से अभियानों को संचालित करना है। बैठक में आइजी माइकल राज, डीजे साकेत कुमार, कोल्हान डीआइजी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसपी अमित रेणु, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और झारखंड जगुआर के वरिष्ठ अधिकारी और सभी एसडीपीओ उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **वृष** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **वृश्चिक** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **धनु** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **मकर** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार कोप्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी की जयंती मनायी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पूरी दुनिया इंदिरा गांधी को नारी शक्ति के रूप में जानती है। उन्होंने देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को भी नयी रोशनी दिखाई है। सर्वधर्म, समभाव और धर्मनिरपेक्षता की जड़ों को मजबूत करने वाली पार्टी नेत्री ने सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में कांग्रेस के योगदान को देश की जनता के सामने अनुकरणीय बना दिया है। उन्होंने ने कहा कि भुवनेश्वर की सभा में इंदिरा गांधी का अंतिम वाक्य कि मैं रहूं या ना रहूं, मेरा एक-एक कतरा देश के काम आयेगा। आज सही साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका चार मूल मंत्री दूर दृष्टि, पक्का इरादा, कड़ी मेहनत, अनुशासन आज भी उतने ही प्रासांगिक हैं। देश के प्रति सच्ची सेवा और समर्पण ने उनको महान व्यक्तित्व बनाया तो दूसरी ओर कांग्रेस संगठन को उनके नेतृत्व में एक नयी दिशा मिली। विकासशील देशों की पंक्तियों में भारत को स्थापित करने में उनकी भूमिका अविस्मरणीय रहेगी। वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी के जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि उनके कुशल नेतृत्व की क्षमता ही उन्हें कांग्रेस के एक साधारण कार्यकर्ता से राष्ट्रीय अध्यक्ष तक की जिम्मेवारी तक ले गया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, मार्केटिंग बोर्ड चेयरमैन रवींद्र सिंह, सुनील सिंह, कार्यालय सह-प्रभारी राजन वर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नरेश वर्मा, जगदीश साहु, रमा खालखो, निरंजन पासवान सहित अन्य मौजूद थे।



## झारखंड विधानसभा के रजत जयंती समारोह को लेकर तैयारी तेज

# राज्य की गौरवमयी यात्रा को यादगार बनायेगा 22 नवंबर का समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अपनी 25वीं वर्षगांठ यानी रजत जयंती समारोह की भव्य तैयारियों में जुट गयी है। बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर पूरे कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने साफ निर्देश दिये कि झारखंड की गौरवमयी यात्रा को यादगार बनाने के लिए समारोह का आयोजन भव्य और अनुशासित तरीके से किया जाये। 22 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे विधानसभा परिसर में आयोजित होने वाले स्थापना दिवस समारोह में राज्य के गौरव-शहीद पुलिसकर्मियों और सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा।

सीमा पर शहादत देने वाले जवानों, नक्सल अभियान में शहीद हुए वीरों तथा शांतिकाल में वीरता पदक प्राप्त पुलिसकर्मियों को विशेष सम्मान प्रदान किया जायेगा।

इसके साथ ही राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले राष्ट्रपति पदक प्राप्त व्यक्तियों को भी मंच पर सम्मान मिलेगा। सभी पूर्व विधानसभा अध्यक्षों और पूर्व विधायकों को भी समारोह में विशेष सम्मान दिया जायेगा। शाम 6 बजे से विधानसभा प्रांगण पूरी तरह रंगारंग माहौल में डूब जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक रूप कुमार राठौर अपनी मधुर आवाज से समां बांधेंगे। हास्य कवि डॉ दिनेश बावरा और हास्य कलाकार रविंद्र जॉनी अपनी कविताओं की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मोहित करेंगे। वहीं, झारखंड की लोक संस्कृति को जीवंत करने के लिए प्रमांद नंदा, मृणालनी अखोरी, टॉम मुर्मू और सुमी श्रेया द्वारा लोकगीत और लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जायेंगी। कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों के आगमन, आवास और यातायात की व्यवस्थाओं को लेकर भी अध्यक्ष ने कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रजत जयंती का यह ऐतिहासिक अवसर झारखंड की पहचान और सम्मान से जुड़ा है, इसलिए व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए. बैठक में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, रांची जिला प्रशासन समेत कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# लाखों रुपये की लागत से बना कोल्ड स्टोरेज जंग खा रहा, किसान बेबस

- डीजल जेनरेटर की महंगी लागत के कारण कोल्ड स्टोरेज एक साल से बंद
- मशीनें खराब, भवन जर्जर-देखभाल के अभाव में नुकसान बढ़ा
- भंडारण न होने से किसान मजबूरी में सब्जियां कम दाम पर बेच रहे
- विभाग का दावा, विद्युत मोड में बदलने की प्रक्रिया जारी, जल्द शुरू होगा

जितेंद्र कुमार यादव

**डंडई/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में लाखों रुपये की लागत से निर्मित कोल्ड स्टोरेज आज भी अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है। एक वर्ष पूर्व किसानों की उपज को सुरक्षित रखने और उन्हें बेहतर दाम दिलाने के उद्देश्य से इस कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया गया था, लेकिन कोल्ड स्टोरेज का मुख्य ऊर्जा स्रोत डीजल जनरेटर से संचालन होने के कारण यह आज तक चालू नहीं हो सका है। डीजल खर्च अत्यधिक होने के कारण इसे संचालित करने में विभाग रुचि नहीं दिखा रहा। इससे सबसे अधिक नुकसान स्थानीय किसानों को हो रहा है। जिन्हें अपनी उपज को मजबूरीवश औने-पौने दामों में व्यापारी और दलालों को बेचना पड़ता है।

30 एमटी क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज की इमारत भले ही मजबूत हो, लेकिन उसके अंदर की मशीनें खराब हो रही हैं। परिसर के चारों ओर झाड़ियां उग आयी हैं और भवन के दरवाजों-खिड़कियों पर जंग लगना शुरू हो गया है। ग्रामीणों और किसानों ने बताया कि शुरूआत में यह उम्मीद जतायी गयी थी कि कोल्ड स्टोरेज शुरू होने से आलू, टमाटर, गोभी प्याज और अन्य सब्जियों के भंडारण में मदद मिलेगी। इससे न केवल किसानों को गांव में ही उपज सुरक्षित रखने की सुविधा मिलेगी, बल्कि सही समय पर बाजार में बेचकर उचित मूल्य भी प्राप्त होगा। लेकिन निर्माण पूर्ण होने व सहकारिता विभाग को हैंडओवर करने के बावजूद भी न तो इसे संचालित किया गया और न ही इसके लिए किसी स्थायी प्रबंधक की अभी तक नियुक्ति हुई।

इधर डंडई गांव निवासी विवेकानंद कुशवाहा ने बताया कि हर साल जब फसल तैयार होती है, तब बाजार में सब्जियों के दाम कम हो जाते हैं। ऐसे में अगर कोल्ड स्टोरेज चालू होता, तो हम अपनी उपज को कुछ समय तक सुरक्षित रख सकते थे और सही कीमत मिलने पर बेचते। इससे हमारी मेहनत की कमाई बचती और नुकसान से राहत मिलती। लेकिन वर्तमान स्थिति में हमें मजबूरी में सब्जियां कम दाम में ही बेचनी पड़ती हैं। कई बार तो लागत भी नहीं निकल पाती।

इसी तरह किसान रामा महतो ने बताया कि सरकार योजनाएं तो बनाती है, लेकिन उन योजनाओं का सही उपयोग तभी होता है, जब स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग सक्रिय रहें। कोल्ड स्टोरेज किसानों के लिए बहुत अहम सुविधा है, लेकिन जब यह ही बंद पड़ा हो, तो किसान आखिर जायें कहां? उन्होंने आरोप लगाया कि कोल्ड स्टोरेज को सिर्फ निर्माण कर उद्घाटन करने की औपचारिकता तक सीमित कर दिया गया है।

दूसरी ओर, बाजार में व्यापारी और निजी भंडारण केंद्र किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हैं। किसान जैसे ही खेत से सब्जी उतारकर लाते हैं, व्यापारी मौके का फायदा उठाकर कम दाम प्रस्तावित कर खरीद लेते हैं। यदि किसान के पास भंडारण की सुविधा नहीं है, तो उनके पास बेचने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता। यही कारण है कि किसान लगातार आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकार और प्रशासन गंभीरता दिखाये तो कोल्ड स्टोरेज को चालू किया जा सकता है। इसके लिए डीजल की बजाये, बिजली की स्थायी व्यवस्था, प्रबंधन की नियुक्ति और किसानों को इससे जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान की आवश्यकता है। कोल्ड स्टोरेज के शुरू हो जाने से किसानों को जहां राहत मिलेगी, वहीं कृषि उत्पादों की बर्बादी भी रुकेगी। फिलहाल स्थिति यह है कि लाखों रुपये की सरकारी योजना होने के बावजूद कोल्ड स्टोरेज किसानों के किसी काम में नहीं आ पा रहा है। सरकार चाहे जितनी योजनाएं बनाये, लेकिन जब तक उन योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन और निगरानी नहीं होगी, तब तक किसानों की समस्याएं जस की तस बनी रहेंगी।

किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कोल्ड स्टोरेज को जल्द से जल्द संचालित किया जाये ताकि क्षेत्र के किसानों को इसका सीधा लाभ मिल सके और कृषि पर आधारित उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।




## क्या कहते हैं जिला सहकारिता पदाधिकारी

मामले में जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज के संचालन के लिए जो मशीन है वह डीजल मोड में है। डीजल से संचालित होने के कारण यह अब तक चालू नहीं हो पाया। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ तकनीकी मरम्मत के बाद इसे बिजली से संचालित करने कि प्रक्रिया चल रही है जिसके लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया है। बहुत जल्द इसे संचालित किया जायेगा।

# सुदेश ने नीतीश को दी बधाई

शपथ ग्रहण में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो भी शामिल होंगे। झारखंड में एनडीए का मुख्य घटक होने के कारण सुदेश महतो को भी शपथ ग्रहण में शामिल होने का न्योता भेजा गया गया है।

श्री महतो ने एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर नीतीश कुमार को बधाई दी है और कहा है कि उनके नेतृत्व में बिहार और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जीत से प्रेरित होकर झारखंड में भी एनडीए को मजबूत करने के लिए काम होगा।



## मनी लांड्रिंग केस में जहांगीर आलम को हाइकोर्ट ने नहीं दी बेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के सहयोगी जहांगीर आलम की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। हाइकोर्ट ने जहांगीर की याचिका को खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है। हाइकोर्ट के इस आदेश से जहांगीर आलम को बड़ा झटका लगा है। पिछली सुनवाई में इडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जहांगीर की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। जहांगीर आलम को रांची (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने बेल देने से इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगायी थी।

**E AUCTION NOTICE**

**APPROX. 4,990 KG OF TRANSIT DAMAGED ALUMINIUM SECTIONS**

Interested Buyers are invited to participate in the e-Auction for the disposal of **"Approx. 4,990 Kg of Transit Damaged Aluminium Sections"** on **"Per Kg"** Basis. The subject salvage will be sold on "As is Where is", Whatever there is" and "No Complaint" Basis and belongs to **M/s. Khetan Ajinkya.** The subject materials can be inspected at M-20(P), 6th Phase, Adityapur Industial Area, Gamharia, Jamshedpur - 832108 Between **20-11-25 to 27-11-25** between **10 AM to 5 PM** on working days only. Kindly contact **Mr. Anubhav Khetan** at **9308429111** for inspection.

**E-Auction will be held on 28-11-25.**

Kindly contact **Mr. Bibhu Jha** at **8369652088** to obtain the form containing terms & conditions of e-Auction or download from website https://www.sealthedeal.co.in/

**Auctioneers: Seal The Deal** having registered office at 5th Flr, Off. No. 2, Kings Mall, Plot No. 1B1, Dist. Centre, Rohini Sec.10, Delhi-110085.

**Last date of Submission of form & EMD Demand Draft is 27-11-25.**




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## आइआइटीएफ 2025 में झारखंड की धूम

# सिसल और जूट से मिल रही हरित अर्थव्यवस्था की नयी पहचान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय 44वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आइआइएफटी) 2025 में झारखंड पवेलियन इस वर्ष खास चर्चा में है। यहां वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राज्य की हरित अर्थव्यवस्था और सतत विकास की दिशा में किये जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों को प्रमुखता से प्रदर्शित कर रहा है। पवेलियन में सिसल (एगेव) आधारित उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन आगंतुकों को झारखंड की उभरती संभावनाओं से रूबरू करा रहा है। झारखंड में सिसल (एगेव) पौधे की खेती तेजी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रभावशाली परिवर्तन का वाहन है। कम पानी और प्रतिकूल मौसम में पनपने वाला यह पौधा प्राकृतिक फाइबर का प्रमुख स्रोत है, जिसका उपयोग रस्सी, मैट, बैग और विभिन्न हैंडक्राफ्ट उत्पादों के निर्माण में व्यापक रूप से किया जाता है। इसके रस से बायो-एथेनॉल और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं, वहीं औषधीय और कॉस्मेटिक उपयोग ने स्थानीय उद्यमिता को नयी दिशा दी है। एगेव का बंजर और कम उपजाऊ भूमि पर भी आसानी से उगना इसे भूमि संरक्षण, पारिस्थितिक पुनरुद्धार और जलवायु अनुकूल खेती का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाता है।



### सिसल पौधारोपण कर ग्रामीणों के लिए तैयार किये जा रहे हैं स्थायी आजीविका के अवसर

इसी संदर्भ में अनितेश कुमार, एसबीओ ने सिसल परियोजना की प्रगति पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में 450 हेक्टेयर क्षेत्र में सिसल का रोपण कार्य पूरा किया जा चुका है और विभाग का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में इसे 100 हेक्टेयर और बढ़ाने का है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वित्तीय वर्ष में सिसल उत्पादन 150 मीट्रिक टन रहा था, जबकि चल रहे वित्तीय वर्ष के लिए 82 मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की पहल पर राज्य भर में बड़े पैमाने पर सिसल पौधारोपण कर ग्रामीणों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर तैयार किये जा रहे हैं। विभाग हर वर्ष लगभग 90,000 मानव-दिवस का रोजगार सृजित कर रहा है, जो ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिरता और हरित विकास को महत्वपूर्ण गति प्रदान कर रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय मेले में जूट उत्पाद झारखंड की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा को कर रही प्रदर्शित

पवेलियन में प्रदर्शित जूट उत्पाद भी झारखंड की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाये गये ईको-फ्रेंडली जूट बैग, गृह सज्जा सामग्री और हस्तनिर्मित उपयोगी वस्तुएं राज्य की कला-कौशल, सूक्ष्म बुनाई तकनीक और ग्रामीण कारीगरी की गहरी जड़ों को दर्शाती है। ये उत्पाद न केवल झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाते हैं, बल्कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कारीगरों के लिए नये अवसर भी उत्पन्न होता है। आइआइएफटी 2025 में झारखंड स्टॉल इन प्रयासों को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर रहा है, ताकि निवेश, बाजार और तकनीकी सहयोग के नये अवसरों को आकर्षित किया जा सके। राज्य का लक्ष्य सिसल आधारित उद्योगों को मजबूत कर ग्रामीण जनजीवन को सशक्त बनाना और जलवायु-संवेदनशील विकास को आगे बढ़ाना है।

# वैश्विक दृष्टि का विस्तार : हांगकांग शैक्षिक यात्रा से सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का समृद्ध अनुभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा विद्यार्थियों के लिए हांगकांग का एक विशेष शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को कक्षा के बाहर नये परिवेश में सीखने का अवसर देना, दुनिया को समझना और अंतरराष्ट्रीय परिवेश से परिचय कराना था। तीन दिवसीय यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए सीख, रोमांच और अनुभव का अनूठा संगम बनकर उभरा।

पहले दिन विद्यार्थियों ने अपनी यात्रा की शुरूआत विश्व-प्रसिद्ध विक्टोरिया पीक से की, जहां से हांगकांग की स्काइलाइन और समुद्री तट का भव्य दृश्य उन्हें मंत्रमुग्ध कर गया। इसके बाद वे एवेन्यू ऑफ स्टार्स पहुंचे, जहां उन्होंने प्रसिद्ध ब्रूस ली की प्रतिमा देखी और हांगकांग की फिल्मी विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक ओल्ड क्लॉक टॉवर का भ्रमण किया, जिसने उन्हें शहर की औपनिवेशिक पृष्ठभूमि से परिचित कराया। इसके पश्चात समूह लेगोलैंड गेमिंग सेंटर पहुंचा, जहां की गतिविधियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमता को और विकसित किया। शाम को सभी ने त्सिम शा त्सुई प्रोमेनेड से रोशनी से जगमगाती स्काइलाइन को देखते हुए आकर्षक सिंफनी ऑफ लाइट शो का आनंद लिया।



दूसरे दिन विद्यार्थियों ने रोमांच से भरे ओशन पार्क हांगकांग का दौरा किया। यहां उन्होंने विविध समुद्री जीवों को करीब से देखा तथा पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन के महत्व को समझा। रोमांचक राइड्स, जानवरों की प्रस्तुतियां और थीम आधारित आकर्षणों ने पूरे दिन को मनोरंजक बना दिया।

तीसरे दिन विद्यार्थियों ने हांगकांग डिज्नीलैंड की जादुई दुनिया का अनुभव किया। थीम आधारित आकर्षणों, मनोहारी चरित्र परेड और लाइव शो ने बच्चों को उत्साह, कल्पनाशीलता और आनंद से भर दिया। यह दिन उनके लिए अविस्मरणीय पलों से भरा हुआ रहा।

प्राचार्या मनीषा शर्मा ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय परिवेश से परिचय बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, उनकी जिज्ञासा को विकसित करता है और उन्हें जीवनोपयोगी कौशल प्रदान करता है, जिससे वे अधिक जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनते हैं।

यह हांगकांग यात्रा विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और मनोरंजन का सुंदर मेल सिद्ध हुई। इसने उनके ज्ञान का विस्तार किया, वैश्विक संस्कृति की समझ को गहरा किया और उनके शैक्षिक जीवन में एक यादगार अध्याय जोड़ दिया।

# त्रिशूल डिफेंस अकादमी में छात्रों ने भरी सफलता की उड़ान

### प्रतिष्ठित रक्षा सेवाओं में पांच छात्रों का हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत की सबसे विश्वसनीय डिफेंस कोचिंग संस्था त्रिशूल डिफेंस अकादमी के रांची सेंटर ने इस वर्ष एक और गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। पूर्व एसएसबी इलाहाबाद अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संचालित सेंटर से पांच छात्रों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित रक्षा परीक्षाओं में हुआ है। गौरवपूर्ण मौके पर विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए सेंटर में समारोह हुआ। लेफ्टिनेंट जनरल ज्ञान भूषण ने इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। संबोधन में कहा कि इस तरह की सफलता युवाओं को देश सेवा की दिशा में प्रेरित करती है। समारोह में भाग ले रहे पूर्व कुलपति प्रो अंजनी श्रीवास्तव और ब्रिगेडियर अमर नारायण ने भी छात्रों का मनोबल बढ़ाया। त्रिशूल डिफेंस अकादमी मुख्यालय से अभिनव मेहरोत्रा, एकेडमिक डायरेक्टर ने भी समारोह में खास तौर से उपस्थिति दर्ज करायी।





### अत्याधुनिक जीटीओ ग्राउंड की सुविधा उपलब्ध

समारोह में त्रिशूल डिफेंस अकादमी, रांची की सफलता पर खास तौर से सराहा गया। इस बात के लिए सराहा गया कि यहां एसएसबी की तैयारी के लिए अत्याधुनिक जीटीओ ग्राउंड की सुविधा उपलब्ध है, जो देश में कुछ ही संस्थानों के पास है। अकादमी की समर्पित फैकल्टी,अनुशासित वातावरण और सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रणाली ने इसे रक्षा सेवाओं की तैयारी के लिए भारत का सबसे विश्वसनीय संस्थान बना दिया है।

**अनुप मेहरोत्रा ने की थी स्थापना :** त्रिशूल डिफेंस अकादमी की स्थापना 2004 में विंग कमांडर अनुप मेहरोत्रा ने की थी, जिन्हें स्नेहपूर्वक एसएसबी गुरु नाम से भी जाना जाता है। राष्ट्र को कुशल, योग्य और समर्पित सैन्य अधिकारी प्रदान करना उनका मुख्य उद्देश्य है। आज एसएसबी गुरु की यही विरासत त्रिशूल डिफेंस अकैडमी के हर केंद्र में जीवंत है।

**रक्षा सेवाओं में चयनित छात्र :** उत्कर्ष - NDA 154, पियूष और सौंदर्या पांडेय - NDA 155,आर बालाजी - IMA और अनुराग राज - CDS हैं।

# जेसीआइ ने जोनकोन में जीते 19 पुरस्कार



### प्रतीक जैन बने मंडल 3 के बेस्ट प्रेसिडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ ने जिम कॉर्बेट में हुए जोनकोन 2025 आयोजन में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें मंडल 3 की विभिन्न जेसीआइ संस्थाओं ने भाग लिया। जेसीआइ रांची ने कार्यशैली और टीमवर्क के बूते 19 पुरस्कार जीतकर शानदार उपलब्धि दर्ज की। अध्यक्ष प्रतीक जैन को मंडल 3 के बेस्ट प्रेसिडेंट का सम्मान मिला। यह सम्मान उनके प्रभावशाली नेतृत्व, योजनाबद्ध कार्य और टीम को दिशा देने की क्षमता के लिए दिया गया। जेसीआइ रांची को वर्षभर के उत्कृष्ट कार्यों के लिए 14 विशेष पुरस्कार भी मिले। इसके अलावा, अध्यक्ष प्रतीक जैन को मंडल 3 अध्यक्ष द्वारा सराहा भी गया। कार्यक्रम में जेसीआइ रांची के अध्यक्ष और कई अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने संगठन का मान बढ़ाया। जेसीआइ रांची की यह सफलता शहर के लिए गर्व का विषय है और आने वाले वर्षों में और बड़ी उपलब्धियों की प्रेरणा देती है।

### जेसीआइ रांची : प्रथम स्थान पर प्राप्त पुरस्कार

बेस्ट प्रेसिडेंट मंडल 3 - प्रतीक जैन

बेस्ट लोकल बिजनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम - एक्सपो उत्सव 2025

बेस्ट ग्रोथ एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम

**द्वितीय स्थान**

बेस्ट लोकल ऑगेर्नाइज्जेशन

बेस्ट लोकल स्पोट्‌र्स डेवलपमेंट प्रोग्राम

## देवघर में चल रहे श्रीशिव महापुराण कथा में पहुंचे बाबा रामदेव, कहा

# बारहों ज्योतिर्लिंगों में होगा प्रदीप मिश्रा का प्रवचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवभूमि कहे जाने वाले देवघर में बुधवार को भक्ति का सैलाब उमड़ा। प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा और योग गुरु बाबा रामदेव के दर्शन को लाखों श्रद्धालु देवघर के कोठिया मैदान पहुंचे। बाबा धाम आये योग गुरु रामदेव ने सबसे पहले बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। श्रोताओं को संबोधित करते हुए योग गुरु ने कहा कि भविष्य में बारह ज्योतिलिंगों में प्रदीप मिश्रा का प्रवचन होगा। इससे पूरा देश शिवमय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक तो देवघर भगवान भोलेनाथ की धरती है और दूसरा यहां पर शिव महापुराण की कथा, दोनों के समागम ने देवघर की धरती पर श्रद्धा की बयार ला दी है। बाबा रामदेव ने जिला प्रशासन और पुलिस टीम का भी आभार व्यक्त किया। कहा कि देवनगरी देवघर में अगर शिव कथा का आयोजन हो रहा हो, तो सारी व्यवस्था भगवान शिव स्वयं संभालते हैं। बाबा नगरी में जिस तरह से समिति के सदस्यों और पुलिस प्रशासन ने इतनी बड़ी भीड़ को संभाला है, वह काबिले तारीफ है। भारी भीड़ के बावजूद, हर भक्त अनुशासन में बंधा हुआ है। बाबा रामदेव ने कथा सुनने आये लोगों से रोजाना योग करने की बात कही। बताया कि मान्यतानुसार देवघर में भगवान के चरणों में दो लोटा जल चढ़ाने से सभी समस्याओं का हल हो जाता है. वैसे ही योग करने से शरीर के सभी रोग दूर हो जाते हैं। इस दौरान विधायक देवेंद्र कुंवर, मीनू कुमारी, आरएसएस देवघर के विजेंद्र कुमार और मिथेलेश कुमार भी प्रदीप मिश्रा के प्रवचन में खास तौर से हिस्सा लिया।




# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हल्दिया स्टेशन का कायाकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** स्टेशनों के उन्नयन के लिए शुरू की गयी अमृत भारत स्टेशन योजना, भारतीय रेल की समावेशी और भविष्य-उन्मुख विकास के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भारतीय रेल केवल लोगों को परिवहन ही नहीं कर रही, बल्कि दूरदर्शी सोच के साथ आगे बढ़ रही है। प्रत्येक स्टेशन के लिए विस्तृत योजना तैयार की जाती है और आवश्यकता के अनुसार चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाता है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कुल 72 स्टेशन इस योजना के तहत विकसित किये जा रहे हैं। उद्देश्य है–स्टेशनों को अधिक स्वच्छ, सुविधाजनक और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाना।

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले में स्थित हल्दिया स्टेशन, पान्सकुरा-हल्दिया शाखा रेलखंड का टर्मिनल स्टेशन है। हल्दिया एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र और बंदरगाह नगर भी है। यह स्टेशन यात्रियों के आवागमन के साथ-साथ माल परिवहन के लिए भी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में यह स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बड़े पैमाने पर पुनर्विकास कार्यों से गुजर रहा है।




खड़गपुर मंडल के हल्दिया स्टेशन का पुनर्विकास यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। साथ ही यह क्षेत्रीय विकास और आर्थिक वृद्धि के लिए भी लाभकारी साबित होगा।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद प्रांतीय अधिवेशन का राज्यपाल को निमंत्रण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन 27- 28 दिसंबर 2025 को राज्य की राजधानी रांची में आयोजित होने जा रहा है। अधिवेशन का विषय सामाजिक समरसता है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह के आदेशानुसार रांची महानगर की अध्यक्ष डॉ राजश्री जयंती के नेतृत्व में एक निवेदक दल द्वारा राज्यपाल संतोष गंगवार से भेंट कर इस साहित्यिक महाकुंभ को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु परिषद की ओर से अनुरोध आमंत्रण दिया गया। निवेदन दल में प्रदेश मंत्री इंद्रजीत यादव, रांची महानगर इकाई उपाध्यक्ष डॉ ममता मनीष सिन्हा, कृष्णा शर्मा एवं बजरंगी प्रसाद शामिल थे। इस अवसर पर डॉ राजश्री जयंती ने राज्यपाल को अपनी स्वलिखित पुस्तक आवर एनवायरनमेंट, फ्रॉम ऋगवेद टू गांधी भेंट की, ज्ञातव्य है कि इस पुस्तक की प्रस्तावना स्वयं राज्यपाल ने लिखी है और पुस्तक का विमोचन असम के मुख्यमंत्री माननीय हिमंता बिस्वा शर्मा के करकमलों से हुआ था।

राज्यपाल से आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात परिषद नवल ऊर्जा एवं उत्साह से अधिवेशन की तैयारियों में जुट गया है। अधिवेशन में करीब 350 साहित्य अनुरागियों की उपस्थिति का अनुमान है। प्रांतीय अधिवेशन को लेकर रांची के साहित्य अनुरागियों में हर्ष का माहौल है।

# नीरजा सहाय डीएवी में प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** नीरजा सहाय डीएवी स्कूल, कांके पिठोरिया में रचनात्मक प्रतिभा के साथ ओस्टेंसियो 2025 विज्ञान प्रदर्शनी-सह-बाल मेला लगाया गया। विद्यार्थियों ने मॉडल, प्रयोग, शोध-आधारित प्रस्तुतियां दीं। कार्यप्रणाली, विषयगत प्रदर्शन और रचनात्मक शिल्प प्रस्तुत कर 21वीं सदी के कौशल, वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग और भविष्य के विचारों को उजागर किया। प्रदर्शनी में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, वाणिज्य, कौशल मेला और कला एवं शिल्प की झलक भी दिखी। सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (परियोजना मूल्यांकन प्रभाग) राकेश कुमार शर्मा ने इसमें बतौर मुख्य अतिथि भागीदारी निभायी। संबोधन में समय के साथ चलने, सतत विकास एवं नूतन तकनीकी को अपनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। बीएयू के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के डीन डीके रूसिया, रजिस्ट्रार (एनयूएसआरएल) जीतू एस पटनायक, डीएवी हेहल के प्राचार्य सह क्षेत्रीय सहायक पदाधिकारी विपिन राय, डीएवी पतरातु की प्राचार्या रोशी वाधवानी और प्राचार्या डीएवी आनंद स्वामी की प्राचार्या रेशु चौधरी ने भी इसमें खास तौर से हिस्सा लिया। डीएवी बरियातू, हेहल और आनंद स्वामी के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक व शिक्षिकाएं भी मौके पर उपस्थित थीं। प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्र-छात्राओं को अपनी कल्पना और प्रतिभा को प्रस्तुत करने का मौका मिलता है। इस उत्सव से अर्जित धनराशि का प्रयोग समाज के उस वर्ग के कल्याण में किया जाएगा, जो अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं कर पाते।








आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in




**कार्यक्रम : सवा लाख श्रीहनुमान चालीसा पाठ और कथा का सातवां दिन**

# आनंद स्वरूप श्रीराम, माता सीता शांति की मूरत : त्यागीजी

### सीता स्वयंवर में श्रीराम ने तोड़ा शिव जी का धनुष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजराती पटेल भवन में चल रहे सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ के सातवें दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने जहां श्रीराम कथा रस का रसास्वादन किया, वहीं सुंदरकांड पाठ का सस्वर उच्चार कर श्रद्धा भी अर्पित की। शाम चार बजे कथा प्रारंभ हुई। अयोध्या धाम से आये दिलीप दास त्यागी ने भजन और प्रवचन के माध्यम से तुलसी विवाह, सीता स्वयंबर और श्रीराम के शिव धनुष तोड़ने आदि प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया। ज्ञान-ध्यान की बाते भी बतायी। कहा कि भगवान श्रीराम आनंद स्वरूप और माता सीता शांति की मूरत हैं। आनंद जहां होगा, वहीं शांति रहेगी। लोग अज्ञानवश भौतिक साधनों में आनंद खोज रहे। यही दुःख और अशांति का कारण है। कथा के दौरान श्रोता कभी भावविभोर हो मर्यादा पुरुर्षोत्तम की लीलाओं का आनंद लेते तो कभी ध्यानमग्न हो गुरुजी की ज्ञानात्मक बातों को आत्मसात करते। प्रसंगानुसार भक्ति गीतों की तो क्या ही कहने। जैसे ही मधुर स्वलहरियां गूंजती, ताली बजाते और झूमते भक्तों का उत्साह और भक्ति देखते ही बनता। शाम छह बजे के बाद महाआरती उतारी गयी। साथ ही कथा विराम हुई। फिर सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ, जो देर शाम तक चला। सुरेश बजाज और उनकी टोली ने संगीतमय पाठ कर भक्ति की अविरल धारा बहायी। अब गुरुवार को अंतिम दिन हनुमान चालीसा पाठ की पूर्णाहुति होगी। दिलीप दास त्यागी जी कथा सुनायेंगे। शाम छह बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा। प्रसिद्ध भजन गायक भक्ति गीतों की लड़िया लगायेंगे। विनोद कुमार पांडेय ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है।



### हनुमान जी की कृपा से जग में है उजियारा : संतोष भाई

श्रीश्री नरसिंह बंद बालाजी धाम बर्नपुर के प्रमुख संतोष भाई ने कहा कि हनुमानजी की कृपा जिस पर बरसना शुरू होती है, उसका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। दस दिशाओं और चारों युग में उनका प्रताप है। इसीलिए कहा गया है चारों जुग परताप तुम्हारा, है परसिद्ध जगत उजियारा ...। हनुमानजी इस कलियुग में सबसे ज्यादा जाग्रत और साक्षात हैं। उनकी कृपा पाने के लिए श्रीहनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए। दिनभर भाईजी का आशीर्वाद और मार्गदर्शन पाने को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। संतोष जी ने आशीर्वाद का प्रसाद बांटते हुए समस्याओं के समाधान के लिए हनुमान चालीसा पाठ करने की सलाह सभी को दी।

### हनुमान चालीसा पाठ पूरा करने में लगे रहे भक्त

श्रीश्री बालाजी महाराज का अखंड सवालाख हनुमान चालीसा पाठ पूरा करने को भक्त दिनभर लगे रहे। सुबह मुख्य यजमान अनिल कुमार अग्रवाल, पत्नी शोभा अग्रवाल, प्रवीन भूकानिया, अर्पित रूंगटा और संजय अग्रवाल ने पूजन-आरती कर पाठ की शुरुआत की। इसके बाद भक्तों का तांता सा लगा रहा। लोग आते टोकन और पुस्तक लेकर पाठ करने में ध्यानमग्न हो जाते। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। इस बीच सवामनी का भोग भी बालाजी को लगाया गया। ललित केजरीवाल और लव अग्रवाल ने भोग निवेदित किया। विमल अग्रवाल, रिचा, हरीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल ने भंडारे की व्यवस्था की। बड़ी संख्या में लोगों के बीच भंडारे का प्रसाद बांटा गया।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर प्रदेश समाजवादी पार्टी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश समाजवादी पार्टी ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव, प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी, रांची जिला अध्यक्ष राम प्रसाद गोप, मनोज जी, सुमित कुमार, गोविंद बेदिया, सिद्धीक अंसारी और बृजभूषण सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एसआइआर का कार्यक्रम नियम अनुसार होना चाहिए और किसी भी हालत में मतदाता सूची में नाम चढ़ाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। साथ ही, मतदाताओं के साथ किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी प्रकार का पक्षपात पाया जाता है, तो झारखंड प्रदेश समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी। प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जिलों में एसआइआर पर चर्चा करें और अपना बहुमूल्य योगदान दें।



# डिप्टी पाड़ा में अनक्लेम्ड डिपॉजिट को लेकर जिलास्तरीय शिविर कल

### शिविर का शुभारंभ उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनक्लेम्ड डिपॉजिट से संबंधित जागरूकता और निस्तारण के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला स्तरीय विशेष शिविर लगाया जा रहा है। डिप्टी पाड़ा, अहीर टोली में दिन के 11 बजे से शिविर का शुभारंभ उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री करेंगे। इसमें जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि खास तौर से उपस्थित रहेंगे। खातेदार को बैंकों में पड़े निष्क्रिय या अनुपयोगी खातों, सावधि जमा, पीपीएफ और अन्य जमा योजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी देंगे। खातों से जुड़ी धनराशि की प्राप्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया से भी अवगत करायेंगे। जिला प्रबंधक, रांची के अजित कुमार ने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), भारत सरकार के निर्देशानुसार शिविर लगाया जा रहा है। आम जन को उन जमा राशियों के बारे में जागरूक करना इसका मुख्य उद्देश्य है, जो लंबे समय से उनके या उनके परिजनों के बैंक खातों में निष्क्रिय पड़ी हैं। उन्होंने जिले के सभी लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पुराने खातों, जमा योजनाओं या मृतक परिजनों के खातों से संबंधित जानकारी लेकर शिविर का लाभ उठाएं। इस तरह के शिविरों से बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी। जनता की पूंजी पुनः सक्रिय वित्तीय प्रणाली में लौट सकेगी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (जी)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **क्र.सं.:** 1। **ई-निविदा सूचना संख्या: 71-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक: 18.11.2025**। **कार्य का नाम:** सरडेगा स्टेशन बिल्डिंग पर 4थी मंज़िल के रूप में अतिरिक्त मंज़िल का निर्माण तथा बेसमेंट एरिया के विकास के सम्बन्ध में विद्युतीय (जी) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 21,75,996.78। **बयाना राशि:** ₹ 43,500। **क्र.सं.:** 2। **ई-निविदा सूचना संख्या: 72-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक: 18.11.2025**। **कार्य का नाम:** एबीएसएस के अधीन चक्रधरपुर मंडल में दिव्यांगजन के लिए न्यूनतम आवश्यक सुख एवं सुविधाओं का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,29,14,627.46। **बयाना राशि:** ₹ 2,14,600। **क्र.सं. :** 3। **ई-निविदा सूचना संख्या: 73-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक: 18.11.2025**। **कार्य का नाम:** टाटानगर-पोसैता पर वर्तमान गुड्स शेड की संरचना का क्रमोन्नयन/ आधुनिकीकरण। **निविदा मूल्य:** ₹74,28,475.30। **बयाना राशि:** ₹ 1,48,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **बंद होने/खुलने की तारीख:** 22.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **(PR-855)**


**शपथ पत्र**

मैं, राजेश उरांव, पिता- मंगलचन्द उरांव, निवासी ग्राम-अलौदी, पो. - हेस्वे, थाना - सेन्हा, जिला - लोहरदगा (झारखंड), शपथ-पत्र संख्या-15017, दिनांक-18.11.2025 के द्वारा घोषणा करता हूं कि आधार संख्या 9034 7755 9207 में मेरे पुत्र का नाम आर्यन उरांव दर्ज है, जो गलत है। मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम आयुष उरांव है। अब से वह सभी उद्देश्यों हेतु आयुष उरांव के नाम से जाना जाएगा। मैं यह शपथ पत्र आधार कार्ड में आर्यन उरांव के स्थान पर मेरे पुत्र का सही नाम आयुष उरांव सुधार करने के लिए संपादित कर रहा हूं।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 5715 दिनांक 30-07-2025 के अनुसार मैं विनोद उरांव, पिता- चोला उरांव, उम्र लगभग 41 वर्ष, निवास स्थान ग्राम-घाघरा, पो०- बलकुदरा, थाना-बासल, जिला रामगढ़ (झारखण्ड), शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम VIVEK ORAON है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र संख्या BA2024 72199126 में दर्ज है। उसका जन्म तिथि 04/11/2013 दर्ज है।
2. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 2855 7055 7916 में भूलवश GIVEN ORAON दर्ज हो गया है।
3. यह कि VIVEK ORAON एवं GIVEN ORAON दोनों नाम एक ही बच्चा का है जो कि मेरा पुत्र है।
4. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने बच्चे के आधार कार्ड में नाम और जन्म तिथि सुधार करने के लिए बना रहा हूँ।
5. यह कि उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है।

# नाबार्ड झारखंड ने 25 वर्ष होने पर मनाया सहकारी सम्मेलन 2025

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नाबार्ड झारखंड ने अपने 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची स्थित बीएनआर चाणक्य में सहकारी सम्मेलन 2025 का आयोजन किया। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधियों की श्रृंखला का एक हिस्सा था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसान समूहों को मजबूत करना और सहकारी समितियों के बीच सहयोग बढ़ाना था। इस अवसर पर वरिष्ठ आइएएस अधिकारी, वरिष्ठ बैंकर, एसएलबीसी अधिकारी, शिक्षाविद और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। नाबार्ड झारखंड के सीजीएम स्मिता दीपमाला घोष ने अपने संबोधन में पिछले 25 वर्षों की नाबार्ड की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने पैक्स कंप्यूटरीकरण, बहुउद्देश्यीय पैक्स के प्रोत्साहन, तथा सहकारी संस्थाओं के बीच मजबूत साझेदारी के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्तव्य अबू बकर सिद्दीकी, आइएएस, सचिव, सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा दिया गया। उन्होंने अन्य प्रगतिशील राज्यों के सफल सहकारिता मॉडलों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। शशि रंजन, आइएएस, रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां ने उत्तरदायी प्रशासन, पीएसीएस द्वारा तीव्र डिजिटल अपनाने और सरायकेला हल्दी के उदाहरण का उल्लेख किया, जो दर्शाता है कि सहकारी समितियां स्थानीय उत्पादों को सफलतापूर्वक बढ़ावा दे सकती हैं।

इस अवसर पर नाबार्ड झारखंड की 25 वर्ष की उपलब्धियों, विकास पहलों एवं विभिन्न जिलों की सफलता कहानियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। उत्कृष्ट शासन और सेवा प्रदाय के लिए उत्कृष्ट पीएसीएस को सम्मानित किया गया। सहकारिताओं के बीच सहयोग विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में विशेषज्ञ तौर पर रतेश चतुर्वेदी, जेआरसीएस (सेवानिवृत्त), बीके झा, बीएयू, डॉ. फैयाज हुसैन, डीएनएस पटना, राकेश कुमार, सचिव, सिड कोफेड, जयदेव विश्वास, प्रबंध निदेशक, जेएमएफ, रौशन कुमार, प्रबंध निदेशक, झास्कोफिश शामिल थे। वक्ताओं ने सहकारिताओं के बीच बेहतर समन्वय, बाजार तक पहुंच में सुधार तथा पीएसीएस के डिजिटल माध्यम से सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल दिया।




# मुनिश्री सुतीर्थ सागर जी पधारे, भव्य स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिगंबर जैन संत आचार्य 108 सूरत्न सागर जी महाराज के शिष्य 108 सुतीर्थ सागर जी बुधवार को पधारे। सुबह 6 बजे मेडिका हॉस्पिटल के नजदीक महावीर भवन से मुनिश्री अनुयायियों संग बिहार कर सुबह 7.30 दिगंबर जैन मंदिर, जेजे रोड आये। यहां अनुयायियों ने अपने सद्गुरु का पूजन-आरती कर भव्य स्वागत किया। बाद में संतश्री मंदिरजी में दर्शन कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। पूर्व अध्यक्ष पूरणमल सेठी, मंत्री जीतेंद्र कुमार छाबड़ा, कोषाध्यक्ष प्रमोद झांझरी, हेमंत सेठी, वर्तमान कार्यकारिणी के सदस्यों और बाहर से आए अतिथिगण सहित समाज के लोग सद्गुरु की अगुवाई और स्वागत को जुटे रहे।

# पोक्सो एक्ट के आरोपी को 20 साल कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पोक्सो एक्ट के एक मामले पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने आरोपी रौशन कुमार सिंह को दोषी ठहराते हुए 20 साल कठोर कारावास व 25 हजार रुपये का अर्थ दंड की सजा सुनाया है। हालांकि आरोपी रौशन लाल सिंह फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने पुलिस को कड़े निर्देश दिया है।

इस संदर्भ में लोक अभियोजक भरत राम ने बताया कि, पोक्सो कांड संख्या 24/ 2019 के तहत न्यायालय में ट्रायल चला। आइपीसी की धारा 299 एंव बीएनएसएस की धारा 356 के तहत आरोपी रौशन लाल सिंह कि न्यायालय में गैर मौजूदगी के बावजूद केस का ट्रायल हुआ। गवाह और साक्ष प्रस्तुत किये गये। डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने सजा का फैसला सुनाया है।


लोक अभियोजक भरत राम।

लोक अभियोजक भरत राम ने कहा कि आरोपी रौशन लाल सिंह पीड़िता नाबालिक युवती से लंबे समय तक शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान पीड़िता को एक शिशु भी हुआ। आरोपी इसके बाद पीड़िता और बच्चे को अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाना में आरोपी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगायी थी। इस संदर्भ में लोक अभियोजक भरत राम ने कहा कि, न्यायालय के फैसले से समाज में सकारात्मक संदेश गया है। कहा यह अभियोजन पक्ष की सफलता है। कहा बीएनएसएस के तहत अब अपराधी की गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में ट्रायल नहीं चलेगा। संगीत आपराधिक वारदात होने के बाद आरोपी के विरुद्ध ट्रायल और न्यायिक प्रक्रिया चलेंगे।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING**
**OFFICE:** General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002 **(Jharkhand)**
**(E-mail:** cecritl.jusnl@rediffmail.com)
**Website::** www.jusnl.in

**National Open Competitive Procurement**
**(TWO-ENVELOPE BIDDING PROCESS WITH E-PROCUREMENT)**
**e-NIT No.509/PR/JUSNL/2025-26**

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited invite Bids (to be submitted in the e-Procurement Portal) for the following works:

| | |
|---|---|
| Name of work | For Supply, inspection, installation/ commissioning of latest testing equipment's along with Operation, Maintenance, Calibration & Training for the period of Three years for the establishment of centralized Lab set up underCRITL |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 89074039/- Including GST and other taxes |
| Earnest Money Deposit | Rs. 17,81,500/- |
| Completion Period | Supply, Installation & Commissioning within Six Months Operation, Maintenance, Calibration & Training of centralized Lab for 3 Years |
| e-Tender fee | Rs. 11800/- |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 20.11.2025 at2:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 20.11.2025 at2 :10 PM |
| Pre-Bid Meeting | 28.11.2025 at4:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 11.12. 2025 at2 :00 PM |
| BID Opening date for Technical Part | 12.12.2025 at3: 00 PM |
| BID Opening date for Financial Part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, (CRITL/O.E), JUSNL Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

Detailed Invitation of Bids which includes instruction for sub mission of Bids and all other relevant information is available on http://www.jharkhandtenders.gov.in. Bidding Documents are also available on line. Any details required in this regard can also be has from the office of the undersigned (+91-9471736495) during office hours.

The firms that technically qualify will be informed for date of opening for financial part of Bid.

Bidders are advised to note the minimum qualification criteria specified in bidding document. Interested bidders may participate in the bidding process as per instruction given in the bidding document.

OFFICER INVITING BIDS:

Sd/-
General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL, Ranchi

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.366347 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D


# बरही के जेवर लुटेरों को पकड़नेवाले तीन रियल हीरो की चारों तरफ हो रही तारीफ

## एसडीपीओ अजीत विमल, सीआइ चंद्रशेखर और थाना प्रभारी विनोद कुमार बने लोगों की आंखों का तारा

सोनू पंडित

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही अनुमंडल पुलिस प्रशासन द्वारा रविवार रात्रि 9 बजे जय माता दी ज्वेलर्स के दुकान से हुई करीब 5 करोड़ के जेवरात की लूटकांड के बाद 24 घंटा के भीतर लूटकांड का सफल उद्भेदन कर आरोपियों का पर्दाफाश किया और घटना में शामिल तीन आरोपियों को जेल भेज दिया, जिसके बाद बरही अनुमंडल प्रशासन का चारों और प्रशंसा हो रही है। वहीं बरही पुलिस के इस सफलता के बाद बरही वासियों का कहना है कि बरही में पहली बार इतनी बड़ी लूटकांड का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा किया है। लोगों का कहना है कि कांड को लेकर छापेमारी दल में शामिल बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल, पुअनि सह बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार, बरही पुलिस अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, पुअनि मृत्युंजय कुमार, पुअनि सुमित साव, पुअनि सुशील कुमार, पुअनि राजवल्लभ कुमार, पुअनि नरेंद्र कुमार पांडेय, पुअनि सौरव कुमार, पुअनि सुरजीत कुमार चौधरी, पुअनि दीपक कुमार, पुअनि रूपलाल यादव, पुअनि बादल कुमार हेंब्रम, सअनि बादल महतो, संजय यादव, नीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, तकनीकी शाखा हजारीबाग और बरही थाना के सशस्त्र बल की जितनी भी सराहना और प्रशंसा की जाये वह कम है। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि रविवार की रात्रि जेवर लूटकांड बरही की सबसे बड़ी लूट है, लेकिन बरही प्रशासन ने जितनी तत्परता से महज 24 घंटे के भीतर लूटकांड का उद्भेदन किया है, वह काबिले तारीफ है। इस छापेमारी दल में शामिल पुलिस कर्मियों की जितनी में तारीफ की जाये वह कम होगी। साथ ही साथ उन्होंने ज्वैलरी शॉप के दुकानदारों से सतर्कता बरतने की अपील की है। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि बरही पुलिस के इस कार्यशैली से बरही का व्यापारी वर्ग अब अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे है। पुलिस टीम के रहते व्यापारियों का अपराधी बाल बांका तक नहीं कर पायेंगें। इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि इस कांड के उद्भेदन के लिए तीन अलग - अलग टीम का गठन किया गया था, और तीनों टीम लगातार अलग - अलग जगहों पर छापेमारी कर रही थी। अंततः 24 घंटे के भीतर मेरी टीम इस कांड का उद्भेदन करने में सफल रही, जो हमारे और हमारे टीम के लिए गर्व की बात है। साथ ही साथ उन्होंने ज्वेलर्स दुकानदार के संचालकों से अपील किया कि अगर आप जब कभी भारी मात्रा में जेवर को एक - जगह से दूसरे जगह ले जाना हो तो आप पुलिस को सूचना दें।


थाना प्रभारी विनोद कुमार


सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार


एसडीपीओ अजीत कुमार विमल

# टॉप कमांडर माड़वी हिड़मा का खात्मा

शीर्ष नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा का खात्मा हाल में नक्सलवाद के खिलाफ मिली बहुत बड़ी सफलताओं में से एक है। उसके एनकाउंटर से सुरक्षाबलों की लगभग दो दशक पुरानी तलाश ही खत्म नहीं हुई, नक्सलियों के पहले से ही कमजोर पड़े शीर्ष नेतृत्व पर तगड़ी चोट पहुंची है। इससे देश अगले साल 31 मार्च तक नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त होने के लक्ष्य के और करीब पहुंच गया है।

**सबसे खूंखार:** 2010 का दंतेवाड़ा हो या फिर 2013 का झीरम घाटी हमला, पिछले 20 बरसों में हुए लगभग सभी बड़े नक्सली हमलों के पीछे हिड़मा का हाथ माना जाता है। उसने लंबे अरसे तक दंडकारण्य में आतंक का राज कायम रखा। वह उस पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की बटालियन का कमांडर था, जिसे सबसे खूंखार माना जाता है।

**चौतरफा दबाव:** हिड़मा से पहले इस साल मई में सुरक्षाबलों ने सीपीआइ (माओवादी) के जनरल सेक्रेटरी नरसिम्हा उर्फ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराया था। इसके अलावा इस साल विभिन्न मुठभेड़ में 300 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके है, जिनमें पोलित ब्यूरो के कई सदस्य भी है। चारों तरफ से पड़ रहे दबाव के बीच नक्सलवाद अब एक छोटे-से इलाके में सिमट कर रह गया है।

**मंगलवार को भी कई नक्सलियों ने हथियार डाले। ये अच्छे संकेत है। जब नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगे, तो जमीनी स्तर पर बदलाव भी आयेगा।**

**अब मौका न मिले:** हिड़मा को छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश की सीमा पर मारा गया। माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ से खदेड़े जाने के बाद वह आंध्र से आंदोलन को जारी रखना चाहता था। यह चौकन्ना होने वाली बात है। बस्तर और अबूझमाड़ के अपने गढ़ से बेदखल नक्सलियों को कहीं और पैर जमाने का मौका नहीं मिलना चाहिए। जो प्रेशर बना है, वह बना रहे तो यह समस्या जल्द ही खत्म हो जायेगी।

**मुख्यधारा में लाया जाये:** सरकार ने नक्सलियों के सामने सरेंडर का रास्ता खुला रखा है। मंगलवार को भी कई नक्सलियों ने हथियार डाले। ये अच्छे संकेत है। जब नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगे, तो जमीनी स्तर पर बदलाव भी आयेगा।

**मिले-जुले प्रयास:** नक्सली खात्मे के साथ इन इलाकों को विकास भी चाहिए। सड़क-बिजली-मोबाइल नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में काफी काम हुआ है और इससे भी नक्सलियों की पकड़ कमजोर करने में मदद मिली है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2014 से अभी तक नक्सल प्रभावित इलाकों में 12 हजार किमी से ज्यादा सड़कें बनी है, बैंकों की हजार से ज्यादा शाखाएं खोली गई है और स्किल डिवेलपमेंट पर काम किया जा रहा है। इन समन्वित प्रयासों से ही नक्सली जड़ से उखड़ेंगे

अभिमत
आजाद सिपाही

**जीएसटी के सबसे लंबे समय तक चलने वाले फायदों में से एक है- स्पष्टता और सही अनुमान। छोटे होटल, यात्रा ऑपरेटर और यात्रा एजेंसियां अब राज्य-विशेष टैक्स को समझने के बजाय एक ही राष्ट्रीय टैक्स फ्रेमवर्क के तहत काम करती हैं। संगठित क्षेत्र बनने के प्रति यह भरोसा ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान प्रणाली के दरवाजे खोलता है जो उन छोटे व्यवसायों के लिए जीवनरेखा है, जो कभी असंगठित तरीके से चलते थे। यह निवेशकों और उद्यमियों के बीच भरोसा भी बढ़ाता है।**

# राजकोषीय नीति से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा

**ज्ञान भूषण/डॉ. प्रतीक घोष**



भारत में पर्यटन हमेशा घूमने-फिरने से कहीं ज्यादा रहा है। यह संस्कृतियों के बीच संवाद है, प्रदेशों के बीच एक पुल है और लाखों लोगों के लिए आजीविका का साधन है। फिर भी, दशकों तक, पर्यटन क्षेत्र पर अलग-अलग टैक्स, ज्यादा लागत और असमान विकास का बोझ रहा। हालांकि, हाल ही में पेश की गयी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की पुनर्संरचना इस गाथा को फिर से लिखने में मदद कर रही है।

होटल, परिवहन और सांस्कृतिक वस्तुओं की कम दर के कारण भारत के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के विकास बहुत बढ़ावा मिला है। इससे भी जरूरी बात यह है कि इसने आम यात्री को मजबूत बनाया है, उनकी जेब में ज्यादा पैसे आये हैं तथा इससे घूमने-फिरने, व्यवसाय और चिकित्सा पर्यटन पहले से कहीं ज्यादा सस्ते हो गये हैं।

**होटल, परिवहन और सांस्कृतिक वस्तुओं की कम दर के कारण भारत के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के विकास बहुत बढ़ावा मिला है**

**सरल टैक्स, मजबूत यात्रा अर्थव्यवस्था**

सालों से, यात्रा ऑपरेटर, होटल और परिवहन सुविधा प्रदाता कई करों, जैसे सेवा कर, वैट और लग्जरी कर के बीच संतुलन बनाये रखना पड़ता था, जो सभी राज्यों में अलग-अलग होता था। 2017 में जीएसटी आने से कुछ स्पष्टता आयी, लेकिन 2025 का सुधार और आगे बढ़ गया है, जिसने सरलीकरण को प्रोत्साहन में बदल दिया है। 7,500 से कम कीमत वाले होटल के कमरों पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करना परिवर्तनकारी साबित हो रहा है। जैसा कि एक बड़े अखबार के लेख में बताया गया है, इस कदम से मध्य आय-वर्ग के परिवारों और बजट यात्रियों- जो भारत के घरेलू पर्यटन का आधार हैं- के लिए यात्रा काफी सस्ती हो गयी है। इसके अलावा, यह विदेशी यात्रियों के लिए भी काफी सुगम होगा, क्योंकि यात्रा लागतें अब दूसरे देशों के मुकाबले ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो गयी हैं।

होटल और होमस्टे ज्यादा बुकिंग, ज्यादा समय तक रुकने और ज्यादा स्थानीय खर्च की रिपोर्ट दे रहे हैं। छोटे उद्यमियों और होमस्टे मालिकों के लिए, कम अनुपालन लागत और एक जैसे टैक्स फ्रेमवर्क ने व्यवसाय व्यावहारिकता को बेहतर बनाया है और औपचारिक क्षेत्र को बढ़ावा दिया है, जो पैमाने और स्थायित्व की ओर एक शांत लेकिन शक्तिशाली बदलाव है।

**किफायती आवागमन: समावेश का संचालक**

पर्यटन, परिवहन संपर्क-सुविधा पर फलता-फूलता है। इसीलिए यात्री परिवहन, खासकर 10 से ज्यादा सीटों वाली बसों पर जीएसटी में 28% से 18% की कटौती, एक और गेम चेंजर है। इससे पता चलता है कि इस कदम ने तीर्थयात्रियों, छात्रों और परिवारों के लिए अंतर-शहरीय और समूह यात्रा को किस प्रकार ज्यादा आसान बना दिया है। धार्मिक क्षेत्र से लेकर इको-पर्यटन पार्क और ग्रामीण इलाकों में घूमने की जगहों तक, किफायती आवागमन ने यात्रा को आसान बनाया है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया है।

एक ऐसे देश में, जहां पर्यटन क्षेत्रीय समानता के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है, वहां बस किराये में हुई हर बचत सशक्तिकरण का एक जरिया बन जाती है। सस्ते और स्वच्छ परिवहन विकल्प न सिर्फ पहुंच बढ़ाते हैं बल्कि प्राइवेट गाड़ियों के बजाय साझा यात्रा को बढ़ावा देकर भारत के सतत विकास लक्ष्यों में भी योगदान देते हैं।

**सांस्कृतिक निवेश: शिल्पकारों को सशक्त बनाना**

भारत की अपील सिर्फ. उसके परिदृश्यों या स्मारकों में ही नहीं, बल्कि उसकी जीती-जागती परंपराओं में भी मौजूद है। इसे मान्यता देते हुए, सरकार ने कला और हस्तशिल्प उत्पादों पर भी जीएसटी को 12% से घटाकर 5% कर दिया। हाथ से बुनी हर कांचीपुरम साड़ी, नक्काशीदार चंदन की मूर्ति, या टेराकोटा लैंप एक कहानी कहता है और अब, हर एक शिल्प उत्पाद को सही दामों पर खरीदा जा सकता है। यहां टैक्स कम करना सिर्फ.एक आर्थिक इशारा नहीं है। यह एक सांस्कृतिक निवेश है। यह उस विविधता को बनाये रखता है, जो भारतीय पर्यटन की आत्मा है, साथ ही यह शिल्पकारों, जिनमें से कई महिलाएं और ग्रामीण उद्यमी हैं, को आजीविका का स्थायी साधन देता है।

**संगठित क्षेत्र बनने के प्रति भरोसा**

जीएसटी के सबसे लंबे समय तक चलने वाले फायदों में से एक है- स्पष्टता और सही अनुमान। छोटे होटल, यात्रा ऑपरेटर और यात्रा एजेंसियां अब राज्य-विशेष टैक्स को समझने के बजाय एक ही राष्ट्रीय टैक्स फ्रेमवर्क के तहत काम करती हैं। संगठित क्षेत्र बनने के प्रति यह भरोसा ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान प्रणाली के दरवाजे खोलता है जो उन छोटे व्यवसायों के लिए जीवनरेखा है, जो कभी असंगठित तरीके से चलते थे। यह निवेशकों और उद्यमियों के बीच भरोसा भी बढ़ाता है, जिससे इको-लॉज और हेरिटेज स्टे से लेकर आरोग्य स्थल तक, यात्रा अनुभव में नवाचार होता है।

**चिकित्सा पर्यटन: एक स्वस्थ प्रोत्साहन**

भारत का उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र, जो पहले से ही एशिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है, नए जीएसटी दरों का एक और बड़ा लाभार्थी है। होटल और परिवहन पर कम टैक्स से उन अंतर्राष्ट्रीय मरीजों के लिए इलाज पैकेज का खर्च सीधे तौर पर कम हो जाता है जो सस्ती कीमतों पर विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य देख-भाल के लिए भारत आते हैं।

इलाज को आराम, पोषण और व्यापक देख-भाल के साथ जोड़कर एकीकृत उपचार अनुभव देने के लिए अस्पताल, आरोग्य केंद्र और आतिथ्य श्रृंखला तेजी से मिलकर काम कर रहे हैं। रहने की प्रतिस्पर्धी लागत और आसान यात्रा लॉजिस्टिक्स के साथ, भारत अफ्रीका, मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के उन मरीजों के लिए और भी मजबूत गंतव्य बन रहा है, जो पश्चिमी देशों की तुलना में पांचवें हिस्से के खर्च में अच्छी चिकित्सा देख-भाल चाहते हैं।

**वैश्विक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक प्रभाव**

वैश्विक स्तर पर, किफायती खर्च यात्रा के विकल्प तय करता है और हाल तक, भारत थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों से पीछे था, जो कम होटल टैक्स और आसान उप-कर के लिए जाने जाते थे। नई जीएसटी प्रणाली इस अंतर को कम करती है। तर्कसंगत दरों के साथ, भारत अब आयुर्वेद रिट्रीट्स और इको-पर्यटन लॉज से लेकर लग्जरी हेरिटेज होटलों तक, वैश्विक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर विश्व-स्तरीय अनुभव देता है। यह क्षेत्र अभी भारत की जीडीपी में लगभग 5% का योगदान देता है और 80 मिलियन से ज्यादा लोगों को आजीविका देता है। लगातार टैक्स सुधार और अवसंरचना निवेश के साथ, विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह योगदान 2030 तक दोगुना हो सकता है, जिससे रोजगार, उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण के लिए फायदे कई गुना बढ़ जायेंगे।

**(लेखक: ज्ञान भूषण, (आइइएस), वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, पर्यटन मंत्रालय और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी), भारत सरकार**

**डॉ. प्रतीक घोष, विभागाध्यक्ष, डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, चंडीगढ़ )**

**(इस लेख में व्यक्त विचार लेखकों की निजी राय हैं)**

## कोल्हान की खबरें

# टाटानगर स्टेशन से दो मानव तस्कर गिरफ्तार, 13 नाबालिगों का रेस्क्यू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटानगर रेलवे स्टेशन में आरपीएफ के उड़न दस्ते ने सघन जांच के दौरान दो मानव तस्करों को गिरफ्तार कर 13 नाबालिगों को रेस्क्यू किया। बचाये गये बच्चों में 12 लड़कियां और एक लड़का शामिल है। जिनकी उम्र 13 से 16 वर्ष के बीच बतायी जारही है। सभी नाबालिक पश्चिम सिंहभूम जिले के निवासी हैं और गिरफ्तार दोनों तस्कर सुनील और जमबीरा भी उसी जिले से हैं। आरपीएफ इंचार्ज राकेश मोहन के अनुसार जांच के दौरान प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में नाबालिगों को साथ बैठे देखने पर संदेह हुआ। पूछताछ में सही जवाब न मिलने पर सभी को थाने लाया गया। जानकारी मिली बच्चों को काम दिलाने के बहाने तमिलनाडु के सलेम ले जाया जा रहा था। आरपीएफ ने तत्काल दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी नाबालिगों को चाइल्डलाइन को सौंप दिया गया।

### बाल मेला में शामिल हुए राज्यपाल संतोष गंगवार, स्मारिका का किया विमोचन

# बच्चे मोबाइल की दुनिया में कैद, समाज से जोड़ना बड़ी चुनौती : राज्यपाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** साकची बोधि मैदान में आयोजित चतुर्थ बाल मेला में बुधवार को राज्यपाल संतोष गंगवार शामिल हुए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा की छात्राओं ने बैंड के साथ उनका स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई।राज्यपाल ने कहा बाल मेला बच्चों की मासूमियत, अधिकारों और भविष्य की संभावनाओं को दिशा देने वाला मंच है। उन्होंने चिंता जताई ह्लआज के बच्चे मोबाइल की दुनिया में कैद हो गए हैं, उन्हें समाज से जोड़ना बड़ी चुनौती है।ह्व झारखंड में कुपोषण को गंभीर समस्या बताते हुए उन्होंने इसे दूर करने के प्रयास तेज करने की बात कही। उन्होंने कहा बाल मेला समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाता है और बच्चों के पोषण, शिक्षा, सुरक्षा और अवसरों को मजबूत करने का माध्यम है। राज्यपाल ने बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा बच्चे स्वस्थ और खुशहाल वातावरण में आगे बढ़ें, यही सभी की जिम्मेदारी है। मौके पर कार्यक्रम के दौरान राजपाल ने स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल को पोट्रैट एवं बाल मेला से जुड़े चित्र भेंट किये गये। कार्यक्रम के दौरान विधायक सरयू राय ने बाल मेले की शुरूआत के उद्देश्य और बच्चों के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता पर विस्तार से बात कही। श्री राय ने बताया इस वर्ष बाल मेला में 4200 बच्चों ने 18 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। बाल मेले को आगे बड़े पैमाने पर आयोजित करने की योजना है। मौके पर रवींद्र सिंह, अमरप्रीत सिंह काले, सुधांशु ओझा, सुबोध श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राज्यपाल से मिला अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल झारखंड का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष पवन अग्रहरि के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। बुधवार को प्रतिनिधियों ने राज्यपाल को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया तथा संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष पवन अग्रहरि ने बताया संगठन में नारी शक्ति की भागीदारी को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर दुकानदारों की विभिन्न समस्याओं को जल्द हल कराने का आग्रह किया। वही उपाध्यक्ष चंचल भाटिया ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित सरकारी सुविधाओं में तेजी लाने का अनुरोध किया।इस अवसर पर पवन अग्रहरि के साथ चंचल भाटिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता जायसवाल, उपाध्यक्ष एकता जायसवाल, सागर झा, यश साव, गौतम आखुली सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पोटका में सड़कों के विकास को मिलेगी रफ्तार, विधायक ने की समीक्षा

# सभी परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करना अनिवार्य : संजीव सरदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** विधायक संजीव सरदार ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों संग क्षेत्र की प्रमुख सड़कों की स्थिति पर विस्तृत समीक्षा की। बुधवार को बैठक में हाता-टाटा मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए किताडीह बागबेड़ा रिंग रोड परियोजना को प्राथमिकता दी गई। डीपीआर के अनुसार रिंग रोड कुदादा, निलडुंगरी, करनडीह, खासमहल होते हुए बागबेड़ा तक बनेगा। जिसके लिए सड़क चौड़ीकरण और जमीन अधिग्रहण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गयी। वही विधायक ने कोवाली डुमरिया सड़क निर्माण में मुआवजा न मिलने से रुके कार्य पर नाराजगी जताते हुए रैयतों को जल्द भुगतान का आदेश दिया। साथ ही जादूगोड़ा-गोविंदपुर मार्ग, स्वर्णरिखा नदी पर निर्माणाधीन पुल तथा कई आरसीडी सड़कों के चौड़ीकरण-मजबूतीकरण पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सड़क किनारे 11 हजार वोल्ट लाइन के पास लगे बिजली पोलों को लेकर विधायक ने कड़ी आपत्ति जतायी और दुर्घटना से बचाव के लिए पोल 5 से 10 मीटर दूर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। विधायक श्री सरदार ने स्पष्ट कहा सड़क निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करना अनिवार्य है। बैठक में अधीक्षण अभियंता दीपक सहाय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## सामाजिक सेवा संघ ने डीएलसी को मजदूर के फाइनल सेटलमेंट के लिए सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नुवको बिस्तास सीमेंट कंपनी में बीते 20 वर्ष तक सेवा देने वाले मजदूर छोटू सोय को फाइनल सेटलमेंट और ग्रेच्युटी राशि नही मिलने का एक मामला प्रकास में आया है। बुधवार को सामाजिक सेवा संघ और झामुमो नेताओं ने उप श्रम अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर न्याय के लिए गुहार लगाया। मौके पर संघ के अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामंत ने बताया छोटू सोय कई बार कंपनी प्रबंधन को लिखित शिकायत की। लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी कोई जबाब व भुगतान नहीं मिला। श्री सामंत ने कहा मजदूर लंबे समय तक कंपनी के ठेकेदारों के अधीन नियमित कार्य करता रहा, इसलिए सेटलमेंट की जिम्मेदारी कंपनी की बनती है। नेताओं ने चेतावनी दी यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो मजदूर संगठन कंपनी गेट पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर राजेश सामंत के साथ झामुमो नेता मनवर हुसैन, आंदोलनकारी जेना जामुदा, शिवलाल लोहरा, रूपम सिंह, छोटे सरदार, जितेन गोराई और छोटू सोय शामिल रहे।

# एफएमएम मैकेनिकल मेंटेनेंस में 26 कर्मचारियों की प्रोन्नति, हुआ स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के एफएमएम मैकेनिकल मेंटेनेंस विभाग में ब्लॉक 2 से ब्लॉक 3 में प्रोन्नत हुए 26 कर्मचारियों ने यूनियन कार्यालय पहुंचकर प्रबंधन और यूनियन के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विभागीय कमिटी मेंबर आशिष प्रधान, राजेश कुमार और जेडीसी चेयरमैन राकेश रंजन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी उर्फ 'टुन्नु' का भव्य स्वागत किया। साथ ही महामंत्री सतीश सिंह और डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह के साथ विभागीय ऑफिस बेयरर आमोद दूबे और संजीव कुमार तिवारी को भी सम्मान देकर धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने टाटा स्टील के इतिहास में बड़ी संख्या में हुए प्रोमोशन को विभागीय कमिटी मेंबरों की मेहनत का परिणाम बताया। श्री चौधरी ने कर्मचारियों से बेहतर उत्पादकता और पूर्ण सुरक्षा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। वही प्रोमोशन की इस बड़ी संख्या से विभाग में उत्साह का माहौल है। कर्मचारीओ ने अपने विभागीय चीफ राकेश कुमार और एचआर टीम के प्रति भी आभार जताया।

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : बीडीओ



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रंका प्रखंड सभागार में बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अद्यक्षता बीडीओ शुभम बेला तोपनो ने की। बीडीओ ने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक पंचायत में आयोजित होने वाली आम सभा में अधिक से अधिक संख्या में लाभुकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीण जनता तक पहुंचाना है।वहीं, सीओ शिवपूजन तिवारी ने कहा कि आम सभा का संचालन पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ हो, ताकि लोगों के बीच सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हो। कहा कि पंचायत स्तर पर सुविधाओं की उपलब्धता और आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी पहले से ही करना होगा। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय कुमार गुप्ता, प्रखंड पंचायत राज समन्वयक कीर्ति गुप्ता, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी दिनेश कुमार, मनरेगा बीपीओ हासिम अंसारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम अविनाश कुमार शुक्ला, प्रधान सहायक मुकेश कुमार, पंचायत सचिव सोनी कुमारी, किरण कुमारी, सुष्मिता कुमारी, ऑपरेटर सोनू तिवारी और मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## पचौर से शुरू होगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पचौर पंचायत सचिवालय में 21 नवंबर से झारखंड ससरकार की 'आपकी योजना, आपकी सरकार, प्रशासन आपके द्वार' अभियान की शुरूआत होगी। बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है, ताकि आम नागरिक बिना किसी परेशानी के अपने अधिकार और सुविधाएं प्राप्त कर सकें। इस दौरान पंचायत स्तर पर प्रशासन के सभी प्रमुख विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे, जो लोगों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनका त्वरित समाधान प्रदान करेंगे। शिविर में जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र तैयार करने से लेकर पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य योजनाएं, कृषि योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं की जानकारी भी यहां उपलब्ध कराई जाएगी।

## फसल लगी खेत से होकर गुजरने के विवाद को लेकर संघर्ष, चार घायल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मकरी गांव के ढेकुलीया टोला में फसल बर्बाद करने को लेकर हुई मारपीट में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। उनमें सुरेश विश्वकर्मा, पत्नी रिता देवी, पुत्र राकेश विश्वकर्मा और अभय विश्वकर्मा शामिल है। इसमें गंभीर रूप से घायल रिता देवी और अभय विश्वकर्मा को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। उधर, घटना को लेकर घायल सुरेश विश्वकर्मा ने थाना में दूसरे पक्ष के सात लोगों के विरुद्ध आवेदन दिया है। सुरेश विश्वकर्मा ने बताया कि हमारे खेत में कुरथी की फसल लगी है। उसी फसल से होकर प्रसाद विश्वकर्मा आदि धान का बोझा ढो रहे थे। मना करने पर झगड़ने लगे और दौरान लाठी डंडा लेकर प्रसाद विश्वकर्मा, संजय, पत्नी सुनिता देवी, पुत्र कैलाश विश्वकर्मा, पत्नी फेकन देवी, कपुरचंद विश्वकर्मा, पत्नी सुचिता देवी सहित पूरे परिवार ने मारपीट कर घायल कर दिया।

## बिरसा मुंडा के जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित 'भगवान बिरसा संदेश यात्रा' चौथे दिन बुधवार को गढ़वा पहुंची। इस अवसर पर यात्रा के प्रेरणादायक 'यात्रा गीत' का भी लांच किया गया। यह यात्रा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातू से राष्ट्रीय अधिवेशन स्थल उत्तराखंड के देहरादून तक निकाली जा रही है। इस दिन सुबह लोहरदगा से आगे बढ़ते हुए यात्रा लातेहार और पलामू में प्रवेश किया। दोनों ही स्थानों पर स्थानीय लोगों और छात्रों ने पारम्परिक जनजाति वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता याज्ञवल्क्य ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा स्वाधीनता की क्रांति के अग्रदूत थे। हमारी पहचान हमारी माटी और हमारी परंपरा है। आज उसी के खिलाफ षड्यंत्र रचने का प्रयास किया जा रहा है। बिरसा भगवान ने इसी माटी और परंपरा के लिए लड़ने का आह्वान किया था। इस मौके पर अभाविप के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सत्यदेव पांडेय, पूर्व कार्यकर्ता आतिश सिंह, धनंजय सिंह, विनय चौबे, उमेश सहाय, विकाश स्वदेशी के अलावा राज्य विश्वविद्यालय कार्य संयोजक मंजुल शुक्ल, राकेश पाठक, रितेश चौबे, अविनाश पासवान, रामाशंकर सिंह, जिला संयोजक शुभम तिवारी, आशीष वैद्य, शुभम केशरी, सचिन चौबे और सुगंध बघेल आदि मौजूद रहे।

## संघ ने बैठक कर मजदूरों को दी विभिन्न जानकारियां

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नाथपुर पंचायत स्थित सावन टोली गांव में गुमला मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव सह कोऑर्डिनेटर जुम्मन खान और गुमला जिला अध्यक्ष रजाक के निर्देशानुसार मजदूरों के बीच एक दिवसीय बैठक हुई। जिसमें मजदूर निबंध कार्ड, मजदूर प्रवासी कार्ड एवं मजदूर असंगठित कार्ड से होने वाले सभी प्रकार के लाभों से बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही सभी को मजदूर कार्ड बनवा लेने की सलाह दी गयी। इसके अलावा डायन बिसाही, नशापन एवं यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने, वाहन चलाते समय हेलमेट बहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने आदि की नसीहत दी गयी।

### बीडीएसयू में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन, 100 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह

# नौकरी के पीछे भागने की बजाय विद्यार्थी ज्ञान को तराशें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय और सदर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। यह शिविर झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा परिषद, झारखंड) के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन गुरुपद संभव सभागार में डीसी दिनेश कुमार यादव, कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने फीता काटकर मेगा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया एवं प्रथम 10 रक्तदाता को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि गढ़वा जिला अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद यहां बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का जो प्रयास विश्वविद्यालय की ओर से किया जा रहा है, वह सराहनीय है। उन्होंने उपस्थित डॉक्टर एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने कार्य पर पूरी निष्ठा और मनोयोग से ध्यान दें। जिससे कॉलेज एवं विश्वविद्यालय को लाभ होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की वे अपनी पढ़ाई पर गंभीरता से ध्यान दें। क्योंकि अच्छी शिक्षा से करियर के सैकड़ों अवसर प्राप्त होते हैं। नौकरी के पीछे भागने के बजाय ज्ञान को तराशें। जब ज्ञान मजबूत होगा, तो रोजगार खुद आपके पास आएगा। डीसी ने कहा कि गढ़वा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था अभी भी संतोषजनक नहीं है। गढ़वा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में अक्सर रक्त की कमी बनी रहती है। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक छात्र-छात्रा को उच्च-गुणवत्तापूर्ण और किफायती शिक्षा प्रदान करना है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने में गढ़वा प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। कहा कि गढ़वा जिले के ब्लड बैंक में अक्सर रक्त की कमी बनी रहती है। ऐसे में यह शिविर मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। वहीं, कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना को भी मजबूत बनाता है। शिविर में विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजो जैसे देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हॉस्पिटल, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस, वनांचल डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन, वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस, विधि, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, प्रबंधन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की समाप्ति तक 100 यूनिट से अधिक रक्त संग्रहित किया गया, जो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इसके सफल आयोजन में सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी, डॉ पारल मिंज, प्रदीप कुमार, डॉ मेहरू यमनी, गौरव कुमार और दयानंद ठाकुर के अलावा कुलसचिव डॉ अजय भूषण प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार, सीइओ सुभाष कुमार, एओ प्रवीण कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, डॉ एके सिन्हा, पंकज सिन्हा और शंभू राम का विशेष योगदान रहा।


मेगा रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते डीसी, कुलाधिपति एवं अन्य गणमान्य।

## राधा पार्वती ट्रस्ट की ओर से निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित परियोजना कन्या उच्च विद्यालय प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को बिरसा मुंडा के जीवन, उनके आदर्शों, संघर्षों और देश व समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान से अवगत कराना था। इसका संचालन एवं अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक ने की। प्रतियोगिता का आयोजन राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामय समारोह के साथ हुआ। जिसमें ट्रस्ट के प्रतिनिधि डॉ पंतजली केशरी, पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी एवं संकुल प्रभारी संजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि भगवान बिरसा न केवल आदिवासी समाज के महानायक थे, बल्कि संपूर्ण देश के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उधर, निबंध प्रतियोगिता में कई छात्राओं ने भाग लिया। जिसका विषय 'भगवान बिरसा मुंडा का जीवन एवं योगदान' था। प्रतियोगिता में छात्राओं की प्रतिभा, अभिव्यक्ति क्षमता और ऐतिहासिक विषयों की समझ दिख रही थी। वहीं, निर्णायक मंडल ने मूल्यांकन के बाद नैंसी मिश्रा को प्रथम, माही कुमारी को द्वितीय और किरण कुमारी गुप्ता को तृतीय पुरस्कार के लिए चुनते हुए प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार सौंपा। इस मौके पर शिक्षक सत्येंद्र कुमार रजक, अजीत कुमार और शिक्षिका साना प्रवीन की सक्रिय सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## हैदराबाद कमाने गये कांडी के युवक की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बलियारी पंचायत अंतर्गत भिलामा गांव के पानाह टोला निवासी संतोष सिंह की हैदराबाद में काम के दौरान मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार संतोष सिंह प्रोटेक्स सिक्योरिटी कंपनी की ओर से सर्फ एक्सल कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था। इसी दौरान अचानक उसकी मौत की सूचना मिली। हालांकि कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। उधर, परिवार के अनुसार संतोष सिंह लंबे समय से रोजगार के अभाव में हैदराबाद मजदूरी करने गए थे। उनकी मौत की सूचना मिलते ही वृद्ध पिता नंदकिशोर सिंह, माता सबितर देवी, पत्नी सिंकू देवी, 12 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार और 14 वर्षीय पुत्री मोही कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक का शव संभवतः अगले दिन गांव पहुंचेगा। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में रोजगार के अवसर न मिलने के कारण युवाओं का लगातार पलायन जारी है। दूसरे राज्यों में कठिन परिस्थितियों में काम करने के दौरान आए दिन मजदूरों की मौत की खबरें आती रहती हैं।

# सरकार आपके द्वार अभियान के चलते 21 से 15 दिसंबर तक जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित

### डीसी ने कहा, अतिआवश्यक मामलों की सुनवाई जारी रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी सेवाओं, योजनाओं और लाभों को सीधे जनता तक पहुँचाना तथा सेवा-प्रदान को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाना है। डीसी दिनेश यादव ने बताया कि इन शिविरों के प्रभावी संचालन के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर संचालित जनसुनवाई कार्यक्रम, अंचल दिवस, थाना दिवस को 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक अस्थायी रूप से स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। ताकि सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं संसाधन शिविरों के संचालन में पूर्ण रूप से उपलब्ध रह सकें।




डीसी ने स्पष्ट किया कि अत्यंत आवश्यक, संवेदनशील एवं आपात प्रकृति के मामलों की सुनवाई संबंधित कार्यालयों में नियमित रूप से की जाती रहेगी। इस अवधि में किसी भी जरूरतमंद को आवश्यक सेवाओं से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। गढ़वा जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर लगने वाले शिविरों में अवश्य शामिल हों और विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाएं। शिविरों का उद्देश्य सरकारी सेवाएं सीधे जनता तक की भावना को साकार करना है।

# केतार में बालू माफिया रात-दिन बालू की अवैध ढुलाई में मस्त



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बालू माफिया सक्रिय है। वे दिन-रात बालू का अवैध उत्खनन कर दूसरे प्रखंड में ऊंची कीमतों में बेच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बालू माफियाओं की इस हरकत से रात में सोना दूभर हो गया है। जबकि प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। वहीं, अवैध उत्खनन से प्रखंड से होकर बहने वाली नदियों का अस्तित्व खतरें में पड़ रही है। क्षेत्र के बलिगढ़, बेलाबार, मुकुंदपुर और सिंहपुर सहित अन्य गांवों में पंडा एवं ढाढरा नदी से इन दिनों दिन-रात खुलेआम अवैध तरीके से बालू का उठाव किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बालू माफिया बेखौफ होकर नदी से लगातार बालू निकाल रहे हैं। उनका जाल पूरे प्रखंड में बिछा हुआ है। बालू माफिया उपयुक्त स्थान पर छिपकर बालू की आपूर्ति करते है। बताया कि बालू लदे वाहनों के तेज रफ्तार में गुजरने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही बालू उत्खनन करने वाले लोगों पर नकेल कसने के लिए नियमित रूप से गश्ती की जाए।

## कांडी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 21 से



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने बताया कि सरकार के निर्देश पर 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का चौथा चरण 21 नवंबर से कांडी प्रखंड में शुरू होगा। इसकी शुरूआत शिवपुर पंचायत से की जाएगी। जिसका समापन आठ दिसंबर को अंतिम शिविर के साथ होगा। बताया कि शिविरों में प्रखंड क्षेत्र की जनता अपनी विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन सीधे संबंधित पदाधिकारियों को सौंप सकेगी। कहा कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से वंचित लाभुक, जिनका लाभ बंद हो गया है, वे पुनः आवेदन दे सकते हैं। इसी तरह अबुआ आवास योजना के लिए भी पात्र लाभुकों से आवेदन लिए जाएंगे। कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है, उनके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। ऐसे लोग ऑनलाइन आवेदन की रसीद लाकर शिविर में प्रस्तुत करेंगे, जिसके बाद ऑन-द-स्पॉट उनका राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**Letter No.-01/Stha Dhruv Heli.-01/2022-(Part-II)-6944**
**Ranchi, Date:-19/11/2025**
**GOVT. OF JHARKHAND**
**DEPARTMENT OF HOME, PRISON & DISASTER MANAGEMENT**

**NOTICE**
**RECRUITMENT OF HELICOPTER PILOT**

The Govt. of Jharkhand invites application from Indian Nationals for immediate enrolment as Helicopter Pilot, preferably Dhruv endorsed, on contract basis, Attractive terms and competitive compensation pack age will be offered.

**Requirements-**CPL(H) or ATPL(H) holder having at least 2000 Hrs. on helicopters including 500 Hrs. PIC experience and minimum 200 Hrs. on multiengine plus 50 hours of night flying preferably with IR and fit in current medical assessment. Pilots with PIC on Dhruv Helicopter would be given preference. Pilots having lesser experience, as aforesaid, may also be considered upon their experience and current license status.

**Employment**-Selected candidates will be employed on contract basis initially for a period up to December 2026.

**Vacancy**- 02 (Two)

**Pay & Allowances-** Rs. 5.00 Lakh per Month (Maximum)

**Application**- Curriculum Vitae including details of aviation experience, valid license & passport, current medical assessment along with recent passport size photograph must reach office of the **Principal Secretary, Home Department, Jharkhand Mantralaya, Project Bhawan, Dhruwa, Ranchi-834004 (Jharkhand)** by speed post or through email address:- **homejharkhand@gmail.com** within 15(Fifteen) days from date of publication of notice. Economy class air travel expense by shortest route for called candidates will be subject to reimbursement. Government reserves all rights of selection and recruitment.

sd/-
Under Secretary,
Department of Home, Prison & Disaster Management,
Govt. of Jharkhand.

PR.NO.366491 Home(25-26):D

**कार्यालय : जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा**
**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
**dhochatra@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन उद्धरण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, चतरा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में चल रहे राज्य उद्यान विकास योजना की उपयोजना ''प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग'' के तहत जिला–चतरा शहर एवं उससे आस–पास के सटे हुए शहरों में बसे हुए परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू–खण्ड ,सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों, फलों तथा साज–सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service Provider /Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक–28 / 11 / 2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक न्यूनतम दर हेतु उद्धरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा जो दिनांक –29 / 11 / 2025 के अपराह्न 3:00बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित चार सदस्यीय समिति के समक्ष उपस्थिति / अनुपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, चतरा में खोला जायेगा। पंजीकृत इच्छुक उद्धरणकर्त्ता स्थानीय Service Provider/Nursery जिला उद्यान कार्यालय ,चतरा से कार्यालय अवधि में दिनांक–20 / 11 / 2025 से 28 / 11 / 2025 को 12:30 अपराह्न तक उद्धरण हेतु समाग्री की सूची प्राप्त किया जा सकता हैं।

**Technical Eligibility**
i. Bidder must be reputed manufacturer/Authorized Dealer/ Firms/ Agency/Govt. or Non-Govt. Organization/ Companies. (Enclose supporting documents)
ii. It should have at last three-year experience in the field of gardening or landscaping or roof top/terrace horticulture Supporting Work order/ experience certificate issued from Govt. or Non Govt. Organization should be attached with proposal in support of experience.
iii. Registration Certificate and detailed information of nursery, firm/Company etc should be attached. The Agency must have a demonstration plot and after sale service center in Jharkhand. Benefited will be given of local Nursery and Service Provider.
iv. The bidder should furnish a self-attested copy of PAN & GST registration with their application.
v. Bidder must submit technical and financial bid in two seprate envelope .
vi. The bidder should furnish self-attested copy of GST return of at last 02 quarter.
vii. The average annual turnover of the bidder must not be less than Rs. 10.00 lakhs in the last financial years. Details of the audited balance sheet certified by CA for the last financial year should be attached along with the application.
viii. An undertaking (self-certificate) that the bidder hasn't been blacklisted by a central/ state government institution and that there has been no litigation with any government department on account of similar services must be submitted.
ix. The bider must submit a bank demand draft of Rs 5000 (Rs. Five thousand only ) in favour of Jila Udhyan Padhadhikari , Chatra for Security money.

नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, चतरा से सम्पर्क किया जा सकता है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्पर्क न0– | (1) | जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा– | 8299606338 |
| | (2) | श्री विषणु कान्त पाण्डेय लिपिक– | 9931526021 |
| | (3) | श्री अवध कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर– | 9508182085 |

**जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा**

PR 366504 Agriculture (25-26)_D

## देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभायें युवा: कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर बुधवार को पूर्व विधायक कोचे मुंडा के नेतृत्व में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के बानो में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। बानो नगर भवन से प्रारंभ हुई यह एकता मार्च मुख्य मार्गों से होती हुई झारखंड मैदान तक पहुंची, जहां सभा आयोजित कर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को जोड़कर एक भारत का सपना साकार किया। उनके कड़े निर्णय, अदम्य साहस और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण से ही भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने, समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित दुर्गविजय नाथ सिंहदेव, अनूप साहू, बालमुकुंद सिंह, विश्वनाथ बड़ाइक, बिरजू कुंडलना, सुषमा देवी सहित अन्य वक्ताओं ने भी सरदार पटेल के जीवन आदर्शों और उनके योगदान को याद किया। यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, स्थानीय नागरिक, युवा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## ससांगगड़ा नाला से अज्ञात महिला का शव बरामद

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह करीब 8 बजे स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर थाना क्षेत्र के इचा बड़का टोली से गिड़ुम जाने वाले मार्ग स्थित ससांगगड़ा पक्का नाला से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया। नाले में बहते हुए मिले इस शव की उम्र लगभग 65 वर्ष आंकी जा रही है। सूचना मिलते ही तोरपा थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम, पुलिस अवर निरीक्षक अमरेंद्र कुमार मंडल तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है, हालांकि अब तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। तोरपा पुलिस ने आसपास के थानों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के साथ मृतका की तस्वीर साझा कर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास तेज कर दिया है। प्राथमिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि पैर फिसलने से महिला नाले में गिर गई होगी, जिससे उसकी डूबकर मृत्यु हो गयी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतका की पहचान होने पर ही घटना की वास्तविक परिस्थितियों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## कांग्रेस जनों ने मनायी इंदिरा गांधी की जयंती



मुरी (आजाद सिपाही)। बुधवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो की अध्यक्षता में प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में स्वतंत्र भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी के तस्वीर पर कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए उपलब्धियों को याद किया तथा उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष निशाकर महतो, महासचिव मंजूर मोमिन, शमशेर आलम, पंचायत उपाध्यक्ष मोहताब अंसारी, अरुण धान, सदानंद सोनार, लखिंद्र बड़ाईक, शिव चरण मिस्त्री, शेख मुसा इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित सीआईएसएफ आवासीय परिसर में प्राइमरी हेल्थ केयर फॉर विमेन के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे कॉलोनी मे रहने वाले सीआईएसएफ और सीसीएल मे कार्यरत कर्मियो के आश्रित महिलाओ का नि:शुल्क स्वास्थ्य की जांच की गयी। शिविर में बचरा क्षेत्रिय अस्पताल की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निरोज खेस और उनकी टीम के द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हे दवा के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। शिविर में मौजुद सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेड अजय कुमार पांडेय ने बताया कि प्राइमरी हेल्थ केयर फॉर विमेन के तहत बचरा सीआईएसएफ आवासीय परिसर मे प्राइमरी हेल्थ केयर फॉर वोमेन इवेंट का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर मे मुख्य रूप से एएमओ डॉ निरोज खेस, डिप्टी कमांडेड अजय कुमार पांडेय सहित कई अधिकारी और जवान सहित काफी संख्या मे महिलाऐ मौजुद थी।

## खलारी में जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन आज

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड परिसर में जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन गुरूवार 20 नवंबर को 12 बजे दिन में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए खलारी एवं बुकबुका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी समिति के सदस्यों ने बताया कि इस जेंडर रिसर्च सेंटर का संचालन प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति के द्वारा किया जायेगा। इस समिति का मुख्य उद्देश्य घरेलू हिंसा बाल विवाह बाल मजदूर पोक्सो एक्ट उल्लंघन महिला उत्पीड़न जैसे सामाजिक बुराइयों से बचाव करना तथा इसके प्रति गांव स्तर पर जागरूक फैलाना है। इसके द्वारा खलारी प्रखंड के अंतर्गत आने वाले पंचायत गांव महिला समूह द्वारा संचालित ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन में जागरूकता फैलाना है।

## झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे। टूनामेंट समापन समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चैहान ने मुख्य अतिथि अब्दुल्ला अंसारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक कर फाइनल मैच की शुरूआत कराई। वहीं मौके पर अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि झारखंड पब्लिक स्कूल डकरा न केवल शिक्षा में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी पूरे एनके एरिया कोयलांचल में विद्यालय का नाम रोशन कर रहा है। वहीं प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चैहान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सीबीएसई क्लस्टर जोन के लिए चयनित कर भेजा जायेगा।

### राज्यपाल ने किया विवेकानंद केंद्र चांडिल का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण, कहा

## आने वाले वर्षों में राष्ट्रसेवा और युवा निर्माण का सशक्त केंद्र बनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**ईचागढ़।** वर्षों की प्रतीक्षा और समाज की सामूहिक भावना से तैयार विवेकानंद केंद्र सेवा एवं प्रशिक्षण प्रकल्प, चांडिल के नवनिर्मित भवन का बुधवार को प्रातः 11 बजे भव्य लोकार्पण हुआ। झारखंड के राज्यपाल ने दीप प्रज्वलित कर भवन का उद्घाटन किया और इसे समाज को समर्पित किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, कार्यकर्ता और केंद्र से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि आज का दिन स्मरणीय दिन है क्योंकि यह विवेकानंद केंद्र के मार्गदर्शक स्व. एकनाथ रानाडे जी का जन्म-उत्सव दिवस है। इसी शुभ तिथि पर भवन के लोकार्पण का निर्णय लिया गया था। नया भवन–'मानव निर्माण से राष्ट्र निर्माण' की दिशा में बड़ा कदम केंद्र का बीज 1977-78 में नौरंगराम स्व. देवी ट्रस्ट में बोया था, जिसे एकनाथ रानाडे जी और स्व. भगवती प्रसाद खेतान जी ने आगे बढ़ाया। वर्षों से संस्कार वर्ग, योग शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे क्षेत्रों में केंद्र की अथक गतिविधियां चलती रही हैं। अब नये भवन के तैयार होने के बाद इन सेवाओं के विस्तार को नयी गति मिलेगी।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के विचार-'उठो, जागो और स्वयं को जानो'- का उल्लेख करते हुए कहा कि चांडिल का यह केंद्र आने वाले वर्षों में राष्ट्रसेवा और युवा निर्माण का सशक्त केंद्र बनेगा। ईचागढ़ की विधायिका सविता महतो, विवेकानंद केंद्र के अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष प्रवीण देवलोकर तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

उद्घाटन कार्यक्रम में नगर संपर्क प्रमुख अनाथ मिश्रा, जीवनव्रती और विभाग संगठक रांची चिराग परमार, नगर कार्यालय प्रमुख सुशील कुमार लाल शाहदेव, निधि संकलन प्रमुख आशीष कुंडू, वानप्रस्थ कार्यकर्ता कालीचरण गुप्ता, कार्यपद्धति प्रमुख गुलशन कुमार और प्रचार प्रमुख मनोज सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण रहा और स्थानीय नागरिकों ने इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक-सामाजिक उपलब्धि बताया।

## पुलिस के साथ मारपीट के मामले में जेएलकेएम नेता तरूण सहित तीन गिरफ्तार



### जेएलकेएम कार्यकर्ताओं ने किया थाना गेट पर प्रदर्शन

बुधवार को जेएलकेएम के केंद्रीय वरिय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, तरूण महतो की पत्नी भानुमती महतो और सैकड़ों कार्यकर्ता ईचागढ़ थाना पहुंचे और थाना गेट पर आक्रोश प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, बालु माफिया होश में आओ, निर्दोष तरूण महतो और समर्थकों को मुक्त करो आदि नारे लगा रहे थे।

### गोली चलाने और अवैध कारोबार के खिलाफ राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मिलकर मांग किया जायेगा : देवेंद्र

देवेंद्र नाथ महतो ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि तरूण महतो अपने समर्थकों के साथ अवैध बालू परिवहन के खिलाफ आवाज उठा रहे थे और बालू माफिया द्वारा गोली चलाया गया। उन्होंने कहा कि तरूण महतो को जेल भेजकर जेएलकेएम का आवाज को प्रशासन दबाना चाहती है, जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गोली चलाने और अवैध कारोबार के खिलाफ राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मिलकर मांग किया जायेगा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़-सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना के डुमटांड़ मोड़ पर मंगलवार की रात करीब 2 बजे जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं और पुलिस के साथ तीखी नोंकझोंक हुई। नोंकझोंक मारपीट में तब्दील हो गयी, जिसमें ईचागढ़ थाना के मुंशी नरेश यादव एवं एक चौकीदार जख्मी हो गये। बताया जा रहा है कि वहां पर कई राउंड फायरिंग भी हुई। हालांकि पुलिस फायरिंग की बात का पुष्टि नहीं कि है। जेएलकेएम नेता तरूण महतो, सहयोगी रामकृष्ण महतो, धरनीधर महतो एवं सुधांशु महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले को लेकर चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भी ईचागढ़ थाना पहुंचे और घटना का जानकारी लिया।

भानुमती महतो ने कहा कि मेरे पति को थाना में कपड़ा खोलकर मारपीट किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पर भी कार्रवाई का मांग किया जायेगा। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा ने बताया कि रंगदारी और पुलिस के साथ मारपीट के मामले में तरूण महतो व अन्य तीन युवक को गिरफ्तार किया गया है एवं मामले का जांच किया जा रहा है।

## युवा बजरंगदल से जुड़कर राष्ट्र और समाज सेवा में योगदान दें : बिनोद



### बजरंगदल की बैठक में संगठन सुदृढ़ करने पर जोर, कई महत्वपूर्ण निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** बजरंगदल के जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संगठन की महत्वपूर्ण बैठक डकरा स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में आयोजित की गयी, जिसमें आगामी कार्यक्रमों तथा संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी राय रखी और सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये। जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने कहा कि आने वाले समय में सनातन कार्यों एवं कार्यक्रमों को और अधिक सशक्त किया जायेगा। साथ ही समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों को गति देने की योजना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बजरंगदल से जुड़कर राष्ट्र एवं समाज सेवा में योगदान दें। बैठक का समापन दीपक वर्मा (प्रखंड उपाध्यक्ष) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड संयोजक नितेश तिवारी, प्रखंड सह मंत्री अमित लोहरा, बुकाबुका सेवा प्रमुख अशोक, बादल, गुडू कुमार, मनी कुमार, राय पंचायत अध्यक्ष राहुल सिंह, चुरी उत्तरी पंचायत अध्यक्ष अनुज कुमार, अंकित कुमार महतो, खलारी पंचायत गोरक्षा प्रमुख किशन, दिनेश, मुकेश, बादल राम, रोहित तुरी, धुर्प, मोहित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## बुंडू में नवनिर्मित अस्पताल भवन का विधायक ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के पुराने अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में लगभग 5 करोड़ की लागत से नवनिर्मित आधुनिक अस्पताल भवन का उद्घाटन गुरुवार को विधायक ने किया। विधायक ने उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में कहा आधुनिक तरीका से अस्पताल का निर्माण और चिकित्सीय सुविधा प्रदान किया गया है। उन्होंने समारोह में उपस्थित सिविल सर्जन और अनुमंडलीय अस्पताल अधीक्षक को बुंडू में 24 घंटा दिन रात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध सुनिश्चित करने का दावा दिया। इसके साथ ही आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में स्वस्थ टीम तैनात रहने पर आवश्यक सुझाव दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार, बुंडू प्रखंड प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, झारखंड मुक्ति मोर्चा के, प्रखंड अध्यक्ष, दिनेश जायसवाल, अरसद अंसारी, दिलीप स्वांसी, मीठा पाल, बसु सेठ, डॉ राणा सिंह, डॉक्टर अमरनाथ, अभिषेक प्रसाद, रंजीत महतो आदि मौजूद रहे। इसके पश्चात विधायक ने बुंडू के ताऊ गांव में 25 लाख की लागत से नवनिर्मित धूमकड़िया भवन का उद्घाटन किया। मौके पर गिरीश मुंडा,प्रदीप मुंडा, दिलेश्वर उरांव, लखीसराय मुंडा, पवन मुंडा, प्रहलाद मुंडा आदि मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी का जीवन देश सेवा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है: कालीचरण

### 108वीं जयंती पर इंदिरा गांधी की दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में बुधवार को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि इंदिरा गांधी देश की आयरन लेडी के रूप में विख्यात थीं। हरित क्रांति की जनक के रूप में उन्होंने भारत को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया। विदेशों में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि एक महिला होते हुए भी इंदिरा गांधी ने जिस सख़्ती और दूरदृष्टि के साथ देश का नेतृत्व किया, वह आज के समय में भी मिसाल है।

सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने हरित क्रांति के माध्यम से देश के किसानों को सशक्त बनाया। कृषि और औद्योगिक विकास की नींव मजबूत करने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन देश सेवा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नईमुद्दीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, नगर अध्यक्ष गुलाम गौश, सोहेल अंसारी, फिरोज आलम, शहिंद्र महतो, जेम्स तोपनो, प्रनीत तोपनो, शांता खाखा, हेलेन तिड़ू, सुषमा भेंगरा, मगरीता खेस, अनीता नाग, अनमोल, तलहा खां, कमल मुंडा, लव भगत, संतोष प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांसद प्रदीप वर्मा ने एसजीवीएस अस्पताल को दिए 14 लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने खूंटी के एसजीवीएस अस्पताल में लिफ्ट निर्माण के लिए 14 लाख रुपये की अनुशंसा की है। ज्ञात हो कि सर्वांगीण विकास संस्थान खूंटी के चिकित्सा सेवा के प्रकल्प के लिए पद्मभूषण कड़िया मुंडा के अथक प्रयास से खूंटी और सिमडेगा जिले में दो अस्पताल संचालित है। इनमें प्रतिदिन लगभग 15 निःशुल्क नेत्र संबंधी रोगों की सर्जरी और उपचार हो रहा। अब खूंटी का अस्पताल सामान्य उपचार की ओर बढ़ने के लिए अग्रसर है। कोविद के समय 275 कोरोंना ग्रसित आसन्न रोगियों का उपचस गैर वित्तीय नॉनफाइनेंसियल स्वास्थ्य विभाग के साथ अनुबंध के आधार पर निःशुल्क हुआ था। 50 बेड ऑक्सीजन और ऑक्सीजन कांसिंटेटर के सपोर्ट कई गांवों में भी आक्रांत लोगों को निःशुल्क उपचार दिये गये, शौउमी कंपनी ने 20 कॉन्सिनटेटर और वैक्सपोल कंपनी ने 16 जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर दान स्वरूप इस अस्पताल को दिये। अब इस अस्पताल को राज्य सभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने वृद्ध जनो के लिए लिफ्ट हेतु सांसद मद से 14 लाख की राशि अनुशंसित कर उदारता और सेवा भाव का परिचय दिया है। खूंटी की जनता की ओर से संस्था के अध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने आभार व्यक्त किया है।

## जनसमस्याओं को लेकर दो दिवसीय धरना शुरू



बुंडू (आजाद सिपाही)। जय हो सेवा संस्था बुंडू के तत्वावधान में बुंडू नगर पंचायत एवं बुंडू प्रखंड के विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान हेतु दो दिवसीय धरना बुंडू के धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल पर बुधवार से शुरू हुआ। उक्त धरना को मजदूर संगठन बुंडू, युवा एकता संगठन बुंडू, पांच परगना फाइटर्स, उपभोक्ता अधिकार मंच बुंडू, छोटानागपुर चालक कल्याण संघ बुंडू आदि समाजसेवियों तथा बुद्धिजीवियों ने समर्थन देकर उक्त जनसमस्याओं की समाधान के लिए एकजुटता दिखायी। दो दिवसीय धरना के पश्चात भी अगर सरकार के सक्षम पदाधिकारी द्वारा ठोस निर्णय लेकर समाधान हेतु पहल नहीं होती है, तो जय हो सेवा संस्था आगामी कुछ दिनों के अंदर इससे भी ज्यादा बढ़-चढ़ कर आंदोलन करने को मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेवारी सरकार के सक्षम अधिकारियों की होगी। बुधवार को धरना के प्रथम दिन राजकिशोर कुशवाहा, पवन महतो, राजकुमार महतो, अनुज महतो, राधिका देवी, पिंकी बनर्जी, मजदूर संगठन के जीतमोहन प्रमाणिक, छोटानागपुर चालक कल्याण संघ बुंडू, विष्णु स्वासी, बुधन लाल मुंडा, अभिमन्यु महतो, मो आलम, नेपाल महतो, किशोर यादव, मनसा मुंडा, युवा एकता संगठन आशुतोष कुमार, संतोष महतो, मुकेश महतो, सोहन महतो, अधिवक्ता दिनेश महतो,साथ ही सुखसारण महतो, अनूप दत्ता, मंटू हालदार, आकाश महतो आदि अन्य शामिल रहे।

## पटेल बीएड कॉलेज में इंदिरा गांधी को दी गयी श्रद्धांजलि



खूंटी (आजाद सिपाही)। पटेल बीएड कॉलेज, काटमकुकु लोधमा में बुधवार को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं सादगीपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षकों, गैर-शिक्षकीय कर्मियों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। सीइस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि इंदिरा गांधी भारत की सबसे प्रभावशाली, दृढ़निश्चयी एवं निर्णायक नेताओं में से एक थीं। उनके कार्यकाल में देश ने हरित क्रांति,बैंकों के राष्ट्रीयकरण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने जैसे महत्वपूर्ण कदमों के माध्यम से विकास की नयी दिशा प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने इंदिरा गांधी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए शिक्षा, नैतिक मूल्यों, सामाजिक दायित्व एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

## खलारी में शिक्षकों का तीन दिवसीय टीएनए परीक्षा जारी



खलारी (आजाद सिपाही)। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव झारखंड सरकार के निर्देशानुसार खलारी प्रखंड के सभी शिक्षकों का तीन दिवसीय टीएनए का सेकेंड राउंड परीक्षा पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय खलारी बाजारटांड़ में जारी है। बुधवार, 19 नवंबर को परीक्षा के दूसरे दिन दो पालियों में परीक्षाएं संपन्न हुईं। प्रथम पाली में 18 शिक्षक तथा द्वितीय पाली में 33 शिक्षक शामिल हुए। तीनों दिवसीय परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में कराई जा रही है। परीक्षा केंद्र में केंद्र अधीक्षक उत्तरा कुमार के अलावा बीआरसी खलारी से बीपीओ सर्वरीनाथ चैरसिया, दीपक कुमार मेहता, मनोज मिश्रा, सतीश, बबीता कुमारी और मधु कुमारी मौजूद रहे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन एटक की बैठक आयोजित



खलारी (आजाद सिपाही)। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन एटक के एनके एरिया डकरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चैहान ने की, जबकि संचालन जितेंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार तथा कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भर उपस्थित थे। बैठक में एनके क्षेत्र असंगठित के क्षेत्रीय सचिव पद पर रमेश चैहान तथा क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पद पर रविंद्र पासवान को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में कहा गया कि वर्तमान समय में असंगठित मजदूर अधिक कार्य-घंटे, उचित वेतन, सीएमपीएफ- पेंशन, मेडिकल कार्ड और अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। संगठन ने आने वाले समय में इन मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आंदोलन चलाने की घोषणा की। बैठक में मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, रविंद्र पासवान, शिव प्रसाद मुखिया, धर्मेंद्र रावत, विशेश्वर मुंडा, मुंडन सिंह, राहुल, पप्पू सिंह, शंभू यादव, कैलाश यादव, दीपक करमाली, मनीष चैहान, अमानत अंसारी, दीपक चैहान, सूरज कुमार चैहान, विशाल चैहान, संदीप चैहान, छोटू चौहान, किशुन लोहार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## ग्राम सभा को बुरी चीजों पर पाबंदी लगाने का पूरा अधिकारी: बंधु तिर्की



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सोशल पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण पुलिस (चौकीदार)के साथ बुधवार को पहली बार बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व शिक्षा मंत्री सह झारखंड सरकार समन्वय समिति सदस्य बंधु तिर्की ने की। इसमें बंधु तिर्की ने कहा कि ग्राम प्रधान गांव का जिम्मेदार पद है। गांव का विकास ग्राम सभा के माध्यम से होता है। बुरी चीजों पर पाबंदी लगाना उनका अधिकार है। आने वाले दिन में पेशा कानून लागू होगा। उसमें उनका अधिकार और प्रभावी होगा। ग्राम प्रधान को हाट बाजार में शराब हंडिया का सेवन करने से बचना चाहिए। चौकीदार को गांव की गतिविधि की जानकारी जल्दी मिलती है, उससे स्थानीय पुलिस तक यथा शीघ्र पहुंचाने से पुलिस समय से कार्रवाई कर अपराधियों जेल या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने से उनकी जान बच सकती है। वहीं, बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम ने कहा कि पुलिस को ग्रामीण के साथ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में साबित करना होगा। तभी पुलिस और जनता की दूरी कम होगी। पुलिस को समय पर सूचना देने से किसी की इज्जत, जान और संपति को बचाया जा सकता है। मौके पर थाना प्रभारी गोबिंद कुमार, एसआई राजेंद्र कुमार महतो, प्रमुख कंचन उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महिली, जयंत बरला, जन्मेजय पाठक, देवेंद्र वर्मा, सुरेश साहू, संतोष तिर्की, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, दुर्गा पाइक, अस्मुदीन मियां सहित दर्जनों चौकीदार आदि थे।

## मनरेगा लोकपाल ने करांजी पंचायत का किया निरीक्षण-भ्रमण

# योजनाओं की गुणवत्ता बयां करती है विकास की दास्तान : पुष्प लता

- सेवन रजिस्टर, रोजगार दिवस पंजी एवं कई योजनाओं के अभिलेख की जांच की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** मनरेगा लोकपाल पुष्प लता जायसवाल ने बुधवार को प्रखंड अंतर्गत करांजी पंचायत का भ्रमण किया। उन्होंने पंचायत सचिवालय में मनरेगा से संबंधित कई योजनाओं के अभिलेख की जांच की। साथ ही सेवन रजिस्टर एवं रोजगार दिवस पंजी की जांच की। उन्होंने कहा कि धरातल पर बनाई गई योजनाओं की गुणवत्ता ही विकास की दास्तां बयां करती है। पंचायत और गांव में योजनाओं की रूपरेखा ही विकास की पूरी कहानी बता देती हैं। कहा कि सभी



योजनाओं के स्थल का निरीक्षण करतीं मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल।

अधिकारी-पदाधिकारी एवं कर्मियों का अभिलेख में लगाए जाने वाले कागजात में मुहर के साथ दिनांकित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। शिकायत पंजी में शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर एवं आधार नंबर की अंतिम चार डिजिट दर्ज किया जाना है, ताकि शिकायत के निष्पादन के उपरांत उन्हें फोन के माध्यम से सूचित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वंशावली में आवश्यक रूप से पंचायत सचिव एवं मुखिया द्वारा सत्यापित होना चाहिए। पंचायत भवन में अभिलेख एवं रजिस्टरों की जांच के बाद क्षेत्र भ्रमण के तहत पंचायत के विभिन्न गांव में मनरेगा के विभिन्न योजनाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शम्मा परवीन के जमीन के शेड निर्माण, रश्मि परवीन के जमीन में मुर्गी शेड निर्माण, अमन टंडन का सिंचाई कूप निर्माण, अंगद टंडन का सिंचाई कूप निर्माण, मो अंसारी का सिंचाई कूप निर्माण, विनीता देवी का आम बागवानी, मीना देवी के जमीन में आम बागवानी सहित अन्य योजनाओं के स्थल का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने योजनाओं को बेहतर बनाने के संबंध में कई अहम निर्देश दिये। इस मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, मुखिया फ्रांसिस मिंज, बबलू खान, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सुरेश लिंडा, अभय आशीष कोया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक संतोषी दमदम, बिरस मुनी कुमारी, भीम साहू और नीरज लकड़ा मौजूद थे।

## साइबर ठगों ने वृद्ध के खाते से निकाले एक लाख रुपये

पहले फोन से सिम चुराया, फिर दिया घटना को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के इतवार बाजार निवासी अनिरुद्ध सिंह नामक 77 वर्षीय वृद्ध के एसबीआई बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने एक लाख रुपये निकाल लिये। इसे लेकर भुक्तभोगी ने थाने में साइबर अपराधियों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है। आवेदन में बताया कि 16 नवंबर को अनिरुद्ध के मोबाइल फोन से एयरटेल सिम को निकालकर अपने मोबाईल में डाल लिया। इसके बाद वृद्ध के एसबीआई बैंक के खाता से 17 एवं 18 नवंबर को 10 बार में 98 हजार 880 रुपये की निकासी कर ली। उधर, थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद रातू पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**घर में रखे मोबाइल से निकाला गया था सिम**

भुक्तभोगी अनिरुद्ध के मुताबिक 16 नवंबर को जब वो सो रहे थे। तभी किसी ने उसके मोबाईल फोन में लगे ऐयरटेल कंपन्नी का सिम चोरी कर लिया। इसके बाद सिम को दूसरे मोबाइल में डालकर ओटीपी के जरिये एक लाख की रकम निकाल ली।

## महिला के साथ छेड़छाड-मारपीट के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना में दर्ज 163/21 के नामजद प्राथमिकी आरोपित मो इमरान के रांची स्थित हिंदपीढ़ी आवास में बुधवार को रातू पुलिस ने ढोलक बजाकर इश्तेहार चिपकाया। इमरान लंबे समय से फरार चल रहा है। बतातें चलें कि रातू थाना क्षेत्र की एक महिला ने साल 2021 में मो इमरान पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया था। महिला की मानें तो वह रास्ते में एक दुकान में खड़ी थी। तभी एक बाइक एवं एक स्कूटी में तीन लोग सवार होकर दुकान आये और दुकानदार से मारपीट करने लगे। महिला ने बीच बचाव किया, तो तीनों ने महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए मारपीट की। इसके बाद फरार हो गये। वहीं, बाईक से आये आरोपी की पहचान मो इमरान और राजा के रूप में हुई। जबकि एक अन्य युवक की पहचान नहीं हो सकी। इस बीच जांच में उतरी रातू पुलिस बुधवार को हिंदपीढ़ी पुलिस के सहयोग से मुबारक गली नेजाम नगर पहुंची और अभियुक्त के घर इश्तिहार चिपकाया। इसके अलावा मोती मस्जिद के समीप चौराहा एवं सदर कोर्ट के मुख्य द्वार पर भी ढोलक बजाकर इश्तिहार चिपकाया गया। इस मौके पर रातू थाने के एसआई विशेश्वर सिंह, अनुरंजन कुमार, एएसआई नजारा खातून, हिंदपीढ़ी एवं रातू थाने की पुलिस मौजूद रही।

## किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रधानमंत्री निरंतर कार्य कर रहे : रमा शंकर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयम्बटूर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 18 हजार करोड़ की राशि सीधे देश के 9 करोड़ किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रांची के मोराबादी स्थित दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला कृषि पदाधिकारी रमा शंकर थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम कृषि सिंचाई योजना, पीएम फसल बीमा योजना तथा सॉयल हेल्थ कार्ड जैसी विभिन्न योजनाओं से किसान वर्ग को निरंतर लाभ प्राप्त हो रहा है। पिछले छह वर्षों से किसानों के खातों में प्रतिवर्ष छह हजार की राशि तीन किस्तों में सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जा रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं कृषि अनुसंधान एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में रांची जिले के कुल 305 किसानों ने भाग लिया। इस मौके पर केवीके के वरीय वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह, वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ राजेश कुमार, कार्यक्रम सहायक ओम प्रकाश शर्मा, प्रफुल्ल, सीओ बीटीएम बुढ़मू अनूप पाल, राम आदि उपस्थित थे।

## हुंडरू फॉल में डूबने से तीन स्कूली बच्चों को बचाने वाले पर्यटन कर्मी हुए सम्मानित

पर्यटन सुरक्षा समिति ने आयोजित किया समारोह



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति रांची की ओर से बुधवार को सीता जलप्रपात में सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता राजकिशोर प्रसाद एवं संचालन सोहन बेक ने किया। इस अवसर पर हुण्डरु फॉल में कार्यरत जांबाज पर्यटन कर्मी चंद्र उदय बेदिया, रंजन कुमार बेदिया एवं महेश्वर बेदिया को उनकी वीरता एवं साहसिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। बताते चलें कि विगत सप्ताह हजारीबाग जिले के आईडल चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल चुरचू के तीन बच्चों को हुंडरू फॉल के मनतू मारा दह में डूबने से बचाया था। तीनों पर्यटन कर्मियों ने उन्हें बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी। बच्चों को बचाने के लिए गहरे पानी के भंवर में छलांग लगाकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला था। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने हुण्डरु फॉल कार्यरत तीनों पर्यटन कर्मियो को राज्य सरकार से वीरता पुरस्कार देने की भी मांग की है। बताया कि तीनों पर्यटन कर्मी ने अभी तक दर्जनों पर्यटकों को पानी में डुबने से बचाया है। वहीं, बालेश्वर बेदिया ने कहा कि यह सम्मान निस्वार्थ सेवा और बहादुरी के कार्यो को दर्शाता है। जिसमें ये पर्यटन कर्मी अपनी जान को जोखिम में डालकर दूसरों की जान बचाते हैं। इस मौके पर हुण्डरु, जोन्हा, सीता, दशम, हिरनी, पंचघाघ एवं लोध जलप्रपात के पर्यटन कर्मी योगेश्वर अहीर, नंदराम पूर्ति, दुर्गा भेंगरा, राजेंद्र महतो, सुशांत लोहरा, देवेंद्र सिंह, बिरसिंह पुर्ती, नागेश्वर बेदिया, हरिचरण बेदिया, रंजन कुमार बेदिया, सोहन बेक, महेश्वर बेदिया, बच्चन नाग, लालो देवी, कौशल्या देवी, मेघनाथ बेदिया, मनबहाल, मुचीराय, सतू मुन्डा और सुधीर नाग आदि शामिल रहे।

## चोरी के तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

- सेल्समैन की स्कूटी से चोरी हुआ था सिगरेट भरा बैग
- मुरगु के अश्विनी अमृतुल्य चाय दुकान से चोरी का सिगरेट बरामद

**रातू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने थाने में कांड संख्या 400/25 का उद्भेदन करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उनकी पहचान जीवनजीत मिर्धा के पुत्र अभिजीत कुमार, स्व निरंजन साहू के पुत्र करण कुमार और मनोज कुमार के पुत्र शाहील स्वरूप गुप्ता के रूप में हुई है। सभी आरोपी रातू थाना क्षेत्र के मुरगु के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक विजय उरांव नामक एक सेल्समैन अपनी स्कूटी में सिगरेट से भरा बैग रखकर पास ही दुकान गया था। तभी एक अन्य स्कूटी में आये चोर सिगरेट से भरा बैग लेकर फरार हो गया। चोरी की घटना विगत आठ नवंबर को दलादिली रिंग रोड में हुई थी। हालांकि चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी। जिसके बाद शिकायत दर्ज होने पर जांच में उतरी पुलिस ने चोरी में लिप्त सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। लगे हाथ चोरी का सिगरेट भी मुरगू स्थित अश्विनी अमृतुल्य नामक चाय दुकान से बरामद कर लिया गया।

## जिप सदस्य सरिता देवी ने चकला मध्य विद्यालय के बच्चों के साथ बैठकर खाया मध्याह्न भोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्या पूर्वी सरिता देवी बुधवार को चकला राजकीय मध्य विद्यालय पहुंची। वहां सबसे पहले बच्चों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई लिखाई की जानकारी ली। इसी क्रम में विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण भी किया। जहां बच्चों की सक्रियता और कंप्यूटर संचालक कौशल देखकर खुशी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के स्वच्छता, अनुशासन एवं शिक्षकों के टीम वर्क की भी सराहना की। कहा कि विद्यालय का वातावरण बेहद सकारात्मक और प्रेरक है। इसके बाद मध्याह्न भोजन के समय बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया। जिप सदस्य ने विद्यालय की प्रगति के लिए हर समय सहयोग का आश्वासन दिया । मौके पर प्रधानाध्यापक विमलेश कुमार मिश्रा, सतीश बड़ाईक, कुमारी किरण माला, सुचित्रा कुमारी, मो मुस्तफा अंसारी और निर्मला कुजूर उपस्थित थे।

## सेवा भारती ने मनाया रानी लक्ष्मीबाइ का जन्म दिवस



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची महानगर सेवा भारती के किशोर गंज स्थित न्यू आनंद नगर में वैभवश्री की महिलाओं ने बुधवार को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिन को नारी शक्ति दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सेवा भारती की सह शिक्षा आयाम प्रमुख रश्मि मिश्रा ने रानी लक्ष्मीबाई की जीवन गाथा सुनाते हुए कहा कि झांसी की रानी ने संघर्ष भरे जीवन को अपने आत्मबल से जीता और अपनी तलवार की चमक से अंग्रेजों की नींद हराम कर दी थीं। रानी की साहसपूर्ण जीवनी महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान रांची महानगर सेवा भारती के उपाध्यक्ष शुभेन्दू भट्ट ने भी रानी लक्ष्मीबाई की प्रेरक प्रसंग बता कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। वैभवश्री की सक्रिय महिलाओं ने अपनी सफलता के कई उदाहरण एवं अनुभव कथन को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन सेवा सारथी प्रियंका वर्मा ने किया। मौके पर वैभवश्री की महिलाएं सहित सेवा सारथी उपस्थित थीं।

## सरकार की वादाखिलाफी से मनरेगा कर्मियों में घोर निराशा और आक्रोश: अनिरुद्ध पांडेय

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने ग्रामीण विकास विभाग मंत्री और विभागीय अधिकारियों के साथ 13 अक्टूबर को हुई वार्ता में बनी सहमति के एक महीने बाद भी कोई कार्रवाई न होने और पुनः वार्ता के लिए न बुलाए जाने से गहरा रोष व्यक्त किया है। बताते चलें कि 13 अक्टूबर को हुई बैठक में सहमति बनी थी कि संगठन की मांगों पर एक महीना के अंदर कार्रवाई पूरी की जाएगी और 17 नवंबर को मामले पर पुनः वार्ता होगी। इस सहमति और सरकार के आश्वासन के बाद संघ ने दीपावली पर प्रस्तावित 40 घंटे मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम स्थगित कर दिया था, ताकि शांतिपूर्ण समाधान का मार्ग प्रशस्त हो सके। हालांकि समय सीमा पूरी हो जाने के बाद भी सरकार की ओर से न तो मांगों की पूर्ति के संबंध में कोई ठोस कदम उठाया गया न ही झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल को पुनः वार्ता के लिए बुलाया गया। यह स्थिति सरकार की मंशा पर सवाल उठाती है। जिस कारण मनरेगा कर्मियों में घोर निराशा है। इसके लिए मनरेगा कर्मी गैर-जिम्मेदाराना रवैया की घोर निंदा करता है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय ने कहा कि यदि सरकार ने अविलंब मनरेगा कर्मियों की मांगों पर कार्रवाई शुरू नही करती और वार्ता के लिए नहीं बुलाती है तो झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ के पास आंदोलन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार और संबंधित विभाग की होगी।

**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
**J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com**

**e-Procurement Notice(2nd Call)**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through from eligible and interested contractors for Construction Of 04, 05, 08, 11 & 17 A.C.R in Govt. School at Different district of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 02.12.2025 at 2.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website http://jharkhand tenders.gov.in only.

Sd/-
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 366421 (Jharkhand Education Project Council) 25-26 (D)

Ref. No.: **JEPC/CIV/03/1745/2025/4813** Ranchi, Date: -18.11.2025

## लापुंग में वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ककरिया-बेड़ो सड़क पर नवाटोली में अजय दास के घर के सामने मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। उसकी प हचान नवाटोली निवासी संदीप खाखा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक संदीप अपने घर से निकल कर चौक की ओर जा रहा था। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक वाहन ने जोर का टक्कर मार दी। जिससे संदीप सड़क पर ही गिर गया। उसके सिर और हाथ में गंभीर चोट लगी थी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने 108 ऐम्बुलेंस को फोन किया। लेकिन ऐम्बुलेंस डेढ़ घंटे विलंब से पहुंची। तबतक युवक की मौत हो चुकी थी। इधर, खबर पाकर लापुंग पुलिस पहुंची और शव को बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के विमुक्ति का प्रसारण

# तकनीक आधारित नये प्रयास एवं बढ़ते कृषि उद्यम किसानों को सक्षम और आत्मनिर्भर बना रहे हैं : अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की विमुक्ति पर कार्यक्रम आयोजित हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी उपस्थित रही। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की ओर से संचालित प्रमुख किसान-कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान ऋण सुविधा, राष्ट्रीय कृषि विकास




योजना की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि कृषि क्षेत्र में बढ़ते कृषि उद्यम एवं तकनीक आधारित नए प्रयास किसानों को सक्षम और आत्मनिर्भर बना रहे है। इसके बाद संस्थान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया। जिसमें मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किसानों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री का संदेश सुना। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने खेती को अधिक आधुनिक टिकाऊ, तकनीक संचालित और लाभप्रद बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती, कृषि स्टार्टअप के बढ़ते योगदान, कृषि ढ़ांचे के विकास, बेहतर भंडारण प्रसंस्करण सुविधाओं और कृषि निर्यात में निरंतर वृद्धि पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद मंत्री अन्नपूर्णा देवी बरगावां स्थित ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज के आवास पहुंची और चाय पर चर्चा की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रितेश उरांव, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह, गोपाल चौधरी, मीनू सिंह, प्रज्ञा भारती, गोरखनाथ सिंह, दिलीप साहू, उमाकांत राय, तुलसी गोप, अंजनी देवी, प्रतिमा सिंह, नीतू सिंह, ललन ठाकुर और अनिल सिंह आदि मौजूद थे।

**Jharkhand Education Project Council**
J.S.C.A Stadium Road, Jagannathpur, Sector -3,
Dhurwa, Ranchi - 834004 Phone - 0651-2444502 E-mail: jepcranchi1@gmail.com
**E-Tender for Printing and Supply of notebooks (copy) for Class I to XII for 2026-27**
**BID No. MRE/33/283/2025-26/4820**

Jharkhand Education Project Council invites online bids through e-tender from prospective Bidders for manufacturing, printing and supply of notebooks for class I to XII for 2026-27. Important dates/details are as under:

| Sl. No. | Activity | Start Date | Time | End Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online av ailability of bid document | 19.11.2025 | 10.00 am | 09.12.2025 | 03.15 pm |
| 2 | Pre-Bid Meeting | 25.11.2025 | 03.30 pm | - | - |
| 3 | **Online Bid Submission** | 19.11.2025 | 10.00 am | 09.12.2025 | 03.15 pm |
| 4 | Submission of Paper sample | 08.12.2025 | 10.00 am | 09.12.2025 | 03.00 pm |
| 5 | Opening of Technical Bid | 10.12.2025 | 03.15 pm | - | - |

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

PR 366467 Jharkhand Education Project Council(25-26)D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## स्वच्छता स्वास्थ्य की कुंजी है : मुखिया

बसिया (आजाद सिपाही)। विश्व शौचालय दिवस पर तेतरा स्कूल में स्वच्छता जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों के साथ पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता रैली से हुई, जो स्कूल से निकलकर पंचायत भवन तक पहुंची। रैली में बच्चों ने स्वच्छता और शौचालय उपयोग से जुड़े नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। लगे हाथ खुले में शौच न करने का संदेश दिया। वहीं, मुखिया रतिया उरांव ने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ्य की कुंजी है और सभी को शौचालय उपयोग की आदत विकसित करनी चाहिए। साथ ही प्रधानाध्यापिका मंजूला एक्का ने भी ग्रामीणों को अपने आस-पास सफाई बनाए रखने की अपील की। अंत में बच्चों और ग्रामीणों ने स्वच्छता अपनाने और शौचालय के नियमित उपयोग का संकल्प लिया। इस मौके पर पंचायत सचिव शकील राजा, सहिया दमयंती कुल्लू, सीएचओ रीना तिर्की के अलावा प्रदान संस्था की प्रतिमा कुमारी, सीता कछप और शिवचरण गोपी उपस्थित रहे।

## फसल कटाई दिवस का आयोजन

भरनो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चगरी गांव में कोर्टिवा एग्री साइंस (सीड्स पायनियर) कंपनी की ओर से फसल कटाई दिवस का आयोजन किया गया। इसमें गुमला जिले के टेरिटरी मैनेजर मो इरशाद आलम ने किसानों के साथ 27पी37 हाईब्रिड धान और अन्य हाईब्रिड धान की 400-400 वर्गमीटर क्षेत्र में कटाई कर उपज का अंतर दिखाया। परिणामों में पाया गया कि पायनियर 27पी37 किस्म प्रति एकड़ अन्य किस्मों की तुलना में लगभग 5 क्विंटल अधिक उपज दे रही है। पीएचआइ कंपनी के प्रतिनिधि खुर्शीद कोटवार ने किसानों को सलाह दी कि अधिक पैदावार के लिए 27पी37 उन्नत बीज का उपयोग करें, क्योंकि यह एक नंबर और दो नंबर दोनों प्रकार की जमीन में बेहतर उत्पादन देता है। किसानों ने भी देखा कि इस किस्म की बालियां लंबी, भारी और गुच्छेदार होती हैं, जिससे अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। मौके पर कंपनी प्रतिनिधि उस्मान खान, दुकानदार जयप्रकाश सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## स्वच्छता किट का वितरण



डुमरी/गुमला (आजाद सिपाही)। द हंस फाउंडेशन की ओर से कुपोषण उन्मूलन के तहत डुमरी कुपोषण केंद्र एवं बसिया में गंभीर कुपोषित बच्चों की माताओं के बीच स्वच्छता किट का वितरण किया गया। इस दौरान माताओं को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्रियां बाल्टी, मग, टिसनी, सेनेटरी पैड, तौलिया, चप्पल, साबुन, सर्फ एवं कंघी सहित अन्य वस्तुएं निःशुल्क प्रदान की गईं। इसका उद्देश्य माताओं में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। डुमरी केंद्र में किट वितरण सीडीएस सुनील कुमार की ओर से किया गया। जबकि बसिया केंद्र में यह जिम्मेदारी सीडीएस प्रभाकर कुमार ने निभाई। इस पहल को क्षेत्र में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जनजातीय गौरव दिवस पर सोहर साहू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में निकली भव्य शोभा यात्रा



पालकोट (आजाद सिपाही)। जनजातीय गौरव दिवस पर सोहर साहू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को विद्यालय ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्थानीय लोग पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा, सिर पर पगड़ी, हातों में तीर-धनुष, नगाड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतीक लिए शामिल हुए। यात्रा आगे बढ़ते ही स्थानीय गलियों और मोहल्लों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस शोभायात्रा में जनजातीय संस्कृति की झलक दिखी। शोभायात्रा पुनः विद्यालय परिसर में पहुंच कर संपन्न हुआ, जहां एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जनजातीय महापुरुषों बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हो, फूलो-झानो आदि के संघर्ष एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस असर पर विद्यालय के सचिव मनोज साव केसरी ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमारे इतिहास और पहचान से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दिन है। आदिवासी समाज ने स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक चेतना में अद्वितीय योगदान दिया है। बच्चों को इस विरासत से परिचित कराने के लिए ऐसे आयोजन बेहद आवश्यक हैं। वहीं, प्रधानाचार्य अशोक कंसारी एवं शिक्षकों ने भी बच्चों के उत्साह और अनुशासन की सराहना की।

### घाघरा में 'पुनर्जीवित खेती एवं स्वदेशी बीज संरक्षण' पर कार्यशाला

# हाइब्रिड बीजों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव पर जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। प्रखंड परिसर में प्रदान की ओर से मार्गदर्शित घाघरा वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और गुमला जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पुनर्जीवित खेती एवं स्वदेशी बीज संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ गुमला के डीडीसी दिलेश्वर महतो ने किया। इस दौरान प्रखंड के किसानो की विशेषकर महिला किसानों की ओर से विभिन्न स्वदेशी बीजों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। अपने संबोधन में डीडीसी ने हाइब्रिड बीजों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने जिले में पुनर्जीवित एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई और एफपीओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



कार्यशाला का उद्घाटन करते गणमान्य लोग।

### प्राकृतिक खेती पर जोर

जिला उद्यान पदाधिकारी तमन्ना परवीन ने प्राकृतिक खेती क्लस्टरों के विस्तार, महिला किसानों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ने और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने पर जोर दिया। वहीं, रांची प्रदान से आए जीब दास ने कहा कि आधुनिक कृषि के कारण किसानों का पारंपरिक बीजों पर नियंत्रण कम होता जा रहा और कंपनियों पर निर्भरता बढ़ी है। उन्होंने एफपीओ स्तर पर बीज बैंक स्थापित कर स्वदेशी बीजों के संरक्षण की आवश्यकता बताई। कहा कि झारखंड मिलेट मिशन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### कृषि पद्धतियां अपनाने को लेकर किया प्रेरित

प्रदान के टीम समन्वयक जितेन्द्र यादव ने संस्था की ओर से संचालित पुनर्जीवित कृषि, बीआरसी एवं अन्य पहलों की जानकारी साझा की और किसानों को प्राकृतिक, टिकाऊ एवं कम लागत वाली कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शुभम प्रिया, घाघरा प्रमुख सबिता देवी, घाघरा बिटीएम नीरज सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, रोशन, अभय, जोयदीप आदि उपस्थित रहे।

## सडक दुर्घटना में साइकिल सवार अधेड़ की मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के देवडीह के पास सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान टोटो निवासी अतिकुर रहमान (50) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम पांच बजे अतिकुर रहमान अपनी साइकिल से पीने का पानी लाने जा रहा था। तभी देवडीह के पास एक बाइक सवार ने जोरदार धक्का मार कर वहां से फरार हो गया। उधर, घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से अतिकुर को गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इधर, घटना के बाद मृतक के पुत्र मोहम्मद अब्दुल ने बाइक चालक नवाडीह निवासी परमेश्वर एक्का के विरूद्ध लापरवाही से बाइक चलाने का आरोप लगाते हुए गुमला थाना में मामला दर्ज कराया है।

## कैंसर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। कार्तिक उरांव महाविद्यालय के बीएड कॉलेज में इनर व्हील क्लब की ओर से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गुमला सदर अस्पताल के डॉ प्रवीर सिंह मुंडा उपस्थित रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ बीएन मिश्रा और पूर्व प्राचार्य एवं रोटरी क्लब के डॉ पीराम मौजूद थे। बीएड के विद्यार्थियों ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का अभिवादन किया। इस मौके पर डॉ मुंडा ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से कैंसर के कारण, स्टेज, वैक्सीन, उपचार के प्रकार एवं जोखिम कारकों पर विस्तृत जानकारी दी। सत्र 2025-27 के परीक्षार्थियों ने प्रश्न पूछे जिनका समाधान उन्होंने किया। वहीं, डॉ पी राम और प्राचार्य ने भी जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान कैंसर जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष निर्मला अग्रवाल सहित सभी सदस्य एवं बीएड संकाय के प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन फ्लोर मिंज और प्रो नीलम मिंज ने किया।

## अवैध बालू भंडारण के खिलाफ छापामारी, भारी मात्रा में बालू जब्त

गुमला (आजाद सिपाही)। डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिला प्रशासन ने बुधवार को नागफेनी एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध बालू उत्खनन और भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। गुमला अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस, खान विभाग, सिसई थाना एवं राजस्व टीम ने सुबह 11.30 बजे से छापामारी शुरू की। इस दौरान नागफेनी गांव, रापुटोली और एनएच-43 नागफेनी पुल के पास पुराने मार्ग के किनारे कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर अवैध बालू भंडारण पाया गया। विभिन्न स्थलों पर लगभग 700 से 4000 घनफीट तक बालू जमा मिला, जिसे जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खनन एवं राजस्व विभाग की ओर से मात्रा निर्धारण और विधिक कार्रवाई की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन से पर्यावरण और राजस्व दोनों को नुकसान होता है, इसलिए कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने लोगों से अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत साझा करने की अपील की है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी के सहयोगी ने किया आत्मसपर्पण

गुमला (आजाद सिपाही)। सिसई थाना क्षेत्र में 14 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मुख्य आरोपी को सहयोग करने वाले फरार आरोपित सिसई निवासी हसन अंसारी ने बुधवार को गुमला कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। बताते चलें कि सिसई थाना क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ तौहिद अंसारी नामक युवक ने विगत 18 अगस्त को दुष्कर्म किया था। इस कार्य में उसका साथ उसके दोस्त हसन अंसारी ने दिया था। इस मामले में दोनों आरोपितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। जिसके बाद मुख्य अभियुक्त तौहिद अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि हसन अंसारी फरार हो गया था। उसने खुद से घटना के तीन माह बाद अदालत में आकर आत्मसमर्पण किया। बतातें चलें कि वारदात के दिन पीड़िता के स्कूल से लौटने के दौरान तौहीद अंसारी उसे अपनी बाईक पर जबरदस्ती बैठाकर ले गया है। उसके बाद अपने दोस्त हसन अंसारी को फोन कर बुलाया जो सफेद रंग की कार लेकर आया। जिसमें दोनों ने मिलकर जबरदस्ती लड़की को कार में बैठा लिया और उसे लेकर मसरिया डेम ले गए। वहां झाड़ियों में ले जाकर तौहीद ने जान से मारने की धमकी देते हुए लड़की के साथ मारपीट की और उससे जबरन दुष्कर्म किया। जिसके बाद पीड़िता को कार में बैठा कर उसे उसके घर से कुछ दूर छोड़ कर फरार हो गये।

## पेट्रोल पंप का उद्घाटन

बसिया (आजाद सिपाही)। पोकला-कुम्हारी सड़क स्थित कुम्हारी चौक में बुधवार को भारत पेट्रोलियम से संचालित देवीदयाल फ्यूल पेट्रोल पंप का उद्घाटन सीओ नरेश कुमार मुंडा ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से मुखिया वीर बंशी पाल, सिराज साहू, संचालिका बसंती देवी, महावीर साहू सहित आसपास के कई ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने नए पेट्रोल पंप के खुलने पर खुशी जाहिर की।

## जंगली हाथियों ने दो ग्रामीणों के मकान किये क्षतिग्रस्त

कामडारा (आजाद सिपाही)। डुमरटोली टुरुंडू के कामडारा गांव में मंगलवार की रात जंगली हाथियों ने दो लोगों के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जा रहा कि उक्त जंगली हाथियों का झूंड देर रात एक बजे गांव में प्रवेश किया और ग्रामीण इमिल तोपनो और मेरी तोपनो के कच्चे मकान को निशाना बनाते हुए उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि ग्रामीणों ने मशाल और पटाखा छोड़ शोर मचाया तो हाथियों का झूंड जंगल की ओर चला गया। इधर, बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने वनपाल को इसकी जानकारी देते हुए मुआवजे की मांग की है।

## रक्तदान शिविर आयोजित



सिसई (आजाद सिपाही)। गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देस पर बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुमला सदर अस्पताल ब्लड बैंक एवं सिसई रेफरल अस्पताल की टीम की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें रक्तदान के लिए कुल 11 लोगों ने पंजीयन कराया। पर जांच में आठ लोगों का हीमोग्लोबिन कम पाया गया, जिस कारण केवल तीन लोग दिवाकर कुमार मिश्रा, शंकर केरकेट्टा और सोमरा उरांव ने ही रक्तदान किया।


**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग।**

**मालवाहक राष्ट्रीय परमिटधारी वाहन स्वामियों के लिए**

**आवश्यक–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित करना है कि निम्नलिखित वाहन स्वामियों के द्वारा इस कार्यालय से उनके वाहन को निर्गत राष्ट्रीय परमिट का प्राधिकरण प्रपत्र का नवीकरण नहीं कराये जाने के कारण लोक लेखा समिति प्रतिवेदन के Para-4.9 (2018-19)- Renewal of Authorization of National Permit में राशि बकाया होने के संदर्भ में आपत्ति दर्ज किया गया है जो निम्नवत् है:–

| SL. No. | Vehicle No. | Authorisatio upto | Objected Amount | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 101 | JH02AL4197 | 13-04-2017 | 62500 | 203 | JH10AV2309 | 13-08-2017 | 62500 |
| | | | | 102 | JH02AL4660 | 14-04-2018 | 45000 | 204 | JH10AV3095 | 08-11-2017 | 62500 |
| 1 | JH02AB2036 | 13-11-2017 | 62500 | 103 | JH02AL4947 | 13-06-2018 | 45000 | 205 | JH10AV3609 | 08-11-2017 | 62500 |
| 2 | JH02AB2256 | 22-05-2017 | 62500 | 104 | JH02AL5411 | 14-04-2018 | 45000 | 206 | JH10AV3691 | 08-11-2017 | 62500 |
| 3 | JH02AB6751 | 06-05-2018 | 45000 | 105 | JH02AL5872 | 13-04-2017 | 62500 | 207 | JH10AV4114 | 08-11-2017 | 62500 |
| 4 | JH02AB6760 | 23-04-2017 | 62500 | 106 | JH02AL6020 | 18-06-2017 | 62500 | 208 | JH10AV4154 | 08-11-2017 | 62500 |
| 5 | JH02AB8011 | 05-07-2018 | 45000 | 107 | JH02AL6768 | 30-04-2017 | 62500 | 209 | JH10AV4180 | 08-11-2017 | 62500 |
| 6 | JH02AB9628 | 30-05-2018 | 45000 | 108 | JH02AL6801 | 06-06-2018 | 45000 | 210 | JH10AV4205 | 31-10-2017 | 62500 |
| 7 | JH02AC1831 | 15-05-2017 | 62500 | 109 | JH02AL8440 | 02-05-2017 | 62500 | 211 | JH10AV5046 | 08-05-2017 | 62500 |
| 8 | JH02AC3923 | 08-09-2017 | 62500 | 110 | JH02AL8836 | 15-04-2017 | 62500 | 212 | JH10AV5186 | 08-11-2017 | 62500 |
| 9 | JH02AC4781 | 14-08-2018 | 45000 | 111 | JH02AL9089 | 31-07-2017 | 62500 | 213 | JH10AV5258 | 23-08-2017 | 62500 |
| 10 | JH02AC5652 | 25-08-2017 | 62500 | 112 | JH02AM0838 | 04-08-2017 | 62500 | 214 | JH10AV5537 | 08-11-2017 | 62500 |
| 11 | JH02AC9324 | 27-08-2017 | 62500 | 113 | JH02AM2311 | 23-07-2017 | 62500 | 215 | JH10AV6080 | 05-02-2018 | 45000 |
| 12 | JH02AC9435 | 28-07-2017 | 62500 | 114 | JH02AM2724 | 31-08-2017 | 62500 | 216 | JH10AV6195 | 05-11-2018 | 44000 |
| 13 | JH02AC9487 | 14-08-2018 | 45000 | 115 | JH02AM3963 | 18-08-2017 | 62500 | 217 | JH10AV6915 | 28-08-2017 | 62500 |
| 14 | JH02AD0165 | 11-09-2017 | 62500 | 116 | JH02AM4427 | 23-07-2017 | 62500 | 218 | JH10AV7353 | 08-11-2017 | 62500 |
| 15 | JH02AD0431 | 12-11-2017 | 62500 | 117 | JH02AM4651 | 10-09-2017 | 62500 | 219 | JH10AV7951 | 08-11-2017 | 62500 |
| 16 | JH02AD0497 | 20-10-2017 | 62500 | 118 | JH02AM4815 | 21-07-2017 | 62500 | 220 | JH10AV8652 | 20-08-2017 | 62500 |
| 17 | JH02AD1651 | 31-10-2018 | 44000 | 119 | JH02AM4825 | 24-08-2017 | 62500 | 221 | JH10AV8939 | 24-08-2017 | 62500 |
| 18 | JH02AD1793 | 23-05-2017 | 62500 | 120 | JH02AM5244 | 02-09-2017 | 62500 | 222 | JH10AW0711 | 23-11-2018 | 43500 |
| 19 | JH02AD1871 | 20-10-2018 | 44000 | 121 | JH02AM5960 | 21-12-2017 | 62500 | 223 | JH10AW3655 | 06-12-2018 | 43500 |
| 20 | JH02AD2445 | 30-09-2017 | 62500 | 122 | JH02AM5995 | 06-08-2018 | 45000 | 224 | JH10AW5526 | 07-02-2018 | 45000 |
| 21 | JH02AD2876 | 04-09-2017 | 62500 | 123 | JH02AM6151 | 24-01-2019 | 25000 | 225 | JH10AW9927 | 13-11-2018 | 43500 |
| 22 | JH02AD3109 | 30-09-2018 | 44500 | 124 | JH02AM7274 | 04-08-2017 | 62500 | 226 | JH10AX3669 | 30-01-2019 | 25000 |
| 23 | JH02AD3594 | 16-10-2017 | 62500 | 125 | JH02AM7480 | 20-09-2017 | 62500 | 227 | JH10AX9070 | 05-02-2019 | 25000 |
| 24 | JH02AD4823 | 22-09-2018 | 44500 | 126 | JH02AN1622 | 29-12-2018 | 43000 | 228 | JH10AZ2610 | 24-05-2018 | 45000 |
| 25 | JH02AD6541 | 15-11-2018 | 43500 | 127 | JH02AN2896 | 28-04-2018 | 45000 | 229 | JH10AZ4821 | 23-06-2017 | 62500 |
| 26 | JH02AD8529 | 22-09-2018 | 44500 | 128 | JH02AN3314 | 01-11-2018 | 44000 | 230 | JH10AZ8962 | 17-06-2017 | 62500 |
| 27 | JH02AD9281 | 15-09-2018 | 44500 | 129 | JH02AN4170 | 12-11-2017 | 62500 | 231 | JH10BA1466 | 30-09-2017 | 62500 |
| 28 | JH02AD9331 | 04-09-2017 | 62500 | 130 | JH02AN4926 | 23-11-2017 | 62500 | 232 | JH10BA2097 | 30-09-2017 | 62500 |
| 29 | JH02AE2245 | 28-12-2017 | 62500 | 131 | JH02AN7138 | 27-09-2017 | 62500 | 233 | JH10BA5195 | 20-09-2018 | 44500 |
| 30 | JH02AE3319 | 03-03-2017 | 62500 | 132 | JH02AN7731 | 04-05-2018 | 45000 | 234 | JH10BA8213 | 30-09-2017 | 62500 |
| 31 | JH02AE3895 | 02-02-2018 | 45000 | 133 | JH02AN7951 | 05-10-2017 | 62500 | 235 | JH10BB0603 | 23-12-2018 | 43000 |
| 32 | JH02AE5275 | 25-12-2017 | 62500 | 134 | JH02AN8191 | 23-12-2018 | 43000 | 236 | JH10BB4081 | 23-12-2018 | 43000 |
| 33 | JH02AE5408 | 12-04-2017 | 62500 | 135 | JH02AN9413 | 10-12-2017 | 62500 | 237 | JH10BB6350 | 23-11-2018 | 43500 |
| 34 | JH02AE7128 | 13-12-2018 | 43000 | 136 | JH02AN9749 | 21-10-2017 | 62500 | 238 | JH10BC3851 | 23-03-2019 | 24000 |
| 35 | JH02AE7497 | 08-02-2018 | 45000 | 137 | JH02AP0331 | 31-05-2018 | 45000 | 239 | JH10BD1360 | 24-06-2018 | 45000 |
| 36 | JH02AE8447 | 07-03-2017 | 62500 | 138 | JH02AP4352 | 18-04-2018 | 45000 | 240 | JH10BD2433 | 24-06-2018 | 45000 |
| 37 | JH02AE9678 | 06-08-2017 | 62500 | 139 | JH02AP8658 | 15-03-2019 | 24000 | 241 | JH10BD2659 | 24-06-2018 | 45000 |
| 38 | JH02AE9916 | 20-12-2017 | 62500 | 140 | JH02AP9568 | 18-04-2018 | 45000 | 242 | JH10BD3516 | 24-06-2018 | 45000 |
| 39 | JH02AF1278 | 21-06-2018 | 45000 | 141 | JH02AQ0915 | 19-05-2018 | 45000 | 243 | JH10BD5778 | 17-03-2018 | 45000 |
| 40 | JH02AF1738 | 19-04-2018 | 45000 | 142 | JH02AQ1122 | 06-06-2018 | 45000 | 244 | JH10BD6411 | 24-06-2018 | 45000 |
| 41 | JH02AF3303 | 21-03-2019 | 24000 | 143 | JH02AQ1790 | 19-05-2018 | 45000 | 245 | JH10BD6443 | 31-03-2019 | 24000 |
| 42 | JH02AF5255 | 30-04-2018 | 45000 | 144 | JH02AQ6717 | 06-06-2018 | 45000 | 246 | JH10BD7011 | 24-06-2018 | 45000 |
| 43 | JH02AF7086 | 04-06-2017 | 62500 | 145 | JH02AQ7045 | 19-05-2018 | 45000 | 247 | JH10BD7399 | 24-06-2018 | 45000 |
| 44 | JH02AF7338 | 11-12-2017 | 62500 | 146 | JH02AQ7337 | 10-10-2018 | 44500 | 248 | JH10BD8083 | 24-06-2018 | 45000 |
| 45 | JH02AF8416 | 12-04-2017 | 62500 | 147 | JH02AR4979 | 07-09-2018 | 45000 | 249 | JH10BD8153 | 24-06-2018 | 45000 |
| 46 | JH02AF8822 | 08-04-2018 | 45000 | 148 | JH02AR8461 | 31-08-2018 | 45000 | 250 | JH10BD9123 | 24-06-2018 | 45000 |
| 47 | JH02AF9037 | 24-02-2019 | 24500 | 149 | JH02AS4185 | 18-11-2018 | 43500 | 251 | JH10BD9588 | 24-06-2018 | 45000 |
| 48 | JH02AF9391 | 30-04-2017 | 62500 | 150 | JH02AS7553 | 21-12-2018 | 43000 | 252 | JH10BD9777 | 24-06-2018 | 45000 |
| 49 | JH02AF9902 | 30-09-2018 | 44500 | 151 | JH02AT1256 | 28-02-2019 | 24500 | 253 | JH10BE5700 | 09-05-2018 | 45000 |
| 50 | JH02AF9939 | 18-04-2018 | 45000 | 152 | JH02AT2225 | 13-02-2019 | 24500 | 254 | JH10BE6332 | 28-04-2018 | 45000 |
| 51 | JH02AG0906 | 03-06-2018 | 45000 | 153 | JH02AT6314 | 09-02-2019 | 25000 | 255 | JH10BF5041 | 23-02-2019 | 24500 |
| 52 | JH02AG1552 | 06-07-2018 | 45000 | 154 | JH02AT6783 | 28-02-2019 | 24500 | 256 | JH10BJ2894 | 28-11-2018 | 43500 |
| 53 | JH02AG2267 | 21-06-2017 | 62500 | 155 | JH02AT8106 | 22-03-2019 | 24000 | 257 | JH10BJ3443 | 29-12-2018 | 43000 |
| 54 | JH02AG2652 | 13-07-2017 | 62500 | 156 | JH02AU2225 | 22-02-2019 | 24500 | 258 | JH10BJ7013 | 16-12-2018 | 43000 |
| 55 | JH02AG4394 | 03-07-2017 | 62500 | 157 | JH09AA1993 | 30-08-2017 | 62500 | 259 | JH11M2726 | 14-05-2017 | 62500 |
| 56 | JH02AG6565 | 02-11-2018 | 44000 | 158 | JH09AA4725 | 24-08-2018 | 45000 | 260 | JH11N3888 | 26-07-2018 | 45000 |
| 57 | JH02AG7597 | 17-03-2017 | 62500 | 159 | JH09AA8214 | 30-01-2019 | 25000 | 261 | JH11N5577 | 20-07-2017 | 62500 |
| 58 | JH02AG7904 | 22-02-2017 | 62500 | 160 | JH09AA9050 | 16-08-2017 | 62500 | 262 | JH11N8468 | 15-05-2018 | 45000 |
| 59 | JH02AG8160 | 06-06-2017 | 62500 | 161 | JH09AB4639 | 21-08-2017 | 62500 | 263 | JH11P9263 | 11-12-2018 | 43500 |
| 60 | JH02AG8492 | 03-06-2018 | 45000 | 162 | JH09AC1313 | 22-06-2017 | 62500 | 264 | JH11Q5355 | 27-02-2019 | 24500 |
| 61 | JH02AG8727 | 09-06-2017 | 62500 | 163 | JH09AC2200 | 31-03-2019 | 24000 | 265 | JH11Q5610 | 06-06-2018 | 45000 |
| 62 | JH02AG9756 | 24-12-2017 | 62500 | 164 | JH09AC2266 | 23-05-2018 | 45000 | 266 | JH12E5402 | 16-05-2017 | 62500 |
| 63 | JH02AH1360 | 22-08-2018 | 45000 | 165 | JH09AC3220 | 04-06-2017 | 62500 | 267 | JH12E5962 | 30-06-2018 | 45000 |
| 64 | JH02AH1552 | 18-09-2017 | 62500 | 166 | JH09AC3678 | 27-04-2017 | 62500 | 268 | JH12E5968 | 26-08-2018 | 45000 |
| 65 | JH02AH1838 | 08-10-2018 | 44500 | 167 | JH09AC8116 | 14-04-2018 | 45000 | 269 | JH12E6967 | 16-05-2017 | 62500 |
| 66 | JH02AH2043 | 30-09-2017 | 62500 | 168 | JH09AD6027 | 19-10-2018 | 44000 | 270 | JH12E7781 | 10-06-2018 | 45000 |
| 67 | JH02AH2926 | 15-10-2017 | 62500 | 169 | JH09AD8190 | 25-11-2017 | 62500 | 271 | JH12E9200 | 27-08-2017 | 62500 |
| 68 | JH02AH4836 | 11-10-2017 | 62500 | 170 | JH09AF0114 | 31-08-2018 | 45000 | 272 | JH12F1275 | 18-04-2017 | 62500 |
| 69 | JH02AH5779 | 07-09-2017 | 62500 | 171 | JH09AF3561 | 25-03-2019 | 24000 | 273 | JH12F4312 | 05-11-2018 | 44000 |
| 70 | JH02AH6931 | 05-05-2018 | 45000 | 172 | JH09AF3815 | 04-07-2018 | 45000 | 274 | JH12F4565 | 13-03-2017 | 62500 |
| 71 | JH02AH8108 | 05-12-2018 | 43500 | 173 | JH09AF4745 | 16-05-2018 | 45000 | 275 | JH12F5183 | 13-03-2018 | 45000 |
| 72 | JH02AJ0198 | 12-11-2018 | 43500 | 174 | JH09AF7339 | 25-03-2019 | 24000 | 276 | JH12F5270 | 02-11-2018 | 44000 |
| 73 | JH02AJ0923 | 13-11-2017 | 62500 | 175 | JH09AF9491 | 25-03-2019 | 24000 | 277 | JH12F5594 | 28-08-2017 | 62500 |
| 74 | JH02AJ1920 | 16-01-2019 | 25000 | 176 | JH09AH0212 | 10-11-2018 | 44000 | 278 | JH12F5646 | 01-04-2017 | 62500 |
| 75 | JH02AJ2812 | 26-06-2018 | 45000 | 177 | JH09AJ0975 | 19-01-2019 | 25000 | 279 | JH12F7770 | 23-12-2017 | 62500 |
| 76 | JH02AJ3275 | 27-11-2017 | 62500 | 178 | JH09AJ1823 | 19-01-2019 | 25000 | 280 | JH12F7919 | 28-08-2018 | 45000 |
| 77 | JH02AJ5040 | 03-11-2017 | 62500 | 179 | JH09AK3853 | 24-03-2019 | 24000 | 281 | JH12F8371 | 09-05-2018 | 45000 |
| 78 | JH02AJ8508 | 10-12-2017 | 62500 | 180 | JH09W4977 | 16-09-2017 | 62500 | 282 | JH12F8962 | 04-02-2019 | 25000 |
| 79 | JH02AJ8543 | 05-02-2018 | 45000 | 181 | JH09W5203 | 06-03-2018 | 45000 | 283 | JH12F9456 | 26-03-2019 | 24000 |
| 80 | JH02AJ9026 | 19-10-2018 | 44000 | 182 | JH09X7849 | 07-09-2017 | 62500 | 284 | JH12G0611 | 10-07-2018 | 45000 |
| 81 | JH02AK0573 | 18-03-2018 | 45000 | 183 | JH09Y1068 | 27-01-2018 | 45000 | 285 | JH12G2509 | 02-04-2017 | 62500 |
| 82 | JH02AK1027 | 26-02-2019 | 24500 | 184 | JH09Z3538 | 05-03-2018 | 45000 | 286 | JH12G2615 | 09-04-2018 | 45000 |
| 83 | JH02AK1093 | 16-03-2018 | 45000 | 185 | JH09Z9040 | 16-08-2017 | 62500 | 287 | JH12G2720 | 03-11-2018 | 44000 |
| 84 | JH02AK1259 | 22-01-2019 | 25000 | 186 | JH10AN3866 | 23-04-2017 | 62500 | 288 | JH12G2744 | 07-03-2019 | 24500 |
| 85 | JH02AK1305 | 16-03-2018 | 45000 | 187 | JH10AP4808 | 06-08-2017 | 62500 | 289 | JH12G3317 | 25-04-2018 | 45000 |
| 86 | JH02AK1530 | 04-04-2017 | 62500 | 188 | JH10AP6035 | 15-06-2017 | 62500 | 290 | JH12G4304 | 16-07-2017 | 62500 |
| 87 | JH02AK2363 | 11-03-2019 | 24500 | 189 | JH10AP9864 | 30-05-2018 | 45000 | 291 | JH12G5818 | 03-07-2017 | 62500 |
| 88 | JH02AK4487 | 04-02-2019 | 25000 | 190 | JH10AQ6606 | 23-07-2017 | 62500 | 292 | JH12G7428 | 27-02-2018 | 45000 |
| 89 | JH02AK4766 | 05-03-2017 | 62500 | 191 | JH10AQ8153 | 14-08-2017 | 62500 | 293 | JH12G7610 | 29-12-2018 | 43000 |
| 90 | JH02AK5238 | 07-03-2017 | 62500 | 192 | JH10AR3877 | 08-12-2017 | 62500 | 294 | JH12G7954 | 28-05-2017 | 62500 |
| 91 | JH02AK5590 | 02-04-2017 | 62500 | 193 | JH10AR5708 | 04-12-2017 | 62500 | 295 | JH12G8386 | 03-12-2017 | 62500 |
| 92 | JH02AK6103 | 26-02-2017 | 62500 | 194 | JH10AR6564 | 10-01-2018 | 45000 | 296 | JH12G9106 | 28-02-2019 | 24500 |
| 93 | JH02AK6296 | 04-02-2019 | 25000 | 195 | JH10AR7591 | 24-11-2018 | 43500 | 297 | JH12H4497 | 02-12-2018 | 43500 |
| 94 | JH02AK6801 | 19-02-2019 | 24500 | 196 | JH10AS6412 | 11-01-2019 | 25000 | 298 | JH13B8334 | 29-06-2018 | 45000 |
| 95 | JH02AK6900 | 14-02-2018 | 45000 | 197 | JH10AS9059 | 27-02-2018 | 45000 | 299 | JH13C7743 | 31-03-2019 | 24000 |
| 96 | JH02AK8169 | 30-01-2018 | 45000 | 198 | JH10AS9399 | 15-02-2019 | 24500 | 300 | JH13C9750 | 12-12-2017 | 62500 |
| 97 | JH02AK8968 | 22-02-2017 | 62500 | 199 | JH10AU1649 | 03-06-2017 | 62500 | 301 | JH13D3526 | 03-12-2017 | 62500 |
| 98 | JH02AK9111 | 19-02-2018 | 45000 | 200 | JH10AU3195 | 22-06-2018 | 45000 | 302 | JH13D4513 | 09-12-2018 | 43500 |
| 99 | JH02AL0401 | 02-05-2018 | 45000 | 201 | JH10AU8106 | 05-06-2017 | 62500 | 303 | JH24A1913 | 26-05-2018 | 45000 |
| 100 | JH02AL3343 | 30-04-2017 | 62500 | 202 | JH10AU9059 | 24-11-2018 | 43500 | 304 | JH24B2948 | 10-01-2019 | 25500 |

अतः इस सूचना के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कि सात दिनों के अंदर अपने–अपने वाहन का राष्ट्रीय परमिट प्राधिकरण प्रपत्र का नवीकरण कराना सुनिश्चित करें ताकि लोक लेखा समिति को सूचित किया जा सके।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग।

PR 366444 (Transport) 25-26 (D)


### बार एसोसिएशन चुनाव 24 को, अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर मुकाबला रोचक

# सह कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार राय एवं संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) के रूप में सुधीर पांडेय निर्विरोध जीते

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। बार एसोसिएशन का चुनाव 24 नवंबर को सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जो अपराह्न 3.30 बजे तक चलेगा। चुनाव का परिणाम भी उसी दिन शाम तक आ जाएगा। बार एसोसिएशन में इस बार चुनाव उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। हालांकि चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है उम्मीदवारों की सक्रियता और बेचैनी भी बढ़ती जा रही है। वरिष्ठ और जूनियर अधिवक्ताओं के बीच लगातार बैठकों, मुलाकातों और समर्थन जुटाने की मुहिमों ने चुनावी सरगर्मी को और तेज कर दिया है। सभी प्रत्याशी चेंबर-चेंबर जाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता राणा नकुल सिंह भी लगातार अधिवक्ताओं से संपर्क में हैं। उन्होंने सभी से समर्थन मांगते हुए कहा कि वे हमेशा अधिवक्ताओं के अधिकार और सम्मान के लिए खड़े रहे हैं और आगे भी मजबूती से आवाज उठाते रहेंगे।



### उपाध्यक्ष, महासचिव एवं अन्य पदों पर भी कड़ी टक्कर

उपाध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार राणा नकुल सिंह, विनोद कुमार शुक्ला, अजय कुमार पपलू और चंदन डोमनिक मिंज आमने-सामने हैं। सभी प्रत्याशी इस पद पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगातार संपर्क अभियान चला रहे हैं। जबकि, महासचिव पद के लिए ओम प्रकाश उर्फ बाबूलाल, अमर कुमार सिन्हा और राजनारायण नाग के बीच मुकाबला है। वहीं, कोषाध्यक्ष पद पर अजय जायसवाल और सुरेंद्र ओहदार आमने-सामने हैं। जॉइंट सेक्रेटरी जनरल पद के लिए अरुण कुमार, आदित्य कुमार और जगरनाथ गिध्वार मैदान में हैं। सदस्य पद पर भी अवनीत कुमार पांडेय, आइरीन खान, कृष्ण देव सिंह, मो. असलम आलम, मुंतजिर खान और रामलखन दुबे के बीच प्रतिस्पर्धा बनी हुई है।

### अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला

इस बार अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है। इस पद के लिए तीन वरिष्ठ अधिवक्ता नंदलाल, श्रवण साहू और रविंद्र सिंह चुनावी मैदान में हैं। तीनों ही लगातार अपने-अपने समर्थकों के साथ मतदान अभियान में जुटे हुए हैं। नंदलाल तो पूर्व में भी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं और इसी अनुभव के बूते वे अपने समर्थन को और मजबूत करने में लगे हैं।

### निर्विरोध चयन

चुनाव पदाधिकारी के अनुसार, नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद सह-कोषाध्यक्ष पद पर हेमंत कुमार राय और संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) पद पर सुधीर कुमार पांडेय निर्विरोध चुने गए हैं। इन दोनों पदाधिकारियों को मतगणना के बाद औपचारिक रूप से घोषणा एवं शपथ दिलाई जाएगी।

### निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान को लेकर चुनाव पदाधिकारी कटिबद्ध

चुनाव पदाधिकारी हीरा ओहदार और तापस कुमार लाल ने संयुक्त रूप से कहा कि वे निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षा और प्रक्रिया संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि मतदान दिवस पूरी तरह शांतिपूर्ण बीते। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर उम्मीदवारों में उत्साह के साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है। उम्मीद जताई कि जो भी विजेता बनकर आएंगे, वे एसोसिएशन के हित में बेहतर कार्य करेंगे।

## सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने एकता पदयात्रा को किया रवाना



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मंगलवार को शहर में 'सरदार 150' एकता पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत झंडा मैदान से हुई, जहां बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन और एनएसएस/ एनसीसी इकाइयों के सदस्य जुटे थे। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मौके पर उपस्थित सैकड़ों प्रतिभागियों को एकता और नशा मुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाया। इस दौरान केन्दुआगढ़ा स्थित ज्वाला युवा क्लब के कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसने प्रतिभागियों का उत्साह और बढ़ा दिया। इसके बाद सांसद ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। भारत माता की जयकारों से गूंजते हुए यह विशाल पदयात्रा झंडा मैदान से टावर चौक, कालाबाड़ी चौक, मकतपुर, बरगंडा होते हुए पुनः झंडा मैदान में आकर सम्पन्न हुई। इस एकता पदयात्रा में गिरिडीह कॉलेज सहित विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्वैच्छिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों समेत 500 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## दो छात्रों के बीच मारपीट, एक घायल

**धनसार (आजाद सिपाही)।** इंडस्ट्री कोलियरी स्थित राज पलस टू स्कूल मे बुधवार को दो छात्रों के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गयी। इस दौरान एक छात्र जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया। सूचना पाकर झरिया पुलिस पहुंच मामले की छानबीन करने मे जुट गयी है। बताया जा रहा है कि बुधवार को लंच के समय दोनों छात्र मे किसी बात को लेकर वाद विवाद होने लगा। देखते ही देखते दोनों छात्र आपस मे भिड़ गए।जहां शिक्षकों ने दोनों छात्रों को समझा बुझाकर हटाया। घायल छात्र के पिता ने इसकी शिकायत झरिया थाना में किया है। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन करने मे जुट गयी। घायल छात्र ग्यारहवीं और दूसरे छात्र बारहवीं का बताया जा रहा है। इस संबंध मे प्राचार्य मो रहमत ने बताया कि फिलहाल बाहर हु। आने के बाद ही पूरा मामला सपष्ट हो पायेगा।

## डीएमएफटी अंकेक्षण कार्य में सहयोग से उच्च वर्गीय लिपिक विमुक्त

बोकारो (आजाद सिपाही)। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, बोकारो द्वारा जारी एक कार्यालय आदेश में अंचल कार्यालय चास में पदस्थापित उच्च वर्गीय लिपिक राजेश पांडेय को डीएमएफटी के अंकेक्षण कार्य में सहयोग से विमुक्त कर दिया गया है। गौरतलब हो कि, 17 नवंबर 2025 को जारी आदेश (ज्ञा. सं. 818/ स्था) के तहत श्री पांडेय को उनके नियमित कार्यों के अतिरिक्त डीएमएफटी अंकेक्षण कार्य में सहयोग की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। अब उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए उन्हें इस अतिरिक्त दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। सहयोग से विमुक्ति के बाद राजेश पांडेय केवल अपने मूल कार्यों का ही संचालन करेंगे। इस आशय की जानकारी जिला जन संपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गयी।

## राज सिन्हा को झारखंड का उत्कृष्ट विधायक चुने जाने पर भाजपाइयों में हर्ष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय एवं पूरी जिला कमेटी ने झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद के लोकप्रिय विधायक राज सिन्हा को 'उत्कृष्ट विधायक सम्मान' प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधानसभा स्थापना दिवस 22 नवंबर को उन्हें यह विशेष सम्मान प्रदान किया जायेगा, जिसे धनबाद की जनता ने गौरव के रूप में स्वीकार किया है।

## 'उपायुक्त ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के सभी 256 पंचायत में आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम का पंचायतवार आयोजन 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन धनबाद प्रखंड के 12 पंचायत, तोपचांची के 28, बलियापुर के 23, पूर्वी टुंडी के 9, निरसा के 27, टुंडी के 17, गोविंदपुर के 39, बाघमारा के 61, कालियासोल के 20 तथा एगारकुंड के 20 सहित 256 पंचायत, धनबाद नगर निगम के 55 और चिरकुंडा नगर परिषद के 21 वार्ड में विभिन्न तिथियों को शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिविरों में प्रखंड स्तरीय समन्वय पदाधिकारी के साथ जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। 21 नवंबर को धनबाद प्रखंड के गोपीनाथडीह, तोपचांची के पावापुर, बलियापुर के मुकुंदा, पूर्वी टुंडी के चुरूरिया, निरसा प्रखंड के बैजना, टुंडी के जीतपुर, गोविंदपुर के अमरपुर, बाघमारा के छाताटांड, कलियासोल के बांदा पूर्व, एगारकुंड के डूमरकुंडा दक्षिण पंचायत, धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 7, 8 व 15, धनबाद सदर के वार्ड 15, चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त ने बताया कि शिविर में आम जनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। शिविरों में सभी प्रकार की पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड वितरण, सामुदायिक वन पट्टा, व्यक्तिगत वन पट्टा, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग से संबंधित प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही बेनेफिशरी ओरिएंटेड वैसी योजनाएं जिन्हें राज्य सरकार सेचुरेशन मोड में लागू करने के लिए कृत संकल्पित है, के लिए भी छूटे हुए व्यक्ति एवं अर्हता प्राप्त करने वाले नए लोगों से आवेदन प्राप्त किए जायेंगे। उपायुक्त ने जिले के अधिक से अधिक लोगों को शिविरों में जाकर अपनी समस्या का निराकरण कराने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# बोकारो के सिटी सेंटर बाजार में आग, दर्जनभर दुकानें राख

**चार दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच आग पर पायी काबू, पुलिस प्रशासन जांच में जुटा**

**घरेलू गैस सिलेंडर से लगी आग, सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर-4 स्थित सिटी सेंटर में मंगलवार की देर शाम उस समय अफरा - तफरी मच गई, जब फुटपाथ की दुकानों में अचानक भीषण आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब एक दर्जन दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग लगने की सूचना पर सेक्टर-4 थाना पुलिस के साथ दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड, पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें अचानक एक दुकान से उठीं और कुछ ही मिनटों में आसपास की अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि लपटें दूर तक दिखाई दे रही थीं। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग और दुकानदार जुट गये। बताते हैं कि फुटपाथ की जिन दुकानों में आग लगी, उनमें सैलून, खाने-पीने की स्टॉलें और अन्य छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठान शामिल थे। हादसे में दुकानों का सामान पूरी तरह से जल कर खाक हो गया है। बहरहाल पुलिस - प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रही है।

**सिटी सेंटर अग्निकांड पर उपायुक्त ने मजिस्ट्रेट जांच के दिये आदेश :** जिला प्रशासन ने सेक्टर-4 सिटी सेंटर स्थित चिकन चिल्ली दुकान में अगलगी की घटना को अत्यंत गंभीर माना है। बताया जाता है कि मंगलवार देर रात उक्त दुकान में घरेलू उपयोग के गैस सिलेंडर से अचानक आग भड़क उठी, जिससे आसपास के क्षेत्रों में अफरा-तफरी फैल गयी। घटना में दुकान को भारी क्षति पहुंची। इस घटना से यह सवाल भी खड़ा हुआ कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कैसे किया जा रहा था। घटना के तुरंत बाद उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने एसडीएम चास प्रांजल ढ़ांडा को मजिस्ट्रेट स्तर पर पूरी जांच करने के आदेश दिए। उनके निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि आग कैसे लगी, किसकी लापरवाही रही और क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था-इन सभी बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की जाये। जांच केवल दुकान मालिक तक सीमित नहीं रहेगी। उपायुक्त ने यह भी आदेश दिया है कि बीएसएल नगर प्रशासन और संबंधित विभागों की भूमिका की भी जांच की जाये। यह देखा जायेगा कि क्या नियमित निरीक्षण, अनुमति प्रक्रिया और सुरक्षा अनुपालन को लेकर कहीं कोई चूक हुई है। उन्होंने कहा कि यह घटना जनता की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## किक बॉक्सिग लीग में 157 प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/ डुमरा।** 19 नवम्बर को डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल, डुमरा में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिग लीग में बुधवार को झारखंड के विभिन्न जिलों से आये 157 प्रतिभागियों ने पांच प्रतिस्पर्धी इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंचायत प्रमुख आनंद कुमार महतो, निदेशक राजेन्द्र कुमार, अध्यक्ष विनोद कुमार तथा प्रधानाचार्य आरके सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने उभरती प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान पॉइंट फाइटिंग, लाइट कांटैक्ट, किक लाइट और म्यूज़िकल फॉर्म्स जैसे मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। राष्ट्रीय रेफरी राजा ठाकुर और गंगा कुमारी ने मैच संचालन किया, जबकि तकनीकी सहयोग आशीष कुमार चौहान द्वारा प्रदान किया गया। धनबाद किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव राज सांचू राजवार ने इस आयोजन के समन्वय और तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, जिससे प्रतियोगिता को सफल बनाने में बड़ा योगदान मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार, रीमा प्रसाद, लक्ष्मी कुमारी और नीलम पांडे ने विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रतियोगिता जेएएसकेए के निर्देशन में सम्पन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष बिनय सिन्हा और महासचिव प्रवीण कुमार ने विद्यालय प्रबंधन, तकनीकी टीम, रेफरी और सभी प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## पर्यावरण मित्र चौक को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश का होगा विरोध : शशि भूषण ओझा

आजाद सिपाही संवाददात



**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने पर्यावरण मित्र चौक पर लगे पर्यावरण मित्र पंडित गौरी शंकर ओझा के चित्र को फाड़ने और उसे क्षति पहुंचाने की कुछ लोगों की मंशा की तीव्र आलोचना की है। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि विगत 13 नवंबर को संस्था के साथियों द्वारा बताया गया कि कुछ दबंग किस्म के लोग द्वारा गलत मंशा से चौक पर लगे चित्र एवं बैनर को नुकसान पहुंचाया गया है। मौके पर पहुंच कर संस्थान के साथियों के साथ मिलकर उसे ठीक किया गया। लेकिन पुनः 16 नवंबर को उन दबंगों द्वारा चौक पर कालिख पोतने व वाटिका मे लगाए गए वृक्षों को भी नुकसान पहुंचाने का काम किया गया। इस कृत्य से आहट होकर इस बाबत सिटी थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। 'मुकुल' ओझा ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है तो संस्थान पुरजोर आंदोलन करने को बाध्य होगा। जरूरत पड़ने पर आमरण अनशन भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक की स्थापना आज से लगभग 16 वर्षों पहले कैंप 2 मोड़ जो वर्तमान में नवनिर्मित टाउनहॉल के सामने तथा उपायुक्त आवास के बगल में है स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के संस्थापक पर्यावरण-मित्र पं गौरी शंकर ओझा के स्वर्ग गमन के पश्चात उनकी याद में बोकारो के पर्यावरण प्रेमियों, वरिष्ठ सामाजिक गणमान्य लोगों के सहयोग से संस्थान द्वारा स्थापित किया गया। इस स्थल के बगल में स्थित हरित पट्टिका जहां लोगों द्वारा पेड़ों को काटा जा रहा था तथा शहर का कचड़ा डंप किया जा रहा था, उसे संस्थान के सदस्यों ने श्रमदान द्वारा साफ सफाई कर अनेक दुर्लभ वृक्षों का रोपण किया। साथ ही, बहुत दूर से पानी लाकर उन्हें सिंचित किया। यहां एक वाटिका का निर्माण किया गया। इस वाटिका में दर्लभ देववृक्ष कल्पतरु, रुद्राक्ष, लाल चंदन, कपूर, सिंदूर, हींग, अंजीर, विदेशी एवं स्वदेशी कई प्रकार के आम, आंवला, स्टार फ्रूट, बादाम सहित अनेकों पौधों का रोपण कई केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, विधायकों सहित पूर्व एवं तत्कालीन मुख्य मंत्रियों और कई प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा किया गया है।

## पुलिस ने गोलीकांड के मृतक के शव को परिजनों को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के झरिया में मंगलवार को हुए गोलीकांड के मृतक प्रेम यादव का शव बुधवार को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन धनबाद एसएनएमएमसीएच स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे थे। इस दौरान मृतक के पिता सुनील राय का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रेम यादव साजिश का शिकार हुआ है। मृतक प्रेम यादव बिहार के सारण जिले के मकेर थाना क्षेत्र के फूलवारिया गांव का रहने वाला था। वह भेल्दी थाना क्षेत्र में हुए राहुल पांडेय हत्याकांड में वांछित था। हालांकि, प्रेम यादव के पिता सुनील राय ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को दोनों मामलों में झूठा फंसाया गया था।

**बेटा ट्रांसपोर्टिंग का व्यवसाय देख रहा था:** सुनील राय ने बताया कि प्रेम पिछले एक महीने से झरिया में रहकर ट्रांसपोर्टिंग का व्यवसाय देख रहा था और किसी भी आपराधिक गतिविधि में उसकी संलिप्तता नहीं थी।

**बाइक सवार तीन अपराधियों की करतूत :** दरअसल, झरिया के कतरास मोड़ स्थित रतनजी भगवान जी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को दिनदहाड़े छपरा के कुख्यात अपराधी प्रेम यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। तीन की संख्या में हमलावर एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। धीमी चलती बाइक से ही बीच में बैठे हमलावर ने प्रेम के सिर पर पिस्टल सटाकर गोली मार दी। कटे पेड़ की माफिक वह वहीं गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इधर, पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार अपराधी गोली मारते दिख रहे हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस घटना को गैंगवार मानकर चल रही है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह घटना गैंगवार प्रतीत हो रही है। मृतक छपरा जिले मे हुई दो हत्याओं के मामले का आरोपी था। घटना के बाद से वह झरिया में छिपकर रह रहा था। पुलिस हत्यारों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

## बीएसएल से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को जिला प्रशासन एवं बीएसएल प्रबंधन के बीच बीएसएल से जुड़े तमाम मामलों की समीक्षा बैठक उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मूलरूप से अप्रेंटिस प्रशिक्षित विस्थापितों एवं ठेका मजदूरों की समस्या के निदान पर बीएसएल प्रबंधन की ओर से की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी। इस दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि सभी अप्रेंटिस प्रशिक्षित विस्थापितों को शीघ्र फेजवाइस कार्य पर रखें। इस पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि 200 अप्रेंटिस प्रशिक्षित विस्थापित युवाओं की सूची बीएसएल प्रबंधन से प्राप्त हुई है। जिसमें 180 युवाओं को प्रमाण पत्र सत्यापन किया गया है। इनमें से मात्र 52 युवाओं को नियोजित किया गया है। इसपर उपायुक्त ने बहुत कम अप्रेंटिस प्रशिक्षित विस्थापितो के नियोजन पर नाराजगी जाहिर की तथा इसमें तीव्रता लाने का दिया निर्देश दिया।


**झारखंड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (सहकारिता प्रभाग)**
**झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि० (झाम्फकोफेड लि०, राँची)**
**चतुर्थ तल, पशुपालन भवन, हेसाग, राँची- 834003, झारखंड**
E.mail I.D.:- mdjhamfcofed@gmail.com
Ph No :0651-3510563/7004790869 Web Site: - www.jhamfcofed.com

**SHORT TERM QUOTATION NOTICE**

Jharkhand State Minor Forest Produce Cooperative Development and Marketing Federation Ltd. (JHAMFCOFED) Ranchi, invites sealed Quotation from experienced and reputed dealers/firms/distributors for "Supply and Renting Allied Items, Stage Decorations and Sitting Arrangements, Fooding, Anchor, Videography Still Photography Bouquet Momento (Including Transportation Charge, Labour Charge & GST) for Training, workshop, event, Inauguration etc. to be held at Ranchi and outside Ranchi in Jharkhand.

- The Quotation shall be submitted through offline mode..
- The detailed information can be obtained from official website:- www.jhamfcofed.com
- Last date and time for submission of this quotation- 26/11/2025 Till 5:00 PM
- Opening date of the quotation–27.11.2025, 12.30 PM

sd/-
Managing Director
JHAMFCOFED.

PR 366512 Co-opretive(25-26)#D



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।**
पता–ब्लॉक कैम्पस, सदर अस्पताल रोड
थाना+जिला–चतरा, पिन–825401
Email Id- mdmchatradse@gmail.com Phone No.- 06541-296111

**आवश्यक–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में दिए गए निदेशानुसार झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर इण्टरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5, पारा/गैर पारा कोटि) के कुल–15, स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय–गणित एवं विज्ञान) के कुल–01 एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय–भाषा) के कुल–03 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची एवं काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर अपलोड कर दी गई है। उक्त कुल–19 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग दिनांक 20.11.2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक डी0 आर0 डी0 ए0 हॉल, चतरा में निर्धारित की गई है। अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसिलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उक्त काउंसिलिंग कार्य उपायुक्त, चतरा के द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी– अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा की निगरानी में संपन्न किया जायेगा।

1. अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक (जो अभ्यर्थी के द्वारा स्वयं भरकर काउंसिलिंग के समय जाँच दल को समर्पित करना है) को अपने हस्तलिपि में भरकर (जहाँ विहित हो, छोड़कर हिन्दी अथवा English में भरें) तथा आवेदन के समय संलग्न किए गए अपने सभी संबंधित मूल प्रमाण–पत्र यथा शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं संबंधित अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति, दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा चार पासपोर्ट साईज का Black & White फोटो (एक स्वअभिप्रमाणित फोटो जाँच–पत्रक पर चिपकायें एवं तीन अतिरिक्त प्रतियां संलग्न करें) कभर फाईल (दो प्रति) में काउंसिलिंग के समय उपलब्ध करायेंगे।
2. अनुशंसित अभ्यर्थी फोल्डर फाईल के ऊपरी भाग में साफ–साफ बड़े अक्षरों में अपना नाम, पिता का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, कोटि एवं मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से अंकित करेंगे।
3. अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहें, तो कार्यालय में गठित हेल्पलाईन प्रकोष्ठ के कर्मी जिनका मोबाईल संख्या–7004065049 एवं 9973708001 है, पर संपर्क कर सकते हैं।

PR 366450 School Education and Literacy(25-26)D

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,चतरा।



**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ**
**रामगढ कैन्टोमेन्ट,रामगढ,पिन कोड–** 829122+
ई–मेलः–ese.ramgarh@gmail.com ]Phone no:- 06553-231987

**सूचना**

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ़ के अन्तर्गत सम्मानित उपभोक्तागण की सुविधा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व वसूली कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्तागण कैम्प में जाकर अपना बिजली बिल आसानी से जमा कर सकते है। कैम्प की तिथि निम्नवत हैः–

| क्र0 सं0 | स्थान | प्रखण्ड | कैम्प आयोजन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नियर दुर्गामंडप, छत्तरमाण्डु | रामगढ | 20.11.2025 |
| 2 | घाटो | दुलमी | 22.11.2025 |
| 3 | दोहाकातु, पंचायत भवन | रामगढ़ | 21.11.2025 |
| 4 | कुल्ही चौक | माण्डु | 28.11.2025 |
| 5 | बरलंगा | गोला | 27.11.2025 |
| 6 | पालू | पतरातु | 24.11.2025 |
| 7 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय उसरा | दुलमी | 25.11.2025 |
| 8 | दुलमी बाजार | रामगढ़ | 24.11.2025 |
| 9 | टेरपा | पतरातु | 25.11.2025 |
| 10 | महेश होटल लारी | माण्डु | 25.11.2025 |
| 11 | चिकोर गाँधी चौक | पतरातु | 26.11.2025 |
| 12 | चरही | माण्डु | 27.11.2025 |
| 13 | हेसला, ईल्सा गैस एंजेसी | पतरातु | 26.11.2025 |
| 14 | कोडी बाजार टांड | मांडू | 27.11.2025 |
| 15 | करमा | चितरतपुर | 28.11.2025 |
| 16 | मांडू | मांडू | 29.11.2025 |

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह०/–
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ

PR 366494 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## न्यूज रील्स

### संपत्ति अधिकार पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बिना पति-संतान वाली महिलाएं समय रहते वसीयत बनायें

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं की संपत्ति से जुड़े विवादों पर अहम रुख अपनाया। अदलात ने उन सभी महिलाओं से अपील की है कि जिनके न बेटे हैं, न बेटियां और न पति, वे अपने जीवनकाल में ही वसीयत बनवा लें, ताकि भविष्य में उनके मायके और ससुराल पक्ष के बीच होने वाले संभावित कानूनी विवादों से बचा जा सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 बनाये जाने के समय संसद ने यह माना होगा कि महिलाओं के पास स्वयं अर्जित संपत्ति नहीं होगी, लेकिन पिछले दशकों में महिलाओं ने जो प्रगति की है, उसे कम नहीं आंका जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देश में महिलाओं खासकर हिंदू महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में बढ़ोतरी के कारण उनके पास आज बड़ी मात्रा में स्वयं अर्जित संपत्ति है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी धारा 15(1) को चुनौती देने वाली एक महिला अधिवक्ता स्निधा मेहरा की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

# अल फलाह के मालिक ने धोखा देकर चार सौ करोड़ से ज्यादा की कमाई की, विदेश भागने का खतरा: इडी

## जवाद अहमद सिद्दीकी को 13 दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की हिरासत में भेजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को अल फलाह यूनिवर्सिटी के प्रमुख और संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी को 13 दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया कि जवाद ने छात्रों और उनके अभिभावकों को धोखा देकर 415 करोड़ रुपये की कमाई की और उनके खाड़ी के देशों में भाग जाने का खतरा है, जहां उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जवाद अहमद के वकील ने दावा किया कि उनके खिलाफ लगाये गये आरोप गलत हैं। सिद्दीकी को मंगलवार देर रात गिरफ्तार करने



से पहले दिन भर अल फलाह समूह के कई ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की। यूनिवर्सिटी 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए आत्मघाती हमले के बाद जांच के दायरे में आ गयी। जिस आतंकी मॉड्यूल ने इस हमले को अंजाम दिया, उसके कई सदस्य अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए थे। जवाद को एडिशनल सेशंस जज शीतल चौधरी प्रधान के सामने प्रस्तुत किया गया।

इडी ने 14 दिनों की रिमांड मांगी थी। अदालत ने एक दिसंबर तक के लिए जवाद को इडी की हिरासत में भेज दिया। रिमांड आवेदन में इडी ने अदालत को बताया कि सिद्दीकी के पास बहुत आर्थिक संसाधन और प्रभाव हैं। उनका परिवार खाड़ी के देश में मौजूद है और उनके भी भाग जाने की संभावना है।

एजेंसी ने कहा कि सिद्दीकी और उनके निर्देशन में काम करने वाले अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट ने छात्रों और अभिभावकों को मान्यता और पहचान के बारे में झूठे दावे कर गुमराह करके 415.10 करोड़ की राशि जुटायी। अदालत ने कहा कि आरोपी का गंभीर आर्थिक अपराधों का इतिहास रहा है। आशंका है कि यदि उसे गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वह फरार हो सकता है, संपत्तियों को इधर-उधर कर सकता है या जांच में बाधा डाल सकता है। इडी ने दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की दो एफआइआर का संज्ञान लिया है। इनमें अल फलाह यूनिवर्सिटी पर मान्यता की स्थिति को फर्जी तरीके से दिखाकर छात्रों को दाखिले के लिए आकर्षित करने का आरोप लगाया गया है। इडी की ओर से पेश हुए वकीलों ने बताया कि विश्वविद्यालय ने प्रमाण-पत्रों को जालसाजी से तैयार किया, जिससे वह छात्रों का दाखिला जारी रख सके।

एजेंसी ने दावा किया कि ट्रस्ट ने धोखाधड़ीपूर्ण तरीकों से फीस और शिक्षा संबंधी प्राप्तियों के रूप में 400 करोड़ से अधिक राशि जुटायी और इन धनराशियों को सिद्दीकी के व्यक्तिगत और निजी हितों के लिए मोड़ दिया।

# जीवनसाथी को बार-बार अत्महत्या की धमकी देना क्रूरता, वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** बांबे हाइकोर्ट ने तलाक के मामले में एक अहम टिप्पणी की है। बांबे हाइकोर्ट का कहना है कि एक व्यक्ति को तलाक देते हुए कहा कि जीवनसाथी द्वारा बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देना क्रूरता के समान है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने पिछले सप्ताह पारित अपने आदेश में कहा कि जब ऐसा आचरण दोहराया जाता है, तो पति या पत्नी के लिए वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव हो जाता है। यह आदेश उस व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया, जिसने पारिवारिक अदालत के 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। पारिवारिक अदालत ने व्यक्ति की तलाक की अर्जी खारिज कर दी थी। याचिका के मुताबिक व्यक्ति की शादी 2006 में हुई थी, लेकिन वैवाहिक विवाद के कारण वह 2012 से पत्नी से अलग रह रहा था। व्यक्ति ने दावा किया कि अलगाव और संदेह के साथ-साथ धमकी और आत्महत्या का प्रयास करना हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक देने के आधार हो सकता है। पीठ ने आदेश में कहा कि पति-पत्नी एक दशक से अधिक समय से अलग-अलग रह रहे हैं और उनके बीच न तो कोई





सौहार्द्रपूर्ण समझौता हो पाया है और न ही मेल-मिलाप संभव हो पाया है। अदालत ने कहा कि व्यक्ति ने क्रूरता के कई उदाहरणों का उल्लेख किया था, लेकिन पारिवारिक अदालत ने उन पर विचार नहीं किया। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि जीवनसाथी द्वारा आत्महत्या की धमकी देना क्रूरता है। हाइकोर्ट ने कहा, जब इस तरह का आचरण दोहराया जाता है, चाहे शब्दों, संकेतों या हावभावों के माध्यम से, तो दंपती के लिए शांतिपूर्ण वातावरण में वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव हो जाता है। अदालत ने कहा कि संदेह और आत्महत्या के प्रयास के आरोप पति के प्रति पत्नी के आचरण को दशार्ते हैं। पीठ ने कहा कि अब पति-पत्नी का साथ रहना संभव नहीं है, इसलिए तलाक का आदेश दिया जाना चाहिए। अदालत ने व्यक्ति को तलाक की अनुमति देते हुए उसे अंतिम निपटान के रूप में 25 लाख रुपये का भुगतान करने और दो फ्लैट का स्वामित्व महिला को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शोकाकुल परिवार के घर पहुंच जाना हाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मंगलवार को धनवार विधानसभा क्षेत्र दौरा किया। इस दौरान वे अंबाटांड़ (जेरुआडीह) में पांच दिन पूर्व सर धड़ से अलग कर मारी गयी शांति देवी के घर पहुंच उनके शोकाकुल परिवार से मिले। मौके पर उन्होंने वहां पहुंचे धनवार और जमुआ की पुलिस से मामले की गहन जांच कर जल्द से जल्द हत्यारे को गिरफ्तार करने की अपील की। कहा कि यह मामला काफी संगीन है, इसलिए दोषी बच नही पाये और कोई निर्दोष फंसे नही, अनुसंधान में इसका भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें जल्द ही मामले के उद्भेदन का भरोसा दिया। इस क्रम में श्री सिंह भलूटांड एक शादी समारोह में शामिल हुए। साथ में उदय सिंह, पवन साव, श्रीकांत सिंह, अमर कुमार सिंह, संजय यादव आदि उपस्थित थे।

# ट्राइ के नये फैसले से फर्जी कॉल पर लगेगी रोक

**अब बैंक-म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों की 1600 नंबर से आयेगी कॉल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** टेलीकॉम रेगुलेटर ऑफ इंडिया (ट्राइ) ने वित्तीय धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा सेक्टर को निर्धारित समय सीमा के भीतर 1600 सीरीज अपनानी होगी। इस नयी सीरीज के लागू होने से उपयोक्ता आसानी से असली और फर्जी कॉल में अंतर कर पायेंगे। ट्राइ का मानना है कि इस नियम से ठगी और फर्जी फ्रॉड कॉल में बड़ी कमी आयेगी और लोगों की वित्तीय सुरक्षा मजबूत होगी।

ट्राइ ने बुधवार को घोषणा की कि आरबीआइ, सेबी और पीएफआरडीए के तहत आने वाले सभी वित्तीय संस्थानों को





निर्धारित समय के भीतर इस संख्या सीरीज को अपनाना होगा। 1600 सीरीज को दूरसंचार विभाग की ओर से बीएफएसआइ सेक्टर के लिए आवंटित किया गया है, ताकि ग्राहकों तक वास्तविक और विश्वसनीय कॉल पहुंच सके तथा फर्जी कॉल व फ्रॉड की घटनाओं में बड़ी कमी लायी जा सके। सभी म्यूचुअल फंड और एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को 15 फरवरी 2026 तक 1600 सीरीज अपनाना अनिवार्य होगा। वहीं क्वालिफाइड स्टॉक ब्रोकर को 15 मार्च 2026 तक इस सीरीज में स्थानांतरित होना होगा। इसके अलावा अन्य सेबी-पंजीकृत मध्यस्थ अपने पंजीकरण विवरण की पुष्टि होने के बाद स्वेच्छा से इस नयी सीरीज में शामिल हो सकते हैं। वहीं सभी वाणिज्यिक बैंक चाहे सार्वजनिक, निजी या विदेशी, को 1 जनवरी 2026 तक 1600 नंबरिंग सीरीज अपनानी होगी। 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की एसेट वैल्यू वाली बड़ी एनबीएफसी, पेमेंट्स बैंक और स्मॉल फाइनेंस बैंकों को 1 फरवरी, 2026 तक इसमें शामिल होना होगा, जबकि बाकी एनबीएफसी, सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और छोटी संस्थाओं को 1 मार्च, 2026 तक इसमें शामिल होना होगा। केंद्रीय रिकॉर्ड रखने वाली एजेंसियां और पेंशन फंड मैनेजर को इसमें 15 फरवरी, 2026 तक शामिल होना होगा। इंश्योरेंस सेक्टर के लिए 1600 नंबरिंग को अपनाने की तारीख को जल्द अधिसूचित किया जायेगा, क्योंकि इसके लिए आइआरडीएआइ के साथ बातचीत चल रही है। अब तक 485 से ज्यादा बीएफएसआइ संस्थान 1600 सीरीज अपना चुके हैं और कुल 2800 से अधिक नंबर जारी हो चुके हैं। ट्राइ का मानना है कि अब संक्रमण को अनिवार्य करने का समय आ गया है, ताकि कोई भी प्रमुख संस्था 10-अंकों वाले सामान्य मोबाइल नंबरों से कॉल करना बंद करे।

# 8वें वेतन आयोग की 'संदर्भ शर्तों' में पुरानी पेंशन बहाली सहित दर्जनों संशोधनों को शामिल करने की मांग करेगा जेसीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद जेसीएम की स्थायी समिति के सदस्यों की एक विस्तारित बैठक में आठवें वेतन आयोग की संदर्भ शर्तों में संशोधन करने के लिए कई प्रस्तावों पर सहमति बनी है। हालांकि जेसीएम ने अपने सभी घटक दलों से एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा है। बाद में यह रिपोर्ट, केंद्र सरकार और आठवें वेतन आयोग को सौंपी जायेगी। इसमें पुरानी पेंशन बहाली सहित दर्जनों विषयों पर सुझाव मांगे गये हैं। जेसीएम की बैठक 15 नवंबर को नयी दिल्ली में आयोजित की गयी थी। बैठक में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की नियुक्ति और उसके संदर्भ की शर्तों पर भारत सरकार द्वारा तीन नवंबर को जारी अधिसूचना पर चर्चा की गयी। एम राघवैया, शिव गोपाल मिश्रा, एसएन पाठक, जेआर भोसले, गुमान सिंह, सी श्रीकुमार, बीसी शर्मा, रूपक सरकार, तापस बोस, अमल कुमार दास, अशोक कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, पीयू खडसे, शिवाजी वासरेड्डी और एलएन पाठक, बैठक में मौजूद रहे। आठवें वेतन आयोग की संदर्भ शर्तों पर विभिन्न संगठनों से प्राप्त सुझाव बैठक में रखे गये। इसके बाद सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की गयी। जेसीएम में जो निर्णय लिये गये हैं, उन्हें प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कॉपी की एक प्रति वित्त मंत्री, कैबिनेट सचिव, व्यय विभाग के





सचिव और डीओपीटी के सचिव को भेजी जायेगी।

जेसीएम सरकार से मांग करेगी कि आठवें वेतन आयोग के टीओआर में किये जाने वाले आवश्यक संशोधनों में इन सुझावों को शामिल किया जाये। इनमें विशेष रूप से पुरानी पेंशन योजना की बहाली के संबंध में अतिरिक्त संदर्भ की शर्तें भी शामिल हैं। स्वायत्त निकायों और आयोग के तहत आने वाली अन्य संस्थाओं के मौजूदा पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को पेंशन लाभ के संशोधन के बारे में संदर्भ की शर्तों में शामिल किया जाये। इसके साथ ही टीओआर में गैर-अंशदायी पेंशन योजना की अवित्तपोषित लागत को भी हटाया जाये।

जेसीएम ने सभी घटक संगठनों से अनुरोध किया है कि वे राष्ट्रीय परिषद के कर्मचारी पक्ष द्वारा 8वें वेतन आयोग को प्रस्तुत किये जाने वाले ज्ञापन की तैयारी के लिए विभिन्न विषयों पर अपने विचार और सुझाव भेजें। इनमें न्यूनतम वेतन का पूर्ण औचित्य के साथ निर्धारण, जैसे कि एक वयस्क के लिए आवश्यक कैलोरी, परिवार इकाइयों की संख्या, अतिरिक्त खाद्य, गैर-खाद्य और वस्त्र वस्तुओं को शामिल करना, सभी खाद्य पदार्थों की सामग्री की कीमतें, सरकारी किराना दुकानों, राज्य सरकार के सहकारी उपभोक्ता भंडारों आदि से खुदरा मूल्य एकत्र करके, त्योहारों, सामाजिक दायित्वों आदि के लिए अतिरिक्त प्रतिशत जोड़ना और आवश्यक तकनीकी दैनिक आवश्यकताओं आदि पर व्यय को पूरा करना, आदि शामिल है। मौजूदा कर्मचारियों के लिए फिटमेंट फैक्टर, उच्चतम वेतन का निर्धारण, प्रस्तावित वेतन संरचना और वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्नति और एमएसीपी पर वेतन का निर्धारण, वेतन आयोग की सिफारिशों के प्रभावी होने की तिथि, विभिन्न श्रेणियों को दिये गये विशेष वेतन में संशोधन, केंद्र सरकार में सामान्य श्रेणियों जैसे कारीगर, लिपिक/मंत्रालयिक कर्मचारी, स्टोरकीपिंग कर्मचारी, लेखा और लेखा परीक्षा कर्मचारी, ड्राइवर, अग्निशमन कर्मचारी, एमटीएस, पैरा मेडिकल कर्मचारी, नर्सिंग कर्मचारी, शिक्षक, कैंटीन कर्मचारी, रिसेप्शनिस्ट, पुस्तकालय कर्मचारी, प्रयोगशाला कर्मचारी, पशु चिकित्सक, वैज्ञानिक कर्मचारी, इंजीनियरिंग कर्मचारी, पर्यवेक्षी कर्मचारी, ड्राइंग ऑफिस कर्मचारी, फोटोग्राफर आदि से संबंधित मुद्दों पर सुझाव मांगे गये हैं। पदों का वर्गीकरण, ग्रामीण डाक सेवक, भत्ते और अग्रिम, परिवहन भत्ता, प्रतिनियुक्ति ड्यूटी भत्ता स्थानांतरण पर यात्रा भत्ता, बच्चों की शिक्षा भत्ता, दैनिक भत्ता, ओवरटाइम भत्ता, जोखिम भत्ता / जोखिम और कठिनाई मैट्रिक्स, इन पर भी जेसीएम के सदस्य अपने सुझाव तैयार करेंगे। रात्रि ड्यूटी भत्ता, रोगी देखभाल भत्ता / नर्सिंग भत्ता, पूर्वोत्तर क्षेत्र एवं उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विशेष भत्ते, आवास सुविधाएं, जिनमें एचबीए शामिल है, मकान किराया भत्ता, पदोन्नति नीति और एमएसीपी योजना भी सुझाव पेश किये जायेंगे। केंद्र सरकार के कर्मचारी समूह बीमा योजना, सभी अवकाश संबंधी मामले, छुट्टी यात्रा रियायत, चिकित्सा सुविधायें (सीएस एमए नियम और सीजीएचएस), महिला कर्मचारी, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति अनुबंध / आकस्मिक / निश्चित अवधि के रोजगार कर्मचारियों का नियमितीकरण, बोनस, केंद्रीय सचिवालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के बीच समानता, स्थानांतरण नीति, सेवा मामले पर मुकदमेबाजी और पुरानी पेंशन योजना की बहाली, टीओआर में संशोधन के लिए इन मुद्दों पर सुझाव मांगे गये हैं। 01/01/2026 से पूर्व के सभी पेंशनभोगियों के लिए पेंशन में संशोधन और मृत्यु सह सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी, पेंशन का संराशीकरण, पेंशन/पारिवारिक पेंशन में वृद्धि आदि सहित संबंधित मामलों पर सुझाव दिए जा सकते हैं। जेसीएम के घटक संगठनों को उक्त मुद्दों पर अपने सुझाव 15 दिसंबर तक देने होंगे। अंतिम तिथि में कोई बदलाव नहीं होगा।

प्रो. सुनील मंडल
मंडल बोरवेल्स
बेकोबार, झुमरी तिलैया, कोडरमा
शुद्ध पानी के लिये मशीन द्वारा चापाकल, बोरिंग के लिये सम्पर्क करें-
Contact for : 5"X4.5", 7"X6.5", 8"X6.5"
7762893254, 8789912506

अपोलो हेल्थ केयर
बाजार रोड, डोमचांच
डॉ. अंकित कुमार साहा
(बी.ए.एम.एस., बैंगलोर)
आयुर्वेद जनरल फिजिशियन
नाड़ी परीक्षा, पंचकर्म अग्नि कर्म और विध कर्म विशेषज्ञ
आयुर्वेद पद्धति द्वारा इलाज होता है
संपर्क करें:+91 9611235549
उपलब्ध उपचार : हड्डी रोग, त्वचा रोग, जीवनशैली विकार, स्त्री रोग, पेट का रोग, मूत्र सम्बन्धी समस्या, नसों के रोग

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited
प्रशिक्षण क्षेत्र
Seat Limited
1. FASHION DESIGNER:इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज।
2. MULIT SKILL TECHNICIAN :इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With AI Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management।
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre:
Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावें वाली मईया !!
आपका कार्य सफल होना चाहिए चावल के द्वारा दक्षिणा अपने अनुसार दे।
रावण संहिता ज्ञाता सरल व सटीक उपायों द्वारा हर समस्या के समाधान के लिए सम्पर्क करें।
पं. शम्भुनाथ उपाध्याय
स्वर्ण पदक प्राप्त, ज्योतिष शिरोमणि एवं ज्योतिष महर्षि पद से सम्मानित्त
मिलने का दिन एवं समय
सोमवार से शानिवार समयः सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे एवं 03:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक
रविवार समयः सुबह 07:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक
Indrajit Bhawan, Opposite Pahari Mandir Bano Manzil Road, Ranchi & 834001
9431585446, 7903633179

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**